जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The Unsung Queen

The tales of Abbakka's bravery live on in folklore and performing arts. Read on to know more about one of India's first female freedom fighters

The Western Sanskrit Studies

Charles Wilkins, a clerk at the East India Company, first learnt Bengali language, then Persian and then tried to master Sanskrit

## 'संसद का तीन दिन का विशेष सत्र, एक "चुनावी सत्र" है'

### कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा इस तीन दिवसीय सत्र में महिला आरक्षण विधेयक व लोकसभा की सीटों के परिसीमन के आड़ में सीटों की संख्या बढ़ाने का विधेयक "बुलडोज़" करना चाहती है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **कांग्रेस की पुरानी "थ्योरी" है कि परिसीमन बड़ा संवेदनशील मुद्दा है और इससे दक्षिण भारत के राज्यों, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक का भारी राजनीतिक नुकसान होगा।**
- **कांग्रेस का यह भी आरोप है कि संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजीजू, दो-तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को पत्र लिखकर प्रस्तावित कर चुके हैं कि सरकार कांग्रेस से विशेष सत्र के बारे में विचार करना चाहती है, पर, हर बार खड़गे, एक ही जवाब दे रहे हैं कि अलग से कांग्रेस से बातचीत करने के बजाए एक सर्वदलीय बैठक आहूत करें, जिसमें पूरे विपक्ष को इन मुद्दों पर अपनी-अपनी सोच सामने रखने का मौका मिले।**

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। कांग्रेस ने आज कहा कि 16, 17 और 18 अप्रैल को होने वाला संसद का विशेष सत्र आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। पार्टी ने कहा कि इसका उद्देश्य इस महीने के अंत में होने वाले पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के नतीजों को प्रभावित करना है।

कांग्रेस ने संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित संविधान संशोधन में किसी भी जल्दबाजी के प्रति चेतावनी दी और कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है और सरकार को इसे सावधानी से संभालना चाहिए। जल्दबाजी में किया गया संशोधन तमिलनाडु और केरल जैसे कई राज्यों को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा सकता है।

पार्टी महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखा, जिसमें कहा गया कि सरकार महिलाओं के आरक्षण विधेयक से संबंधित संशोधनों पर कांग्रेस के साथ चर्चा करना चाहती है।

जयराम रमेश ने कहा कि खड़गे ने रिजिजू को जवाब दिया और सुझाव दिया कि अलग-अलग पार्टियों से मिलने के बजाय सरकार 29 अप्रैल के बाद सभी पार्टियों की बैठक बुलाए, जब पांच राज्यों में चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाए। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को सभी विपक्षी दलों ने सरकार से इसी तरह की बैठक 29 अप्रैल के बाद बुलाने का अनुरोध किया था, क्योंकि तब तक अधिकांश पार्टियां विधानसभा चुनाव प्रचार में व्यस्त होंगी।

रमेश ने बताया कि रिजिजू ने 26 मार्च को फिर से खड़गे को लिखा और कहा कि सरकार प्रस्तावित संविधान संशोधन को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस के साथ चर्चा करना चाहती है। खड़गे ने पुनः जवाब दिया और कहा कि सरकार को अलग बैठक करने के बजाय सभी दलों की बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इसके बावजूद सरकार ने मनमाने तरीके से 16, 17 और 18 अप्रैल को विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया, जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार चरम पर होगा।

उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक को 2023 में पास किया गया था और उस समय कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे 2024 के लोकसभा चुनाव से लागू करने की मांग की थी। रमेश ने कहा, "जैसे डबल इंजन सरकार के दावे हैं, भाजपा अब महिलाओं के आरक्षण से दोगुना लाभ लेना चाहती है।"

जयराम रमेश ने कहा कि सरकार लगभग 30 महीने बाद जागी है और 2029 के लोकसभा चुनाव से महिलाओं के आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी इसका स्वागत करती है, लेकिन सरकार 15 दिन और इंतजार कर विपक्षी दलों से परामर्श कर सकती थी और उसके बाद सत्र बुला सकती थी। उन्होंने सरकार की समयसीमा पर सवाल उठाया, यह कहते हुए कि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## सुप्रीम कोर्ट ने एसआई भर्ती परीक्षा 2025 के आदेश में संशोधन किया

- **अब वर्ष 2024 के केवल उन अभ्यर्थियों को 2025 की परीक्षा में शामिल किया जाएगा, जो सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता हैं।**

जयपुर, 3 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने एसआई, प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 की 5 और 6 अप्रैल को होने वाली परीक्षा में ओवरएज अभ्यर्थियों को शामिल करने के अपने आदेश को संशोधित कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने अभ्यर्थियों के दायरे को सीमित करते हुए, सिर्फ याचिकाकर्ता को ही परीक्षा में शामिल करने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने यह आदेश सूरज मल मीणा की ओर से दायर याचिका में आरपीएससी की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा और परीक्षा तय समय पर ही ली जाएगी। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यह आदेश अदालत नहीं आने वाले अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगा।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने कहा कि भर्ती परीक्षा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## ट्रंप ईरान वॉर से हट गए तो क्या होगा, चिंतित हैं अमेरिका के मित्र राष्ट्र

### ये देश चाहते हैं, पहले होर्मुज़ स्ट्रेट से सुरक्षित और मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाए

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **अमेरिका के मित्र राष्ट्रों व एशिया के कुछ देशों ने इस बारे में एक मीटिंग कर दो मुद्दे तय किए।**
- **पहला मुद्दा है कि अमेरिका पर दबाव डाला जाए कि वह ईरान के साथ सीज़फायर वार्ता में होर्मुज़ से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी बात करे। दूसरा मुद्दा है कि सुरक्षित आवाजाही के लिए सभी उपलब्ध कूटनीतिक विकल्पों का इस्तेमाल किया जाए।**
- **पर, ट्रंप नाटो के अपने सहयोगी देशों से काफी नाराज़ हैं, खासकर, इसलिए क्योंकि ईरान वॉर के दौरान इन देशों ने अमेरिका का सहयोग करने से साफ इन्कार कर दिया है।**

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। अमेरिका के सहयोगी इस संभावना को लेकर चिंतित हैं कि यदि अमेरिका होर्मुज़ स्ट्रेट से मुक्त व्यापारिक आवाजाही सुनिश्चित किए बिना ईरान युद्ध से बाहर निकल गया तो क्या होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बार-बार नाटो देशों की इस बात के लिए आलोचना की है कि वे ईरान के नियंत्रण से जलमार्गों को मुक्त कराने के लिए अपनी सेनाएं तैनात करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने तो यहाँ तक कहा है कि ईरान संघर्ष में अमेरिका के लक्ष्य लगभग पूरे हो चुके हैं।

गुरुवार को 40 यूरोपीय, एशियाई और मध्य-पूर्वी देशों के अधिकारियों के साथ-साथ कैनडा, ऑस्ट्रेलिया और जापान के प्रतिनिधियों ने एक वर्चुअल बैठक की। इस बैठक के दो उद्देश्य थे: पहला, अमेरिका पर दबाव बनाना कि वह ईरान के साथ युद्धिवराम वार्ता में होर्मुज़ का समाधान शामिल करे। दूसरा, उपलब्ध विकल्पों पर चर्चा करना, क्योंकि ट्रंप के सहयोग की संभावना कम मानी जा रही थी। इस बैठक में अमेरिका शामिल नहीं था, क्योंकि ट्रंप पहले ही यह कह चुके थे कि "जलमार्गों की सुरक्षा करना अमेरिका का काम नहीं है।" उन्होंने हाल ही में सहयोगियों से कहा था, "जाकर अपना खुद का तेल लाओ।"

इस वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता ब्रिटेन की विदेश सचिव इवेट कूपर ने की। इसका उद्देश्य था, "सभी संभावित कूटनीतिक और राजनीतिक उपायों का आकलन करना, ताकि नौवहन की स्वतंत्रता बहाल की जा सके, फंसे हुए जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, और आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही फिर से शुरू हो सके।"

गठबंधन देशों के सैन्य योजनाकारों ने यह भी तय किया है कि वे अगले सप्ताह बैठक करेंगे, जिसमें यह चर्चा होगी कि लड़ाई समाप्त होने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'नेशनल और स्टेट हाईवे सहित जयपुर को जोड़ने वाले मार्गों से अतिक्रमण हटाएं'

### राजस्थान हाईकोर्ट ने यह आदेश देते हुए कहा कि "जहां जेडीए अधिनियम की धारा 72 के नोटिस जारी किए गए हैं, उन मामलों में कोई भी सिविल न्यायालय या जेडीए ट्रिब्यूनल हस्तक्षेप नहीं करेगा"

-यादवेन्द्र शर्मा-

- **हाईकोर्ट ने यह आदेश सिरसी रोड से अतिक्रमण हटाने के मुद्दे पर विजय कुमार की ओर से दायर अवमानना याचिका पर संज्ञान लेते हुए दिए।**
- **उधर जेडीए प्रशासन ने सिरसी रोड पर खातीपुरा तिराहे से झाड़खंड मोड़ तक अतिक्रमण हटाने को लेकर 6 सप्ताह का समय हाईकोर्ट से मांगा है।**

जयपुर, 3 अप्रेल। राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर डवलपमैंट अथॉरिटी (जेडीए) की अतिक्रमण विंग को आदेश दिए हैं कि वह नेशनल और स्टेट हाईवे पर हुए अतिक्रमणों का पता लगाने के लिए कदम उठाए, साथ ही जयपुर शहर को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों व आसपास की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। कार्यवाहक न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश सिरसी रोड से अतिक्रमण हटाने के मुद्दे को लेकर विजय कुमार की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यह मुद्दा हाईकोर्ट ने अपने संज्ञान में ले लिया है। ऐसे में जिन मामलों में जेडीए ने मास्टर प्लान में आने वाली भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए जेडीए अधिनियम की धारा 72 के नोटिस जारी किए हैं, उन मामलों में कोई भी सिविल न्यायालय या जेडीए ट्रिब्यूनल हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इसके साथ ही, अदालत ने जेडीए को कहा कि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## दिल्ली समेत उत्तर भारत में भूकंप के झटके

- **भूकंप का केन्द्र अफगानिस्तान का हिंदूकुश था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 नापी गई।**

नई दिल्ली, 03 अप्रैल। दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र अफगानिस्तान का हिंदूकुश था। अफगान-ताजिकिस्तान बॉर्डर पर भी 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केन्द्र जमीन की सतह से 150 किलोमीटर अंदर था। भूकंप के झटके चार देशों- भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान में महसूस किए गए।

किसी तरह के जान-माल के नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल में रात 9:46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। घबराए लोग घरों से बाहर आ गए।

## अमेरिका का एक और लड़ाकू विमान एफ-15 मार गिराया ईरान ने

### इस विमान में दो पायलट होते हैं, पायलट को ढूंढने के लिए अमेरिका ने भारी "सर्च और रेस्क्यु" ऑपरेशन शुरु किया

-अंजन रॉय--
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **इस विमान को मार गिराने से अमेरिका व इज़रायल के लिए भारी अटपटी स्थिति पैदा की है, क्योंकि जिस स्थान पर ईरान ने इस विमान को मार गिराया है, उस स्थान को अमेरिका व इज़रायल दोनों पूर्णतया अपना आधिपत्य में होने का दावा करते रहे हैं।**
- **दूसरी ओर ईरान ने घोषणा की है कि वह अमेरिका के "मित्र देश" कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन आदि के इन्फ्रास्ट्रक्चर लिंक्स जैसे महत्वपूर्ण सड़क व पुल को अपना टारगैट बनायेगा, बमबारी के लिए।**
- **इससे काफी दहशत फैली है, खाड़ी देशों में और लड़ाई सिमटने के बजाय और व्यापक होती जा रही है।**

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। अमेरिका को एक नया झटका देते हुए ईरान ने दावा किया है कि उसने अपने हवाई क्षेत्र में एक-15 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। विमान के पायलट की तलाश के लिए खोज अभियान शुरू किया गया है।

अमेरिका और इज़रायल के अधिकारियों ने हाल ही में विमान के नुकसान की पुष्टि की है। अमेरिकी एजेंसियां कथित तौर पर पायलट और चालक दल की तलाश के लिए व्यापक खोज अभियान चला रही हैं।

यह अमेरिका के लिए एक और झटका है, क्योंकि वह ईरानी हवाई क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण का दावा करता रहा है, जिसमें ईरान की एंटी-एयरक्राफ्ट क्षमताओं की निगरानी भी शामिल है। अमेरिकी विमानों को आमतौर पर अपने मोबाइल ट्रैकिंग सिस्टम से अत्यंत सटीक जानकारी और रक्षात्मक खुफिया सहायता मिलती है, जिससे वे दुश्मन के हमलों से बच सकें।

एफ-15 विमान में दो पायलट होते हैं, इसलिए गिराए गए विमान में भी दो पायलट सवार थे। अमेरिका ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया है और कई विमान पहले से ही उड़ान भर रहे हैं। बचाव दल में आमतौर पर फिक्स्ड-विंग विमान और हेलीकॉप्टर, दोनों शामिल होते हैं।

कुछ ईरानी समाचार एजेंसियों ने दावा किया है कि उन्होंने बचाव अभियान के हिस्से के रूप में अमेरिका के बड़े हेलीकॉप्टरों को देखा है। हालांकि बताया जा रहा है कि ईरानी हमले के बाद इन टीमों को पीछे हटना पड़ा।

अमेरिकी पायलटों को ऐसी परिस्थितियों के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें बच निकलना और गिरफ्तारी से बचाव शामिल है। इसके अलावा, उनके पास ऐसे सिग्नलिंग उपकरण होते हैं, जो उनकी लोकेशन अमेरिकी बलों को बता सकते हैं। हालांकि ये बचाव अभियान स्वयं बचाव दल और उनके विमानों के लिए भी खतरनाक हो सकते हैं।

ईरान ने अब तक पायलट और चालक दल के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है, सिवाय इसके कि उनके बारे में जानकारी देने पर भारी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## माल्दा में जजों के घेराव की जाँच एनआईए करेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **चुनाव आयोग ने 2 अप्रेल को इस संबंध में एनआईए को चिट्ठी लिखी है।**

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद, निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जाँच एनआईए (राष्ट्रीय जाँच एजेंसी) को सौंप दी।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल को "सबसे अधिक ध्रुवीकृत राज्य" बताते हुए राज्य प्रशासन की कड़ी आलोचना की, जब मालदा जिले में सात न्यायिक अधिकारियों, जो एसआईआर कार्य में लगे थे, प्रदर्शनकारियों द्वारा बंधक बनाए गए। कोर्ट ने सीबीआई या एनआईए द्वारा इस घटना की जाँच कराये जाने के निर्देश दिये। 2 अप्रैल को लिखे एक पत्र में निर्वाचन आयोग ने एनआईए को सुप्रीम

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## प.बंगाल में भाजपा को यह साबित करना भारी पड़ रहा है कि वह मछली विरोधी नहीं है

### तृणमूल ने चुनाव प्रचार को भ्रष्टाचार, रोजगार व सत्ता विरोध से हटाकर "मछली खाने" के मुद्दे पर केन्द्रित करने में सफलता प्राप्त कर ली है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **ममता बनर्जी अपनी रैलियों में जोर शोर से दावे कर रही हैं कि भाजपा बाहरी पार्टी है, यह बंगाल में मछली, मीट व अंडे पर रोक लगा देगी, उन्होंने नारा दिया है "माछे भाते बंगाली" अर्थात बंगाली की पहचान मछली, चावल खाने से होती है।**
- **तृणमूल के सोशल मीडिया एकाउंट्स पर भी मछली के व्यंजनों की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं। यही नहीं शाह ने जब बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए 15 दिन रूकने की बात कही तो उनसे मछली के व्यंजनों का तुल्फ उठाने का आग्रह भी किया गया।**
- **भाजपा एड़ी चोटी का जोर लगा रही है, तृणमूल को मात देने के लिए। पार्टी ने सफाई दी है कि वह मछली आदि के सेवन पर रोक नहीं लगाएगी। उन्होंने तृणमूल पर चुनाव प्रचार को भटकाने और खाने के मैनु कार्ड तक लाने का आरोप लगाया।**

नई दिल्ली, 3 अप्रेल। पश्चिम बंगाल के चुनावी जल में मछली अब सिर्फ थाली तक सीमित नहीं रही; यह राजनीति का केन्द्र बन गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) बंगाली गौरव को पकड़ने की कोशिश कर रही है, जबकि भाजपा इस बात से बचने के लिए संघर्ष कर रही है कि वह 'माछे भाते बंगाली' कहावत के गलत साइड पर न आ जाए।

विशालकाय मछली 'कतला' से लेकर 'इलीश', पाबदा और चिंगरी को राजनीतिक भाषणों में प्रमुख स्थान मिल रहा है, और मछली पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में एक अप्रत्याशित, लेकिन प्रभावशाली प्रतीक बन गई है। भोजन की आदतें अब पहचान, संस्कृति और "असली" बंगाली का प्रतिनिधित्व करने वाले मुद्दों पर तीव्र संघर्ष में बदल गई हैं।

पुरानी बंगाली कहावत 'माछे भाते बंगाली', जिसका अर्थ है कि एक बंगाली की पहचान मछली और चावल के सेवन से होती है, इस चुनाव में विभिन्न दलों के लिए असली (डि फ़ैक्टो) नारा बन गई है।

टीएमसी ने इस भावना का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है, यह तर्क देते हुए कि भाजपा, जिसे टीएमसी हिंदी भाषियों और उत्तर भारत की शाकाहार को प्रोत्साहित करने वाली राजनीति से जोड़ती है, पश्चिम बंगाल के लिए सांस्कृतिक रूप से परायी तथा विदेशी है और यदि वह सत्ता में आती है, तो मछली, मांस और अंडे पर प्रतिबंध लगा सकती है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक रैली में इस हमले को तेज करते हुए कहा, "वे आपको मछली नहीं खाने देंगे। आप मीट नहीं खा सकते, अंडे नहीं खा सकते, बंगाली में बात नहीं कर सकते। अगर आप करेंगे, तो वे आपको बांग्लादेशी कहेंगे।" इस तरह से बनर्जी ने भोजन, भाषा और बंगाली पहचान को एक राजनीतिक मुद्दे से जोड़ा।

इस आरोप से टीएमसी अपने अभियान को भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और सत्ता विरोध से हटाकर, उस क्षेत्र में ले गई है, जहाँ वह अधिक सहज महसूस करती है, यानी "बंगाली उपराष्ट्रीयता।" मछली अब केवल भोजन नहीं, बल्कि बंगाली गौरव का प्रतीक बन गई है।

पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल्स ने उस समय इलीश भापा, पाबदा झाल, चिंगरी मलाई करी और कोषा मंगशो जैसे व्यंजनों की तस्वीरें पोस्ट कीं, जब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की कि वे पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए 15 दिन बिताएंगे।

टीएमसी के एक पोस्ट में शाह पर कटाक्ष करते हुए कहा, "पश्चिम बंगाल

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## मालदा कांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

- **पुलिस ने बताया कि आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को एनआईए को सौंप दिया गया है।**

कोलकाता, 03 अप्रैल। पश्चिम बंगाल की मालदा हिंसा में बड़ा अपडेट सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान और पूरा मामला एनआईए को रेफर होने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। मालदा घटना पर उत्तरी बंगाल के एडीजी के. जयरामन के अनुसार अब तक 35 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस हिंसा में 19 मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि हिंसा भड़काने वाले मुख्य आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को अरेस्ट किया गया है। वह अभी बागडोगरा में हिरासत रखा गया है। एडीजी के. जयरामन ने बताया कि उसे यहां लाया जा रहा है। आगे एनआईए इस मामले की जांच अपने हाथ में लेगी।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

निरन्तर बदलने की इच्छा रखना एक ताकत होती है, चाहे इसकी वजह से कंपनी का एक बड़ा हिस्सा कुछ देर के लिए पूरी तरह से अव्यवस्थित क्यों ना हो जाए। –जैक वेल्च

# नकली उत्पाद उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, नकली वस्तुओं का व्यापार विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 500 अरब डॉलर से अधिक का राजस्व उत्पन्न करता है। यह समस्या केवल वित्तीय पहलू तक ही सीमित नहीं है। नकली उत्पाद उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकते हैं। मिलावटी दवाएं, विषैले पदार्थों से युक्त सौंदर्य प्रसाधन, सुरक्षा प्रमाणन के बिना इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और घटिया गुणवत्ता वाले वाहन पुर्जे कुछ ऐसे उदाहरण हैं जो वास्तविक खतरों को दर्शाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विलासिता के सामान का बाज़ार लगातार परिष्कृत नकली उत्पादों से जूझ रहा है। लुईविटन, गुच्ची, नाइकी और एप्पल जैसे ब्रांड इसके प्रमुख निशाने पर हैं और बाज़ार में लगातार अधिक विश्वसनीय नकली उत्पाद पहुँच रहे हैं। दवा क्षेत्र को भी भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि नकली दवाओं में सक्रिय तत्व की कमी हो सकती है या उनमें हानिकारक पदार्थ मौजूद हो सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। नकली चार्जर, हेडफोन, स्मार्टवॉच और तकनीकी सहायक उपकरण न केवल कम टिकाऊ होते हैं, बल्कि पर्याप्त सुरक्षा मानकों के अभाव के कारण आग और बिजली के झटके जैसी दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं।

देशभर में प्रतिदिन नकली और घटिया उत्पादों का न केवल भंडाफोड़ हो रहा है अपितु आये दिन लाखों करोड़ों का नकली सामान बरामद हो रहा है। लोगों की धरपकड़ भी लगातार हो रही है मगर इस नकली उत्पादों का आज तक प्रभावी रोक नहीं लग पायी है। बाजार में नकली उत्पादों की बिक्री से स्थानीय उत्पादकों के कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार नकली सामान देश के उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं. इससे लाखों वैध रोजगार खत्म होने का खतरा है।विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। उद्योग मंडल ने कहा कि उद्योग को केवल सात क्षेत्र वाहन कल–पुर्जे,अल्कोहल युक्त पेय पदार्थ, कंप्यूटर हार्डवेयर, रोजमर्रा के उपयोग के डिब्बाबंद तथा व्यक्तिगत उपयोग वाले सामान, सिगरेट तथा मोबाइल फोन से जुड़े उद्योग को भारी नुकसान होने का अनुमान है।

**मिलावटी या नकली खाने-पीने की चीजें, जीवन रक्षक दवाएं, कृषि उत्पाद, कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स और फूडसप्लिमेंट बेच कर जिंदगी से खेला जा रहा है। नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, गैजेट्स और फैशन की चीजों से कंज्यूमर ठगे जा रहे हैं। नकली सामानों की घुसपैठ और तस्करी पर रोक ना लगने से देश की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। केवल पांच प्रमुख सेक्टर्स में ही नकली सामानों और स्मगलिंग की वजह से सरकार को सालाना 8 लाख करोड़ से अधिक का नुकसान हो रहा है।**

नकली सामान की समस्या से इस समय पूरी दुनिया जूझ रही है। एक अनुमान के मुताबिक, वैश्विक बाजार में नकली सामान की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत तक है। भारत में हालात ज्यादा चिंताजनक है। देश में नकली उत्पादों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है, यहां 30 प्रतिशत तक नकली माल बाजार में मिलता है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्सकी एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में नकली उत्पादों का मार्केट बहुत तेजी के साथ अपने पैर पसार रहा है। देश के 9 प्रमुख शहरों में किये गए एक सर्वे के अनुसार 2025 में 35 प्रतिशत शहरी उपभोक्ताओं ने नकली उत्पाद खरीदने की बात स्वीकारी है। इसके अलावा 89 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने अपने जीवन में कम से कम एक बार नकली उत्पादों के शिकार जरूर हुए है। कपडे का बाजार नकली उत्पादों का प्रमुख बाजार है। दवाओं के मामले में भी चिंताजक स्थिति है। नकली सामानों से घिरी इस दुनिया में, धोखाधड़ी से खुद को बचाना बेहद ज़रूरी हो जाता है। ऑनलाइन खरीदारी के प्रति सतर्क रवैया अपना कर, उपभोक्ता जालसाज़ों से होने वाले खतरों को कम कर सकते हैं। विक्रेताओं पर शोध करना, उत्पाद समीक्षाओं की बारीकी से जाँच करना और प्रामाणिकता की पुष्टि करना जैसी सरल रणनीतियाँ नकली सामानों की बाढ़ के खिलाफ़ सुरक्षा कवच का काम करती हैं।

नकली सामान केवल लग्जरी प्रोडक्ट्स तक सीमित नहीं है। घर की रसोई में रोजाना इस्तेमाल होने वाले जीरे से लेकर खाना पकाने के तेल और बच्चों की देखभाल के सामान से लेकर दवाओं तक नकली सामानों की घुसपैठ लगातार बढ़ती जा रही है। खाने–पीने की चीजें, पर्सनल केयर प्रोडक्ट हाउसहोल्ड केयर प्रोडक्ट, हेल्थ केयर ओवर द काउंटर प्रोडक्ट और स्टेशनरी आदि अपैरल यानी फैशन के कपड़ों और एग्रीकल्चरल यानी बीज और खाद में सबसे ज्यादा नकली माल बाजार में मिलता है। फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल्स और कंस्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे एरिया में नकली सामान का बाजार 20 से 25 प्रतिशत तक है। नकली सामान खुले बाजार बिक रहा है। मिलावटी या नकली खाने–पीने की चीजें, जीवन रक्षक दवाएं, कृषि उत्पाद, कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स और फूडसप्लिमेंट बेच कर जिंदगी से खेला जा रहा है। नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, गैजेट्स और फैशन की चीजों से कंज्यूमर ठगे जा रहे हैं। नकली सामानों की घुसपैठ और तस्करी पर रोक ना लगने से देश की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। केवल पांच प्रमुख सेक्टर्स में ही नकली सामानों और स्मगलिंग की वजह से सरकार को सालाना 8 लाख करोड़ से अधिक का नुकसान हो रहा है।

इन सेक्टर्स मे, टेक्सटाइल एंड अपैरल, अल्कोहल और टोबैको शामिल हैं। नकली सामानों का ये अवैध ट्रेड सबसे ज्यादा सेक्टर को नुकसान पहुंचा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में नकली सामान एक प्रमुख मुद्दा है, जिससे उपभोक्ताओं, व्यवसायों और सरकारों को बहुत ज़्यादा जोखिम का सामना करना पड़ता है। इसमें नकली फ़ैशन उत्पादों से लेकर नकली दवाइयों तक शामिल हो सकते हैं, जो उपभोक्ता की सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकते हैं, ब्रांड के भरोसे को खत्म कर सकते हैं और भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा सकते हैं। वास्तव में, के अनुसार कॉर्सर्च अनुमान वर्ष 3.3 में वैश्विक व्यापार में नकली वस्तुओं की हिस्सेदारी 2023 प्रतिशत होगी और वर्ष 5 तक यह आंकड़ा बढ़कर 2030 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है। यह एक बेहद चिंताजनक प्रवृत्ति है जो समस्या के पैमाने और तीव्र वृद्धि को दर्शाती है।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 4 अप्रैल, 2026



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2083, स्वाती नक्षत्र रात्रि 9:36 तक, हर्षण योग दिन 2:17 तक, गर करण दिन 10:09 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–तुला, मंगल–मीन, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–मेष, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 9:36 तक है। भद्रा रात्रि 11:04 से आरम्भ होगा। आज इस्टर सेटर डे है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:51 से 9:29 तक, चर 12:30 से 2:03 तक, लाभ–अमृत 2:03 से 5:08 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:19, सूर्यास्त 6:41

### मेष



परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### वृष



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन



व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### कर्क



परिवार में सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन/संदेश प्राप्त होंगे।

### कन्या



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

### तुला



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक



घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। समय अनावश्यक खराब होगा। मन में असंतोष और भय बना रहेगा।

### धनु



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मकर



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में सार्थक सफलता मिल सकती है। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन/संदेश प्राप्त होंगे।

### मीन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

# जमीन बेचकर कब तक बंटेगी पेंशन? नीतिगत भेदभाव ने विश्वविद्यालयों को कंगाल किया



डॉ. पी. सी. कंठालिया

राजस्थान जैसे कृषि प्रधान राज्य में यह स्थिति केवल विडंबना नहीं, बल्कि शासन की प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। जिन वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया, वही आज अपने बुढ़ापे में पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राज्य की लगभग 70 प्रतिशत आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है, और कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है।

इसके बावजूद कृषि विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन समस्या वर्षों से उपेक्षित है। पिछले पाँच दशकों में राजस्थान ने कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है। 1960 के दशक में जहाँ गेहूँ का उत्पादन लगभग 20 लाख टन था, वहीं आज यह 120 लाख टन से अधिक हो चुका है। सरसों उत्पादन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है, जबकि धनिया और ग्वार जैसी फसलों में भी राज्य अग्रणी है। इन उपलब्धियों के पीछे कृषि विश्वविद्यालयों की वैज्ञानिक शोध प्रणाली और विस्तार सेवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन आज यही संस्थान अपने ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन देने में असमर्थ दिखाई देते हैं।

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उदयपुर स्थित महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को अपने पेंशन दायित्वों के निर्वहन के लिए अपनी बहुमूल्य अनुसंधान भूमि का एक हिस्सा बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। नगर विकास प्रन्यास को भूमि हस्तांतरित कर लगभग 190 करोड़ रुपये जुटाए गए, लेकिन यह राशि भी स्थायी समाधान साबित नहीं हुई। हर महीने करोड़ों रुपये की पेंशन देनदारी के सामने संसाधन तेजी से समाप्त हो रहे हैं। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर में पेंशनरों की लगभग 22 महीनों की पेंशन बकाया बताई जाती है। महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत के स्थान पर मात्र 12 प्रतिशत दिया जा रहा है, वह भी उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद। स्थिति और भी गंभीर इस कारण है कि राज्य के किसी भी कृषि विश्वविद्यालय में महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत की स्वीकृत दर के अनुसार नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति केवल वित्तीय संकट ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का भी संकेत है। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान में देरी, सातवें वेतनमान के एरियर का लंबित रहना, स्वीकृत दर के अनुसार महंगाई भत्ता न मिलना, 70 एवं 75 वर्ष की आयु पर अतिरिक्त पेंशन का लाभ न मिलना तथा कम्यूटेड पेंशन पर रोक जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। कृषि विश्वविद्यालयों की संरचना ही ऐसी है कि उनके पास आय के सीमित स्त्रोत होते हैं।

पारंपरिक विश्वविद्यालयों की तरह उन्हें परीक्षा शुल्क, संबद्धता शुल्क या बड़े पैमाने पर शिक्षण शुल्क से आय प्राप्त नहीं होती। उदाहरण के लिए, बीकानेर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में लगभग 500 छात्र हैं, जबकि वहाँ 500 से अधिक कर्मचारी और लगभग 1200 पेंशनर हैं। पेंशन पर वार्षिक व्यय लगभग 60 करोड़ रुपये है, जिसे केवल शुल्क आय से वहन करना व्यावहारिक रूप से असंभव है। उदयपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में ही 1300 से अधिक पेंशनर हैं, जिन पर प्रति माह लगभग 6 से 6.5 करोड़ रुपये का व्यय आता है। इस प्रकार वार्षिक पेंशन भार 70 से 75 करोड़ रुपये तक पहुँच जाता है। यदि पूरे राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों को मिलाकर देखा जाए, तो 3000 से अधिक पेंशनरों पर प्रतिवर्ष लगभग 200 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है।

राजस्थान सरकार का 2026–27 का बजट लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये है। इस दृष्टि से कृषि विश्वविद्यालयों के पेंशनरों पर आने वाला 200 करोड़ रुपये का भार कुल बजट का मात्र 0.06 प्रतिशत है। राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों के पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के लिए 28,400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। ऐसे में 200 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था करना कोई असंभव कार्य नहीं है। यह स्पष्ट है कि समस्या संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं के निर्धारण की है।

समस्या की जड़ नीतिगत असमानता और वित्तीय ढांचे की खामियों में निहित है। जहाँ अन्य सरकारी निकायों के कर्मचारियों की पेंशन की जिम्मेदारी राज्य सरकार ने अपने ऊपर ले ली, वहीं विश्वविद्यालय कर्मचारियों को उनके सीमित पेंशन फंड के भरोसे छोड़ दिया गया, जो 2010 के आसपास लगभग समाप्त हो चुका था। अन्य राज्यों–जैसे गुजरात, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश–में विश्वविद्यालय कर्मचारियों की पेंशन का भुगतान राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से किया जाता है। इसके विपरीत राजस्थान में यह जिम्मेदारी संस्थानों पर डाल दी गई है, जिनकी वित्तीय क्षमता अत्यंत सीमित है। यह अंतर स्पष्ट करता है कि समाधान संभव है, यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो।

पेंशन कोई अनुग्रह नहीं, बल्कि कर्मचारियों का अर्जित अधिकार है। यह उनके 30–35 वर्षों की सेवा और योगदान का प्रतिफल है। जिन्होंने अपना पूरा जीवन कृषि उन्नित और शिक्षा के लिए समर्पित किया, उन्हें जीवन के अंतिम चरण में आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, यह न केवल अन्याय है बल्कि समाज की संवेदनशीलता पर भी प्रश्नचिह्न है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकार इस मुद्दे को केवल वित्तीय बोझ के रूप में न देखकर सामाजिक और नैतिक दायित्व के रूप में देखे। विश्वविद्यालय कर्मचारियों की पेंशन व्यवस्था को राज्य कोष से सुनिश्चित किया जाए तथा 'विश्वविद्यालय पेंशन नियम, 1990' में आवश्यक संशोधन कर इसे अन्य सरकारी कर्मचारियों के समान बनाया जाए। किसी भी संस्थान की साख उसकी इमारतों या बजट से नहीं, बल्कि उन लोगों के सम्मान से बनती है जिन्होंने उसे खड़ा किया। यदि वही लोग अपने जीवन के अंतिम चरण में उपेक्षा का शिकार हों, तो यह केवल संस्थान की नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिक पराजय है।

अंततः यह प्रश्न केवल पेंशन का नहीं, बल्कि उस दृष्टिकोण का है जिससे हम अपने ज्ञान निर्माताओं और कृषि विकास के आधार स्तंभों को देखते हैं। राज्य सरकार को निर्णय लेना होगा कि वह अपने वैज्ञानिकों को असुरक्षा में छोड़ना चाहती है या उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा कर एक जिम्मेदार शासन का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहती है।

**–डॉ. पी. सी. कंठालिया,**
**पूर्व प्रोफेसर एवं उपाध्यक्ष**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि. पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी, उदयपुर**

# शिक्षा या सौदा? बाजारीकरण और लुप्त होती गुरु-शिष्य परम्परा



प्रोफेसर अशोक कुमार

नारायण मूर्ति ने एक बार कहा था कि "संस्थाएं ईंट और गारे से नहीं, बल्कि वहां के मूल्यों से बनती हैं।" लेकिन आज के आधुनिक भारत में, महानगरीय शहरों के वातानुकूलित क्लासरूम में, ये मूल्य धीरे–धीरे फीस की रसीदों के नीचे दबते जा रहे हैं। जब एक शिक्षक कक्षा में प्रवेश करता है, तो उसके सामने बैठे छात्र अब जिज्ञासु शिष्य कम और जागरूक ग्राहक अधिक नज़र आते हैं। यह बदलाव रातों–रात नहीं आया, बल्कि इसके पीछे सामाजिक ताने–बाने का वह बिखराव है जहाँ गुरु को एक सर्विस प्रदाता और शिक्षा को एक खरीदे जा सकने वाले उत्पाद के रूप में देखा जाने लगा है।

जब एक अभिभावक शिक्षक यह कहता है कि "मेरे बच्चे की फीस से आपका घर चलता है," तो वह केवल एक शिक्षक का अपमान नहीं करता, बल्कि वह अपने ही बच्चे के भविष्य से उस नैतिक अधिकार को छीन लेता है जो उसे एक बेहतर इंसान बना सकता था। शिक्षा का बाजारीकरण और छात्रों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला ह्युमिलिएशन (अपमान) का कार्ड आज के शिक्षकों को एक ऐसे रक्षात्मक मोड में ले आया है, जहाँ वे सिखाने से ज्यादा खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

यह केवल एक शिक्षक की पीड़ा नहीं है, बल्कि उस मनोवैज्ञानिक और सामाजिक संकट का आईना है, जिसे यदि आज नहीं सुधारा गया, तो हम डिग्री धारक रोबोट्स तो पैदा कर लेंगे, लेकिन चरित्रवान नागरिक खो देंगे।

यह विषय आज के शैक्षिणक परिदृश्य की एक ऐसी दुखती रग है, जिस पर चर्चा करना अनिवार्य हो गया है। नोएडा के उस शिक्षक का अनुभव केवल एक व्यक्ति की व्यथा नहीं, बल्कि आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के नैतिक पतन का संकेत है। जब शिक्षा को ज्ञान के बजाय उत्पाद और छात्र को शिष्य के बजाय ग्राहक मान लिया जाता है, तो गुरु–शिष्य परंपरा की नींव हिलने लगती है। आइए, इस जटिल सामाजिक और मनोवैज्ञानिक ताने–बाने को विस्तार से समझते हैं। अभिभावकों का यह तर्क कि "शिक्षकों को वेतन हमारे बच्चों की फीस से मिलता है," शिक्षा के मंदिर को एक व्यावसायिक शोरूम में बदल देता है। यह सोच न केवल संकुचित है, बल्कि घातक भी है।

**1. उपभोक्तावादी मानसिकता**

जब अभिभावक शिक्षा को एक खरीदी गई सेवा मानते हैं, तो वे अनजाने में अपने बच्चे को यह सिखा रहे होते हैं कि पैसा सम्मान से ऊपर है। यदि बच्चा घर पर यह सुनता है कि "हम शिक्षक को पैसे देते हैं," तो वह कक्षा में शिक्षक को एक मार्गदर्शक के रूप में नहीं, बल्कि एक कर्मचारी के रूप में देखता है। मनोविज्ञान कहता है कि बच्चा उस व्यक्ति से कभी नहीं सीख सकता जिसका वह सम्मान नहीं करता।

**2. सुरक्षात्मक अतिशयोक्ति**

आज के दौर में हेलीकॉप्टर पैरेंटिंग का चलन बढ़ा है। अभिभावक अपने बच्चे की हर गलती का बचाव करते हैं। जब शिक्षक बच्चे को सुधारने के लिए टोकता है, तो अभिभावक इसे बच्चे का अपमान समझकर स्कूल पहुँच जाते हैं। इससे बच्चे के मन में यह धारणा बैठ जाती है कि वह अजेय है और कोई उसे उसकी गलती का अहसास नहीं करा सकता। अक्सर छात्र यह शिकायत करते हैं कि सवाल पूछने पर या गलती करने पर उन्हें ह्युमिलिएट (अपमानित) किया गया। यहाँ हमें बारीक अंतर समझने की जरूरत है।

अनुशासन बनाम अपमान: एक शिक्षक का काम केवल तथ्य पढ़ाना नहीं, बल्कि व्यवहार सुधारना भी है। यदि सुधार की प्रक्रिया को छात्र अपमान का नाम देने लगें, तो शिक्षक सुरक्षित खेलने लगता है। वह पढ़ाकर निकल जाता है, छात्र के चरित्र निर्माण से खुद को अलग कर लेता है।

सहनशीलता में कमी: आधुनिक मनोवैज्ञानिक परिवेश में छात्रों की इमोशनल रेजिलिएंस (भावनात्मक लचीलापन) कम हुई है। वे हल्की सी आलोचना भी सहन नहीं कर पाते। इसे स्नोफ्लेक जनरेशन का प्रभाव भी कहा जाता है, जहाँ बच्चा खुद को बहुत नाजुक समझने लगता है।

आज का शिक्षक एक ऐसी दोधारी तलवार पर चल रहा है जहाँ एक तरफ उसे पाठ्यक्रम पूरा करना है और दूसरी तरफ अपनी नौकरी और प्रतिष्ठा बचानी है। ऐसे में शिक्षक क्या करे?

**1. सत्ता से नहीं, व्यक्तित्व से प्रभाव**

अब वह समय चला गया जब शिक्षक डंडे के जोर पर सम्मान पाते थे। आज के शिक्षक को इमोशनल इंटेलिजेंस (इआइ) का सहारा लेना होगा। उसे छात्र के साथ एक कनेक्ट स्थापित करना होगा। जब छात्र को लगता है कि शिक्षक वास्तव में उसका भला चाहता है, तो वह टोकने पर बुरा नहीं मानता।

**2. स्पष्ट संवाद की नीति**

शिक्षक को कक्षा के नियम पहले दिन ही स्पष्ट कर देने चाहिए। अनुशासन को सजा के रूप में नहीं, बल्कि सीखने के माहौल के रूप में पेश करना चाहिए। सवाल पूछने पर यदि बच्चा झिझकता है, तो शिक्षक को एक सुरक्षित वातावरण बनाना होगा जहाँ गलत जवाब पर कोई हंसे नहीं। शिक्षा केवल स्कूल की जिम्मेदारी नहीं है। एक बच्चे का व्यक्तित्व त्रिकोणीय सहयोग पर टिका है: शिक्षक, छात्र और अभिभावक। अभिभावक का दायित्व प्रभाव, शिक्षक का सम्मान करना, बच्चा घर के माहौल से ही दूसरों का आदर करना सीखता है। गलती को स्वीकारना। बच्चे को सिखाएं कि गलती करना बुरा नहीं है, उसे सुधारना जरूरी है। स्कूल को पार्टनर मानना। स्कूल को सर्विस प्रोवाइडर के बजाय पार्टनर समझें। फीस और सम्मान को अलग रखना। पैसा शिक्षा की सुविधा के लिए है, गुरु की गरिमा खरीदने के लिए नहीं।

आज के इस संक्रमण काल में हमें एक नए सोशल कॉन्ट्रैक्ट की जरूरत है: स्कूल प्रशासन की भूमिका: मैनेजमेंट को केवल बिजनेस नहीं देखना चाहिए। यदि शिक्षक सही है, तो प्रशासन को उसके पीछे चट्टान की तरह खड़ा होना चाहिए। जब छात्र देखता है कि स्कूल मैनेजमेंट शिक्षक के साथ है, तो उसकी उच्छृंखलता कम होती है।

काउंसलिंग सत्र: हर स्कूल में न केवल छात्रों के लिए, बल्कि अभिभावकों के लिए भी कार्यशालाएं होनी चाहिए, जहाँ उन्हें बताया जाए कि "अत्यधिक सुरक्षा उनके बच्चे के भविष्य को अपंग बना रही है।"

शिक्षक का सशक्तिकरण: शिक्षकों को आधुनिक तकनीक और कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट (विवाद प्रबंधन) की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए ताकि वे आक्रामक छात्रों या अभिभावकों को शालीनता और दृढ़ता से संभाल सकें।

**निष्कर्ष: आगे का रास्ता**

शिक्षा कोई वस्तु नहीं है जिसे बाजार से खरीदा जा सके। यह एक संस्कार है जिसे केवल विनम्रता से ग्रहण किया जा सकता है। यदि अभिभावक अपनी फीस के अहंकार में शिक्षक को छोटा समझेंगे, तो अंततः नुकसान उनके बच्चे का ही होगा, क्योंकि वह एक डिग्री तो पा लेगा, लेकिन संस्कार और चरित्र से शून्य रह जाएगा। शिक्षक को अपनी गरिमा वापस पाने के लिए खुद को बदलना होगा, और समाज को अपनी मानसिकता। गुरु का स्थान पत्थर की लकीर न सही, लेकिन मार्गदर्शक की मशाल तो जरूर होना चाहिए।

"जिस समाज में शिक्षक भयभीत है और छात्र अनुशासनहीन, उस समाज का पतन निश्चित है। सुधार की शुरुआत घर के ड्राइंग रूम से होनी चाहिए, जहाँ शिक्षक के बारे में होने वाली चर्चा सम्मानजनक हो।"

**–प्रोफेसर अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# हाईकोर्ट ने तलाकशुदा पत्नी को मिलने वाला गुजारा भत्ता 25 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रु. किया

## राजस्थान हाईकोर्ट ने माना कि पत्नी 16 साल से अकेले ही बच्चों का पालन-पोषण कर रही है, महिला के पास न आय है, न अपना घर है

जोधपुर, (कासं)। हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने तलाकशुदा पत्नी को मिलने वाले स्थायी गुजारा भत्ते को 25 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपए कर दिया है। जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने माना कि पत्नी 16 सालों से अकेले बच्चों का पालन–पोषण कर रही है। महिला के पास न आय है, न अपना घर है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब पति एक सरकारी डॉक्टर है, तो फैमिली कोर्ट का 25 लाख रुपए का पुराना फैसला न्यायोचित नहीं था। कोर्ट ने कहा कि गुजारा भत्ता अमीरी का जरिया नहीं है, बल्कि सम्मान का अधिकार है।

यह मामला जोधपुर निवासी शोभा कंवर और डॉ. नरपतसिंह के बीच चल रहे विवाद का है। दोनों की शादी 23 अप्रैल 1994 को मारवाड़ जंक्शन में हिंदू रीति–रिवाज से हुई थी। इनके 2 बेटे हैं। पत्नी ने 2 मार्च 2015 को फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की थी। पत्नी का आरोप है कि 2004 में पति और उसके परिवार पर पिता का मकान और जमीन बेचकर पैसे लाने का दबाव बनाया। इनकार करने पर 1 मई 2009 को पीटा गया और बच्चों सहित घर से निकाल दिया गया। इस मामले में दहेज प्रताड़ना, आपराधिक विश्वासघात, मारपीट और षड्यंत्र के तहत एफआईआर भी दर्ज है। फैमिली कोर्ट, जोधपुर ने तलाक की डिक्री जारी करते हुए पति को पत्नी को 25 लाख रुपए देने का आदेश दिया था और भुगतान होने तक 45 हजार रुपए प्रति माह देने के लिए कहा था। पत्नी ने इस राशि को अपर्याप्त मानते हुए 2 करोड़ रुपये की मांग की, जबकि पति ने इसे अत्यधिक बताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी।

- **कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब पति एक सरकारी डॉक्टर है, तो फैमिली कोर्ट का 25 लाख रुपए का पुराना फैसला न्यायोचित नहीं था, कोर्ट ने कहा कि गुजारा भत्ता अमीरी का जरिया नहीं है, बल्कि सम्मान का अधिकार है**
- **यह मामला जोधपुर निवासी शोभा कंवर और डॉ. नरपतसिंह के बीच चल रहे विवाद का है**

महिला के वकील ने पैरवी करते हुए बताया कि पति ईएनटी विशेषज्ञ और सरकारी अस्पताल पाली में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी हैं। वेतन के अलावा निजी प्रैक्टिस, आरटीओ फिटनेस सर्टिफिकेट और मेडिकल एजेंसी से मिलाकर उनकी 8–10 लाख रुपए मासिक आय है। पत्नी के पास आय का कोई साधन नहीं है। वह 16 साल से बच्चों को अकेले पाल रही है। वहीं, पति की ओर से वकील ने तर्क दिया कि पत्नी बीए, एलएलबी, एलएलएम और पीएचडी योग्यताधारी वकील है। 50 हजार रुपए मंथली कमाती है। पति की बूढ़ी मां बीमार हैं और विकलांग भाई आश्रित है, जबकि दोनों वयस्क पुत्र इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यरत हैं। ऐसे में पति पर ही पूरे परिवार की जिम्मेदारी है।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर खंडपीठ ने माना कि विवाह लगभग 15 साल तक चला और पत्नी 16 वर्षों से बच्चों को अकेले पाल रही है। कोर्ट ने पाया कि पति का वेतन लगभग 2 लाख रुपए मासिक प्रमाणित है। उसके पास स्वअर्जित मकान और पैतृक संपत्ति है। इसके विपरीत, पत्नी के पास कोई स्वतंत्र आवास नहीं है। कोर्ट ने माना कि पत्नी की निजी प्रैक्टिस संबंधी आय के दस्तावेज 2011 से पुराने हैं और उसकी वर्तमान आय साबित नहीं होती है। साथ ही, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पत्नी की दो करोड़ की मांग अत्यधिक और असमर्थित है, क्योंकि गुजारा भत्ता समृद्धि का जरिया नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने का माध्यम है। कोर्ट ने पत्नी की अपील स्वीकार और पति की अपील खारिज करते हुए स्थायी गुजारा भत्ता 25 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपए कर दिया है।

# प्रदेश में डेयरी सेक्टर को मिले विस्तार, सरस को बनाए राष्ट्रीय ब्रांड : भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में डेयरी विकास को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सशक्त धुरी है, जो किसानों एवं दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते है। शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित डेयरी क्षेत्र के विकास को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य है। ऐसे में प्रदेश में डेयरी द्वारा दुग्ध संग्रहण एवं प्रसंस्करण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ लक्ष्य निर्धारित करते हुए औसत दुग्ध संकलन एवं दुग्ध सहकारी समितियों का विस्तार किया जाए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को डेयरी क्षेत्र के विकास को लेकर बैठक ली। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- 'प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर सरस आउटलेट खोलने के हो प्रयास'

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ''मिलावट के विरूद्ध कार्रवाई करें, लापरवाही बरतने वालों पर भी हो सख्त कार्रवाई''

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में 2000 हजार करोड़ रुपये के राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी इंफ्रास्टक्चर डवलपमेंट फंड एवं सरस को राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में स्थापित किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य के बाहर के साथ ही प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों पर सरस आउटलेट खोले जाने की संभावनाएं तलाशी जाए। उन्होंने कहा कि डेयरी उत्पादों की व्यापक ब्रांडिंग भी की जाए। शर्मा ने कहा कि दुग्ध उत्पादों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मिलावट के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए औचक निरीक्षण किए जाए एवं इसमें लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, अत्याधुनिक मिल्क टेस्टिंग मशीन एवं रियल टाईम मॉनिटरिंग सिस्टम का सुदृढ़ीकरण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सहकारिता से समृद्धि के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने से किसानों को मजबूती मिलती है। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त विभागीय योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पारदर्शी एवं सुगम तरीके से दुग्ध उत्पादकों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाया जाए। साथ ही, तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए डेयरी क्षेत्र को और अधिक संगठित एवं प्रतिस्पर्धी बनाया जाए। बैठक में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से आरसीडीएफ के मुनाफे में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में आरसीडीएफ के औसत दुग्ध संकलन से लेकर दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता एवं दुग्ध उत्पादों के विपणन एवं विविधकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# समिति सदस्य को 2 साल से भत्ता क्यों नहीं दिया?

## हाईकोर्ट ने बाल अधिकारिता आयुक्त को अदालत में हाजिर होकर जवाब देने के आदेश दिए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने धौलपुर जिले की बाल कल्याण समिति की सदस्य को बीते दो साल से भत्ते का भुगतान नहीं करने पर 8 अप्रैल को बाल अधिकारिता आयुक्त एवं संयुक्त सचिव को हाजिर होने के आदेश दिए हैं। अदालत ने आयुक्त से यह स्पष्ट करने को कहा है कि याचिकाकर्ता सदस्य को बीते दो साल का बकाया भत्ते का भुगतान क्यों नहीं किया गया। अदालत ने कहा कि तब तक विभाग चाहे तो बकाया भुगतान कर सकता है। अदालत ने कहा कि जब राज्य सरकार के वकील भुगतान नहीं करने का कारण बताने में असमर्थ हैं तो यह उचित है कि विभाग के आयुक्त को बुलाकर उनसे इस संबंध में जानकारी ली जाए। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश कविता शर्मा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता उमाशंकर पांडे ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता जिला बाल कल्याण समिति में सदस्य के तौर पर अक्टूबर, 2023 में नियुक्त हुई थी। बाल अधिकारिता विभाग की ओर से समिति के सदस्यों को काम के बदले भत्ते का भुगतान किया जाता है। याचिका में कहा गया कि विभाग की ओर से मार्च, 2024 से याचिकाकर्ता को किसी भी तरह की धनराशि भत्ते के तौर पर नहीं दी गई है।

जिसके चलते उसे वित्तीय परेशानी भी उठानी पड रही है। याचिका में कहा गया कि इस संबंध में विभाग में कई बार प्रार्थना पत्र पेश किए, लेकिन दो साल बीतने के बाद भी उसे बकाया भुगतान नहीं हुआ है। वहीं विभाग की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह इस संबंध में जानकारी देने में असमर्थ है। इस पर अदालत ने विभाग के आयुक्त को हाजिर होने के आदेश देते हुए कहा है कि विभाग चाहे तो बकाया भुगतान कर सकता है।

# जयपुर सहित 18 शहरों में बारिश-ओलावृष्टि



राजधानी जयपुर में शुक्रवार शाम तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। फोटो-राष्ट्रदूत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** पश्चिम विक्षोभ के असर से शुक्रवार को जयपुर सहित 18 शहरों में बारिश हुई। बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, जयपुर, अलवर सहित अन्य कुछ शहरों में ओलावृष्टि देखने को मिली। इससे रबी की फसलों का भारी नुकसान हुआ है। रेगिस्तानी इलाकों में ओलावृष्टि से कश्मीर देखा दृश्य बन गया।

मौसम विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर, जैसलमेर-बीकानेर में ओलों की चादर बिछ गई। अजमेर-ब्यावर में आंधी से टीनशेड उड गए। जयपुर, नागौर, सीकर, कुचामन-डीडवाना और जालोर सहित कई जिलों में बारिश हुई। बारिश-ओले गिरने से तापमान में गिरावट आई। खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ।मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पाकिस्तान व आसपास के क्षेत्र के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके असर से पिछले 24 घंटों में कहीं-कहीं आंधी बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश पदमपुर, श्रीगंगानगर में 11.5 मिमी दर्ज की गई। सक्रिय विक्षोभ के प्रभाव से शुक्रवार को बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में तेज मेघगर्जन के साथ तेज आंधी (40-50किमी प्रतिघंटा) व बारिश दर्ज की गई तो वहीं कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई। 4 अप्रेल को उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के कुछ जिलों में तेज आंधी-बारिश व कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की प्रबल संभावना है। 5-6 अप्रैल को आंधी बारिश की गतिविधियों में कुछ कमी होने तथा 7 अप्रेल को एक और नया मजबूत विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के कुछ भागों में पुन: तेज आंधी-बारिश गतिविधियां दर्ज होने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग ने किसानों के लिए अलर्ट जारी किया है कि खुले आसमान में पककर तैयार फसलों, कृषि मंडियों व धान मंडियों में खुले में रखे हुए अनाज व जिंसो को ढककर रखें या सुरक्षित स्थान पर भंडारण करें ताकि उन्हें भीगने से बचाया जा सके।

# 16 नदी बेसिनों के विकास के लिए प्लान तैयार करें : वी. श्रीनिवास

## जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी प्लानिंग, सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश

**जयपुर ।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में शुक्रवार को राजस्थान नदी बेसिन एवं जल संसाधन योजना प्राधिकरण और जल संसाधन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। इसमें राज्य की 16 नदी बेसिनों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्राधिकरण के आयुक्त अभय कुमार ने कार्यों और प्रगति से अवगत कराया। प्राधिकरण के मुख्य अभियंता राज पाल सिंह ने कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शक्रवार को राजस्थान नदी बेसिन प्राधिकरण और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

मुख्य सचिव ने जल उपलब्धता के आकलन और उसके समुचित उपयोग में राजस्थान नदी बेसिन एवं जल संसाधन योजना प्राधिकरण की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राज्य में प्राधिकरण के महत्व को देखते हुए 16 नदी बेसिनों के समग्र विकास के लिए बेसिन-वाइज प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल की कमी वाले क्षेत्रों में अन्य क्षेत्रों से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय जल आयोग, नई दिल्ली द्वारा नदी बेसिन मास्टर प्लान की गाइडलाइन एवं विकास से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही रिजर्वेशन मास्टर प्लान के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। राजस्थान नदी बेसिन एवं जल संसाधन योजना प्राधिकरण, जयपुर द्वारा प्रगति पर आधारित विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

मुख्य सचिव ने एमजेएसए 2.1 एवं 2.2 के तहत जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी प्लानिंग, मॉनिटरिंग, मोबाइल एप आधारित ट्रैकिंग और सर्वे को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान नदियों के पुनर्जीवन (पुनरुद्धार) परियोजना, जल शक्ति अभियान, जल संचय जन भागीदारी, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम तथा विकसित भारत जी-राम जी अधिनियम के अंतर्गत जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा कर निर्देश दिए। उन्होंने जिला पुनर्भरण योजना के तहत भूजल पुनर्भरण कार्यों को गति देने, जल संरक्षण में नवाचार अपनाने, नदियों के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने तथा इंदिरा गांधी नहर के मरम्मत कार्य और जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी जिलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## शारीरिक परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

**जयपुर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (दूरसंचार) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 की लिखित परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है।

विभाग द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उप महानिरीक्षक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड मनोज कुमार ने बताया कि अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को लॉगिन करने के पश्चात रिक्रूटमेंट पोर्टल पर जाना होगा।

# आरपीएससी अच्छे शैक्षिणक रिकॉर्ड वाले विशेषज्ञों की लें सेवाएं : हाईकोर्ट

**जयपुर ।** राजस्थान हाइकोर्ट ने संस्कृत शिक्षा के वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2022 परीक्षा के दो उत्तरों को हटाने के आरपीएससी के निर्णय को गलत मानते हुए विशेषज्ञ के ज्ञान पर सवाल उठाया। हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता के मॉडल उत्तर कुंजी पर आपत्ति पेश नहीं करने के कारण उसे राहत देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही अदालत ने आरपीएससी को कहा है कि वह अच्छे शैक्षिणक रिकॉर्ड वाले विषय विशेषज्ञों की ही सेवाएं लें। अदालत ने कहा कि एआइ के जमाने में तथ्यहीन व गलत सूचनाओं के बजाय संदर्भ सामग्री के आधार पर ही राय दी जानी चाहिए। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश पूनम गर्ग की याचिका को खारिज करते हुए दिए।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अरिहंत समदडिया ने परीक्षा के दोनों प्रश्नपत्रों के 6 प्रश्नों के उत्तर को चुनौती दी थी। इनमें से एक प्रश्न था कि नागनाची मंदिर कहां हैं? जिसको लेकर याचिकाकर्ता ने राजस्थान का इतिहास संबंधी पुस्तक के आधार पर कहा कि यह मंदिर बाडमेर के नागना गांव में है और यह 1291 ईस्वी में स्थापित हुआ। इसके विपरीत आरपीएससी के विशेषज्ञ ने मंदिर जोधपुर के किले व बाडमेर के गांव दोनों जगह होने के आधार पर जोधपुर व बाडमेर दोनों उत्तरों को सही माना। इसी तरह एक प्रश्न था कि उत्तरी गोलार्द्ध में दुनिया की कितनी आबादी है? जिसका उत्तर आरपीएससी ने विशेषज्ञ की राय के आधार पर 90 प्रतिशत को सही माना।

कोर्ट के ध्यान में आया कि इनमें से एक प्रश्न के मामले में विशेषज्ञ को इतिहास की जानकारी नहीं है, जबकि एक प्रश्न के मामले में विशेषज्ञ ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पुस्तक के बजाय अखबार में प्रकाशित लेख के आधार पर राय दी। कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि विशेषज्ञ को ज्ञान नहीं है और उसकी क्षमता संदेहास्पद है। कोर्ट ने कहा कि उसे न्यायिक समीक्षा का अधिकार है और आरपीएससी से अच्छे शैक्षिणक रिकॉर्ड वाले विषय विशेषज्ञों की सेवाएं लेने की अपेक्षा की जाती है।

## पुलिस कमिश्नर आज करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल आज पुलिस थाना शिवदासपुरा में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें चाकसू सर्किल के चाकसू, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर और कोटखावदा थाना क्षेत्रों के परिवादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी।

# श्री महावीर साधना संस्थान की अपील खारिज

**जयपुर (कासं)।** अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-1, महानगर प्रथम ने श्री महावीर साधना संस्थान को आवंटित जमीन के उपयोग के मामले में सिविल कोर्ट के आदेश में दखल देने से मना करते हुए उसे बरकरार रखा है।

अदालत ने कहा कि सिविल कोर्ट का आदेश अपीलार्थी संस्थान की ओर से विवादित स्थल पर एक धर्म विशेष की मूर्तियां स्थापित करने और उसका उपयोग भी धर्म विशेष के लिए करने का तथ्य प्रमाणित करता है। ऐसे में निचली कोर्ट ने यह आदेश प्रार्थिया के पक्ष में सही तय किया है और इस आदेश की पुष्टि की जाती है। एडीजे कोर्ट ने यह आदेश श्री महावीर साधना संस्थान की अपील को सारहीन मानकर खारिज करते हुए दिया।

अपील में कहा कि अप्रार्थी संस्थान सभी काम जनहित में करवा रही है और वहां पर योग ध्यान केन्द्र भी चल रहा है। ऐसे में निचली कोर्ट के आदेश को निरस्त किया जाए,

- सिविल कोर्ट का आदेश बरकरार

लेकिन एडीजे कोर्ट ने संस्थान की दलील नहीं मानी और निचली कोर्ट का आदेश बरकरार रखा।

दरअसल सिविल कोर्ट ने शशि माथुर के अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर 25 मार्च 2026 को फैसला देते हुए कहा था कि सामुदायिक केन्द्र के लिए आवंटित जमीन का उपयोग किसी धर्म विशेष के लिए नहीं हो सकता और न ही वहां पर उस धर्म विशेष की मूर्तियां ही स्थापित हो सकती हैं। वहीं कोर्ट ने श्री महावीर साधना संस्थान के सचिव को पाबंद किया था कि वह उसे आवंटित जमीन का उपयोग करने और उसकी सुविधाओं के उपयोग करने के लिए आमजन को वंचित नहीं करे।

जमीन पर एक धर्म विशेष की मूर्तियां स्थापित नहीं करे और न ही इसका उपयोग किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए करें।

# आदर्श क्रेडिट सोसायटी घोटाले के आरोपियों और राजस्थान सरकार का वकील एक ही हैं, पीड़ितों को न्याय कैसे मिलेगा? : नेता प्रतिपक्ष

## टीकाराम जूली ने प्रैस कॉफ्रेंस कर राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा और उनकी लॉ फर्म ''ऑरा एंड कंपनी'' की भूमिका पर सवाल उठाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शुक्रवार को प्रेस कॉफ्रेंस कर राजस्थान की लाखों गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों का पैसा हड़पने वाले बहुचर्चित आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा तथा उनकी लॉ फर्म ऑरा एंड कंपनी की भूमिका पर सवाल उठाया है।

जूली ने कहा कि इस घोटाले के आरोपियों और राज्य सरकार का वकील एक ही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस घोटाले के पीड़ितों के साथ डबल गेम खेल रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्ष 1999 में मुकेश मोदी और उनके परिवार द्वारा शुरू की गई इस सोसाइटी ने 2010 से 2014 के बीच करीब 22 लाख मासूम लोगों से 15 हजार करोड़ रुपये की ठगी की। जांच में सामने आया कि लगभग 125 फर्जी (शैल) कंपनियों के माध्यम से जनता का पैसा मोदी परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों तक पहुँचाया गया। वर्ष 2018 में की गई एफआईआर के बाद गिरफ्तारियां तो हुईं, लेकिन आज न्याय की उम्मीद पर सरकार के वकील ही पानी फेर रहे है।



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

जूली ने बताया कि अन्य आरोपियों के अतिरिक्त इसमें एक आरोपी सिद्धार्थ चौहान भी शामिल है। राजस्थान सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में इस केस की पैरवी कर रहे शिवमंगल शर्मा और उनकी लॉ फर्म ऑरा एंड कंपनी का इस घोटाले के आरोपियों के साथ गहरा संबंध है। उन्होंने बताया कि इसी घोटाले में दो और मुकदमे गुडगांव एवं दिल्ली में चल रहे है। इन मुकदमों में सिद्धार्थ चौहान सह आरोपी है एवं अभी तक फरार होने के कारण भगौडा घोषित किया जा चुका है।

- उन्होंने आरोप लगाया कि इस घोटाले के सह आरोपी सिद्धार्थ चौहान के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमे में पैरवी के लिए लॉ फर्म ''ऑरा एंड कंपनी'' नियुक्त है, जो वकील शिवमंगल शर्मा, सौरभ राजपाल, निधि जायसवाल तथा इनके साथियों की फर्म है।
- जूली ने कहा कि ''यह कैसे संभव है कि एक तरफ वही वकील दिल्ली में घोटाले के आरोपी को बचाने की पैरवी कर रहे हैं और दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में राजस्थान सरकार की ओर से पीड़ितों का पक्ष रखने का ढोंग कर रहे हैं?''

इस आरोपी सिद्धार्थ चौहान के दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमे में आरोपी की ओर से लॉ फर्म लिए ''ऑरा एंड कंपनी'' नियुक्त है जो वकील शिवमंगल शर्मा, सौरभ राजपाल, निधि जायसवाल तथा इनके साथियों की फर्म है। उन्होंने सवाल उठाया कि, ''यह कैसे संभव है कि एक तरफ वही वकील दिल्ली में घोटाले के आरोपी को बचाने की पैरवी कर रहे हैं और दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में राजस्थान सरकार की ओर से पीड़ितों का पक्ष रखने का ढोंग कर रहे हैं? यह सीधे तौर पर हितों के टकराव का मामला है और पैसा गँवा चुके निवेशकों की आंखों में धूल झोंकना है।''

जूली ने कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया का नियम 33 स्पष्ट रूप से किसी भी वकील को विरोधी हितों वाले पक्षों के लिए कार्य करने से रोकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी चंद्र प्रकाश त्यागी बनाम बनारसी दास मामले में व्यवस्था दी है कि वकील और क्लाइंट का संबंध विश्वास पर टिका होता है। जब वकील के पास दोनों पक्षों की गोपनीय जानकारियां हों, तो न्याय की निष्पक्षता खत्म हो जाती है।

जूली ने कहा कि एक ही घोटाले से जुड़े मामलों में एक वकील दिल्ली हाईकोर्ट में सह-आरोपी की पैरवी कर रहा हो और वहीं सुप्रीम कोर्ट में उसी प्रकरण से जुड़े राज्य पक्ष (केस) में राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में उपस्थित हो, तो यह स्थिति स्पष्ट रूप से दोनों पक्षों के हितों का प्रतिनिधित्व करने की श्रेणी में आती है।नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में पूछा कि क्या अधिवक्ता शिवमंगल शर्मा और ऑरा लॉ फर्म ने राजस्थान सरकार को यह जानकारी दी थी कि वे इसी घोटाले के सह-आरोपी के वकील के रूप में भी कार्य कर रहे हैं? यदि सरकार को इस तथ्य की जानकारी दी गई थी, तो फिर ऐसे हितों के टकराव वाले वकील को राज्य का पक्ष रखने के लिए नियुक्त करना पीड़ितों के साथ सरासर धोखा है। और यदि वकील द्वारा यह जानकारी छिपाई गई, तो क्या राजस्थान सरकार अब उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई और प्रोफेशनल मिसकंडक्ट का मामला दर्ज करने का साहस दिखाएगी?

# ''गहलोत-राठौड़ के बीच में मैं नहीं पड़ूंगा''

## 75 साल की राजनीति पर घनश्याम तिवाड़ी ने संतुलित प्रतिक्रिया दी

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने राजनीति में 75 वर्ष के बाद सन्यास के फॉर्मूले को लेकर चल रही बहस पर संतुलित प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ दोनों ही विद्वान व्यक्ति हैं, इसलिए वे इस विवाद में पड़ना नहीं चाहते।

तिवाड़ी ने स्पष्ट किया कि मोहन भागवत ने कभी भी राजनीति में उम्र के आधार पर कोई फॉर्मूला तय नहीं किया। उन्होंने खुद भी कहा है कि न तो वे रिटायर हो रहे हैं और न ही किसी को रिटायर होने के लिए कह रहे है। दरअसल, मंगलवार को मदन राठौड़ ने

- तिवाड़ी ने कहा कि 'भागवत ने राजनीति में उम्र का कोई फॉर्मूला तय नहीं किया है'

अशोक गहलोत को 75 साल की उम्र पार करने के बाद सन्यास लेने की सलाह दी थी। इसके जवाब में गहलोत ने पलटवार करते हुए कहा कि यह फॉर्मूला अगर लागू होता है तो नरेंद्र मोदी और मोहन भागवत पर भी लागू होना चाहिए, उन पर नहीं। गहलोत ने यह भी कहा कि वे 100 साल तक जनता की सेवा करते रहेंगे।

# बीकानेर, सूरतगढ़, बज्जू में हुई भारी वर्षा और ओलावृष्टि से फसलें खराब हुई

## बीकानेर के महाजन, लूणकरनसर और अरजनसर क्षेत्र में बारिश के बाद ओलावृष्टि हुई

- **बज्जू क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से नहरी क्षेत्र में गेंहू, सरसों और ईसबगोल जैसी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा**
- **सूरतगढ़ क्षेत्र में बिछी ओलों की चादर, फसलों को लेकर किसान चिंतित, तापमान में आई गिरावट**

**बीकानेर/बज्जू/सूरतगढ़/हनुमानगढ़,** (निसं)। बीकानेर जिले के महाजन, लूणकरनसर और अरजनसर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर भारी बारिश के बाद ओलावृष्टि हुई। लूणकरनसर उपखंड के अरजनसर, फुलेजी, रामसरा सहित कई गांवों में ओले गिरने से दूर तक सफेद चादर दिखाई दी। अर्से बाद इस तरह की ओलावृष्टि बीकानेर में देखने को मिली है। इससे खेत में अब तक खड़ी फसलों के बर्बाद होने की आशंका है।

बीकानेर में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और ऐसे में आज भी हल्की बारिश या फिर तेज हवाएं चल सकती है। मौसम विभाग ने शनिवार को भी बीकानेर में मौसम बदलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार सुबह जारी येलो अलर्ट में बीकानेर का भी नाम है। चेतावनी दी गई है कि बीकानेर बारिश हो सकती है। तेज हवाओं के साथ ही मेघगर्जन और बिजली गिर सकती है। कहीं कहीं ओले भी गिर सकते हैं। बीकानेर के अलावा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बाडमेर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, जोधपुर और अजमेर में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**बज्जू संवाददाता के अनुसार :-** शुक्रवार सुबह से तेज हवा के साथ रुक-रुक कर बारिश और ओलावृष्टि हुई। इससे नहरी क्षेत्र में खड़ी और कटी हुई गेहूं, सरसों और ईसबगोल की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों के अनुसार, जब वे घर से मंडी के लिए निकले थे, तब धूप खिली हुई थी, लेकिन बज्जू मंडी पहुंचते ही तेज बारिश शुरू हो गई। इससे ट्रैक्टर और पिकअप में लदी फसलें भीग गईं, जिससे किसानों को अतिरिक्त क्षति हुई। विकेद्री गांव के किसान भगवानसिंह शेखावत ने बताया कि किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। पहले सिंचाई पानी की कमी से फसलें प्रभावित हुईं और अब पकी हुई फसलों को ओले-बारिश ने तबाह कर दिया है। उन्होंने फसल बीमा को अधिक पारदर्शी बनाने और वास्तविक लाभ दिलाने की मांग की।

भलूरी के शैतानसिंह ने कहा कि असमय हुई इस बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि फसल के भाव पहले से ही कम मिलते हैं, और बुवाई के दौरान बीज, कीटनाशक, मजदूरी और ट्रैक्टर का खर्च जोड़ने पर उनकी मेहनत का कुछ नहीं बचता। फसल खराब होने से उन पर कर्ज का बोझ बढ़ जाता है। उन्होंने सरकार से फसल खराबे का मुआवजा देने की मांग की।

बज्जू कृषि मंडी के व्यापारी रामेश्वर सियाग ने बताया कि किसानों के नुकसान का प्रभाव पूरे देश पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसान के बाद सबसे अधिक कृषि मंडी का व्यापारी प्रभावित होता है, क्योंकि उसकी आजीविका किसान से जुड़ी होती है।

बज्जू तहसीलदार मदनसिंह यादव ने बताया कि मौसम खराब होने से किसानों को बड़ी परेशानी हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन किसानों के साथ खड़ा है और राज्य सरकार के निर्देशों पर कार्य कर रहा है। वर्तमान स्थिति की जानकारी उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है।

**सूरतगढ़ संवाददाता के अनुसार :-** सूरतगढ़ में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को मौसम का मिजाज खराब रहा। शुक्रवार दोपहर बाद करीब 20 मिनट तक हुई तेज बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तापमान में गिरावट आने से शहरवासियों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी फसलों को नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं। बारिश का सबसे ज्यादा असर सूरतगढ़-बीकानेर नेशनल हाइवे पर स्थित राजियासर से आगे मोकलसर, 92-99 आरडीआर सहित आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिला। यहां तेज बारिश के साथ जोरदार ओलावृष्टि हुई। ओले गिरने के कारण हाईवे पर चल रहे कई वाहनों को रुकना पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग की काली सड़क ओलों की मोटी परत से सफेद नजर आने लगी। दूर-दूर तक खेतों और सड़क किनारे ओले ही ओले दिखाई दिए। इसके अलावा देइदासपुरा, भोजूसर, हिन्दौर, बिरधवाल और बछरारा गांवों में भी ओलावृष्टि की सूचना मिली है। सूरतगढ़ में शुक्रवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। जिससे तेज बारिश होने से धानमंडी में रखा अनाज भीग गया। विभाग के अनुसार शनिवार को भी जिले में बारिश की संभावना बनी हुई है। उधर किसानों का कहना है कि मौसम खराब होने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हो रहा है।

**हनुमानगढ़ संवाददाता के अनुसार :-** हनुमानगढ़ में शुक्रवार सुबह हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण जिले के अधिकांश हिस्सों में ऐसा ही मौसम बना हुआ है। गुरुवार को भी कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई और दिनभर बादल छाए रहे। बादल छाए रहने और हल्की बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है, जिससे दिन में भी हल्की ठंडक महसूस हो रही है।

# पीठ में चार इंच घुसे चाकू के साथ हॉस्पिटल पहुंचा बुजुर्ग

## बदमाशों ने लूट के इरादे से अधेड़ व्यक्ति पर एक के बाद एक कई वार किए थे

- **बदमाश चाकू को अधेड़ व्यक्ति की पीठ में ही घुसा हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गए, जिला अस्पताल में विशेषज्ञों की टीम घायल का इलाज कर रही है**
- **पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर चाकू को अपने कब्जे में ले लिया और बदमाशों के खिलाफ हमले और लूट की कोशिश का मामला दर्ज किया**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के गोगुंदा-वणी रोड पर बदमाशों ने एक अधेड़ व्यक्ति पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। लूट की नीयत से बदमाशों ने सेमटाल के रहने वाले शंकरलाल पालीवाल पर एक के बाद एक चाकू से कई वार किए। वारदात के बाद बदमाश चाकू को शंकरलाल की पीठ में ही घुसा हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गए। जब बाद घायल हॉस्टिपल पहुंचा तो उनके बॉडी में करीब 3 से 4 इंच तक चाकू धंसा हुआ मिला।

जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार रात करीब नौ बजे उस समय हुई जब शंकरलाल पालीवाल (55) गोगुंदा कस्बे से अपना काम निपटाकर गांव सेमटाल जा रहे थे। जैसे ही वे गोगुंदा-वणी मार्ग पर आशापुरा होटल के पास पहुंचे तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने लूटपाट करने के लिए शंकरलाल पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। बदमाशों ने उनकी पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे घाव कर दिए। आखिरी वार इतनी जोर से किया गया कि चाकू उनकी पीठ की हड्डी के पास जाकर फंस गया। जांघ और पीठ, शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर हमले किए। हमलावार पैदल थे।

सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में पडे शंकरलाल को देख वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाई। ग्रामीणों ने तुरंत इस मामले की जानकारी गोगुंदा पुलिस को दी और घायल को निजी वाहन से गोगुंदा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में जब डॉक्टरों ने घायल को देखा तो वे भी दंग रह गए क्योंकि चाकू शंकरलाल की पीठ में ही घोंपा हुआ था। अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और लोग बदमाशों की इस क्रूरता को देखकर सहम गए। चाकू करीब 3 से 4 इंच तक बॉडी के अंदर धंसा हुआ मिला। गोगुंदा अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर खून रोकने की कोशिश की, लेकिन शंकर लाल की हालत बहुत ज्यादा नाजुक थी। चाकू शरीर के अंदर गहरे हिस्से तक चला गया था, जिसके कारण डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए तुरंत उदयपुर एमबी हॉस्पिटल रेफर कर दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में विशेषज्ञों की टीम उनका इलाज कर रही है।

इधर वारदात की सूचना मिलते ही गोगुंदा और सायरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित की पीठ से निकाले गए चाकू को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमले और लूट की कोशिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। पुलिस आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाई है। डीएसपी गोपाल चंदेल ने बताया कि जल्द हमलावरों को पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 25 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत राजीव गांधी नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट में वांछित तीन हजार रुपए के एक इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी पश्चिम कमल शेखावत ने बताया कि पीथावास निवासी रामनिवास सिंह विश्नोई पुत्र देवाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गत 17 फरवरी को थानाधिकारी गोविन्दलाल व्यास मय जाब्ता पुलिस थाना प्रतापनगर सदर हल्का में गश्त के लिए रवाना हुए। तब हल्का गश्त के सीएसटी टीम ने सूचना दी कि तुलसी कॉलोनी में पूनाराम विश्नोई अपने घर में अवैध डोडा-पोस्त व अफीम का दूध रखता है, जिस पर तुलसी कॉलोनी स्थित दाधिच किराणा स्टोर के पास पूनाराम के मकान पर पहुंच तलाशी ली गई तो पूनाराम के पास से 933 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त चूरा व 59 ग्राम अफीम का दूध मिला। इस पर पूनाराम को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मुल्जिम पूनाराम ने पूछताछ में उक्त अवैध मादक पदार्थ रामनिवास सिंह विश्नोई से खरीदना बताया। उक्त कार्रवाई पर एनडीपीएस एक्ट में केस पंजीबद्ध कर अनुसंधान राजीव गांधी नगर के थानाधिकारी रविन्द्र पाल सिंह को सौंपा गया। उक्त प्रकरण में वांछित मुल्जिम रामनिवास सिंह विश्नोई करीब दो माह से फरार था जिसकी निरन्तर तलाश की जा रही थी। रामनिवास सिंह विश्नोई पर तीन हजार रुपए का इनाम घोषित करवाया गया था। अभियुक्त जगह बदल बदलकर फरारी काट रखा था। आसूचना संकलन व तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर राजीव गांधी नगर व डांगियावास थाना टीम की संयुक्त कार्रवाई में उसे पकड़ा है।

# हादसे में कारीगर की मौत

**कोटा,** (निसं)। आरकेपुरम् थाना इलाके में एक निर्माणाधीन मकान पर कार्य करते समय दो मंजिला से नीचे गिरने से कारिगर की मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार आरकेपुरम क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में कार्य के दौरान कारिगर पेड़ा खोलने का काम कर रहा था, तभी पेड़ा टुटने से कारिगर नीचे गिर गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया, जहां कारिगर की इलाज के दौरान मौत हो गई। आरकेपुरम् थानधिकारी सिद्वार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक कारिगर उडिया बस्ती निवासी राजाराम (33) था। निर्माणाधीन मकान की दीवार पर कार्य करने के दौरान दो मंजिला से राजाराम नीचे गिर गया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, 18 घंटे बाद बेसुध मिली

## बाइक पर ले गए थे चार लोग, सुनसान जगह पर दुष्कर्म किया

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले में ओबरी थाना इलाके में एक 16 साल की नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मुख्य आरोपी और उसके तीन सहयोगी रात के अंधेरे में नाबालिग को उठाकर ले गए। सुनसान जगह ले जाकर एक आरोपी ने दुष्कर्म किया। इसके बाद नाबालिग को बेसुध हालत में छोड़कर भाग गए। 18 घंटे बाद वह बेहोश हालत में मिली, जिसे डूंगरपुर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया। नाबालिग का डूंगरपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सागवाड़ा डीएसपी ने बताया कि ओबरी थाना क्षेत्र में तीस मार्च को रात के समय घटना हुई। 16 साल की नाबालिग बेटी को घर पर खाना खाने के बाद पिता ने दुकान पर कुछ सामान लाने भेजा था। बेटी गई, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन की। लेकिन कोई पता नहीं लगा। दूसरे दिन 31 मार्च को फिर से खोजबीन की तो दोपहर 3 बजे बाद वह गांव में ही नाल के पास बेसुध हालत में मिली। उसके कपड़े भी अस्त-व्यस्त थे। परिवार के लोग उसे उठाकर घर ले गए। होश में आने पर नाबालिग बेटी ने बताया कि रास्ते में गांव का ही मुख्य आरोपी अपने तीन अन्य साथियों के साथ बाइक पर आया। उसे कुछ सुंघाया और फिर बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह ले गए। पीड़िता ने बताया मुख्य आरोपी ने उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया, उसे डराया धमकाया। उसके बाद दूसरे दिन दोपहर को छोड़कर भाग गए। उसे होश नहीं होने से पड़ी रही। नाबालिग की हालत गंभीर होने पर परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के बाद डूंगरपुर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डूंगरपुर अस्पताल में नाबालिग का इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# महिला श्रमिक से दुष्कर्म का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। एनएलयू में निर्माणाधीन हॉस्टल पर मजूदरी करने आए श्रमिक ने अन्य मजदूर के खिलाफ घर में घुसकर पत्नी के साथ दुष्कर्म करने और बाद में विरोध करने पर उसके और पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है।

मंडोर पुलिस ने बताया कि एनएलयू परिसर में बने रहे हॉस्टल में मजदूरी करने आए एक मजदूर ने गत रात को मंडोर थाने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि एक अप्रैल की रात्रि के समय उसके साथ ही काम करने वाले एक श्रमिक ने उसकी पत्नी को अकेली देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वो घर पर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने बताया कि जब उसने आरोपी से बारे में बात की तब आरोपी ने तीन-चार साथियों के साथ घर पर आया और उसके और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की।

# ओलों की मार से लालसोट के डिगो गांव भारी नुकसान

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की डिगो ग्राम पंचायत में शुक्रवार को अचानक बदले मौसम ने किसानों पर कहर बरपा दिया। तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों (शॉप) की तैयार फसल को कुछ ही पलों में तबाह कर दिया।

ग्रामीण ब्रह्म सिंह बड़ाबड़, डिगो ने बताया कि ओले इतने तेज और भारी थे कि पकी हुई फसलें सीधे जमीन पर गिर गईं। जिन किसानों की फसल कटाई के कगार पर थी, उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है।

फसल बर्बादी के बाद किसानों के चेहरों पर मायूसी साफ नजर आ रही है। कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी और अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।

# स्मैक और एमडी ड्रग्स बरामद, महिला गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को अवैध ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से स्मैक और एमडी जैसे खतरनाक मादक पदार्थ बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सांसी बस्ती स्थित एक फैक्ट्री के पास एक महिला अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध महिला को दबोच लिया। तलाशी के दौरान महिला के पास से 33 ग्राम स्मैक और 9.50 ग्राम एमडी बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थों की मात्रा को देखते हुए यह मामला गंभीर श्रेणी में माना जा रहा है। पुलिस ने आरोपी महिला की पहचान माधुरी गोगावत के रूप में की है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। रामगंज थाना पुलिस अब इस मामले में गहन जांच कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में महिला से यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि वह यह मादक पदार्थ कहां से लाती थी और किन लोगों तक इसकी सप्लाई करती थी। पुलिस को आशंका है कि इस मामले में एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय हो सकता है।

# युवक ने आत्महत्या की

**जोधपुर,** (कासं)। निकटवर्ती मथानिया के रिणियां गांव में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। मथानिया पुलिस ने बताया कि ओसियां के गोपासरिया निवासी नरेश पुत्र नृसिंगराम प्रजापत ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके भाई 30 वर्षीय हड़मानराम ने रिणियां गांव में अपने घर में फंदा लगा लिया। पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

# सीकर जिले से तीन युवतियां लापता

**सीकर,** (निसं)। सीकर जिले में 36 साल की महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला दिल्ली की रहने वाली है, जिससे सीकर के युवक ने छह महीने पहले ही शादी की थी। महिला रात के समय लापता हुई। अब पुलिस महिला की तलाश कर रही है। महिला के पति ने पुलिस में शिकायत दी है, जिसमें बताया कि 6 महीने पहले उसने दिल्ली निवासी महिला से शादी की थी, जो दो अप्रैल को रात घर से लापता हो गई, जिसकी उसने काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

वहीं जिले में एक अन्य महिला के भी लापता होने का मामला सामने आया है। पति का आरोप है कि महिला घर से बिना बताए फरार हो गई, जो अपने साथ जेवरात और नकदी रुपए भी लेकर चली गई। वहीं जिले में एक 25 साल की युवती के भी भी लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी बेटी एक अप्रैल की दोपहर दो बजे घर से दुकान पर सामान लाने गई थी, जो वापस नहीं लौटी है।

# बजरी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, ट्रेलर जब्त, तीन युवक गिरफ्तार

## ट्रेलर को एस्कॉर्ट कर रही लग्जरी ब्रेजा कार को जब्त किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भीलवाड़ा पुलिस ने बजरी माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करने में एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। शक्करगढ़ थाना पुलिस ने बजरी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रेलर और उसे रास्ता दिखाने वाली (एस्कॉर्ट) लग्जरी ब्रेजा कार को जब्त किया है। पुलिस ने मौके से तीन शातिर आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

अवैध बजरी खनन की रोकथाम हेतु शक्करगढ़ थानाधिकारी पूरणमल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। थानाधिकारी पूरणमल मय जाब्ता जब थाना क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि बनास नदी क्षेत्र से बजरी का अवैध परिवहन किया जा रहा है। टीम ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने एक टीपर ट्रेलर को रोका जो अवैध बजरी से लबालब भरा हुआ था। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस ट्रेलर के आगे-आगे एक ब्रेजा कार चल रही थी, जो पुलिस की लोकेशन चेक कर ट्रेलर को सुरक्षित निकालने के लिए एस्कॉर्ट कर रही थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वाहनों को घेरकर रुकवा लिया।

पुलिस ने मौके से तीन युवकों को दबोचा, जो संगठित तरीके से इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे थे इनमें ट्रेलर चालक हेमराज गुर्जर पुत्र सोजी राम गुर्जर, निवासी भैरुखेड़ा, ब्रेजा कार में सवार कुलवंत सिंह पुत्र देवराज सिंह, निवासी शाहपुरा और रामप्रसाद गुर्जर पुत्र कालू गुर्जर, निवासी सरा का खेडा, पारोली के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्तशुदा वाहनों को थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस नेटवर्क के पीछे मुख्य सरगना कौन है और यह बजरी कहां सप्लाई की जानी थी।

# बजरी भरा डंपर और एस्कॉर्ट कर रही टाटा हैरियर कार जब्त

- **पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक युवक को शांतिभंग में दबोचा**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में फूलियाकलां थाना पुलिस ने लग्जरी कारों से रेकी कर अवैध बजरी परिवहन करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक डंपर और उसे एस्कॉर्ट कर रही टाटा हैरियर कार को जब्त किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखने वाले एक अन्य युवक को शांतिभंग के आरोप में दबोचा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन व वृत्ताधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी राजकुमार नायक के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। 1 और 2 अप्रैल की रात जब पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी पीपलेश्वर तिराहे के पास एक डंपर और उसके आगे चल रही सफेद रंग की टाटा हैरियर कार संदिग्ध अवस्था में आती दिखी। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रुकवाया। जांच करने पर डंपर अवैध बजरी से भरा पाया गया, वहीं हैरियर कार में सवार युवक डंपर को पुलिस से बचाने के लिए एस्कॉर्ट कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने रामराज गोदारा नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया। आरोप है कि वह पुलिस की गतिविधियों पर निगरानी रख रहा था और अपराधियों को सूचनाएं लीक कर रहा था। पुलिस ने उसकी मोटरसाइकिल को जब्त कर उसे शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से पप्पू जाट पुत्र रामेश्वर जाट, निवासी फूलियाकलां, विजय लाल भील पुत्र शंकरलाल भील, निवासी शिवपुरा और रामराज गोदारा निवासी फूलियाकलां (शांतिभंग में गिरफ्तार) को गिरफ्तार किया, जबकि अवैध बजरी भरने वाली जेसीबी के मालिक कल्याण चाडा निवासी सणगारी की पुलिस से तलाश कर रही है। पुलिस ने डंपर और कार को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवाया है। माइनिंग विभाग को सूचना देकर रिपोर्ट प्राप्त की गई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

# लालसोट में गैस सिलेंडर से लगी आग, छह लाख का सामान जला

- **आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा अनाज, कपड़े, रजाई-गद्दे, नकदी, फर्नीचर सहित पूरा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया, पांच बकरियां जिंदा जल गई**

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरा में गुरुवार तड़के करीब सुबह तीन बजे एक दर्दनाक अग्निकांड ने गरीब किसान की वर्षों की मेहनत को कुछ ही मिनटों में राख में बदल दिया। घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार, किसान मेवाराम मीणा के घर चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर चालू करते समय अधिक गैस निकलने से अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।

इस हादसे में किसान को लगभग छह लाख का नुकसान हुआ। आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा अनाज, कपड़े, रजाई-गद्दे, नकदी, फर्नीचर सहित पूरा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं पांच बकरियां जिंदा जल गईं, जो परिवार की आजीविका का बड़ा सहारा थीं।

जिला अध्यक्ष सुखराम बारवाल ने बताया कि पीड़ित किसान ने हाल ही में अपनी फसल बेचकर घर में नकदी रखी थी, जो इस आग में पूरी तरह जल गई। यह हादसा एक गरीब परिवार के लिए भारी संकट बन गया है। घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन, पटवारी, सचिव और पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। प्रशासन ने पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

# सुपारी देकर कराई थी पत्नी की हत्या, पति और हत्यारे को उम्रकैद

## दोनों दोषियों पर 2.10 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया

- **पति महावीर प्रसाद ने राकेश कुमार को एक लाख रुपए की सुपारी देकर हत्या करवाई थी, दोषी पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सरकारी अध्यापिका पत्नी की हत्या करवाने के दोषी पति और हत्या करने वाले को आजीवन कारावास से दंडित किया गया है। यह फैसला महिला उत्पीड़न एवं दहेज प्रकरण मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश अजयकुमार भोजक ने एक अप्रैल को सुनाया। दोनों दोषियों पर 2.10 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

न्यायालय के एसपीपी नितिन वाट्स ने बताया कि 33 एलएनपी निवासी राकेश कुमार नायक और 36 एलएनपी निवासी महावीर प्रसाद कुम्हार को दंडित किया गया है। यह मुकदमा अबोहर के ठाकर बस्ती निवासी मोहनलाल ने 2 जुलाई 2016 को घमूड़वाली थाने में दर्ज करवाया था। उनकी बेटी समीधा की पति महावीर प्रसाद ने राकेश कुमार को एक लाख रुपए की सुपारी देकर हत्या करवाई थी। दोषी पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। पति ने चिनाई मिस्त्री राकेशकुमार को इसके लिए लालच दिया। एक जुलाई 2016 की रात को आरोपी कुल्हाड़ी लेकर घर में घुसा और बरामदे में सो रही समीधा पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। घटना के दौरान समीधा की 12 वर्षीय पुत्री पास ही दूसरी चारपाई पर और 7 वर्षीय पुत्र उसके साथ सो रहा था। दोषी महावीर ने इस हत्या को डकैती साबित करने को घर की अलमारी में रखे 70 हजार रुपए और समीधा के पहने गहने भी निकालकर ले जाने को राकेश मिस्त्री को कहा ताकि यह डकैती लगे। हत्या के बाद राकेश ने गहने तो उतार लिए, लेकिन अलमारी में रखे 70 हजार रुपए नहीं चुरा सका। पुलिस ने 39 गवाहों के बयान व खाता खुलवाने, गहने गिरवी रखने के दौरान के सीसीटीवी फुटेज कोर्ट में पेश किए।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई ने किया हंगामा, पुलिस से झड़प हुई

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का विरोध जताने पहुंचे थे कार्यकर्ता

-कार्यालय संवाददता-

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को महिला सशक्तीकरण से जुड़े कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को छात्र संगठनों के बीच तीखा विवाद हो गया। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एन.एस.यू.आई.) के कार्यकर्ताओं ने मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया, इस दौरान पुलिस से उनकी झड़प भी हुई।

शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए

■ **एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी परिसर में आरएसएस विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है।**





**एन.एस.यू.आई. कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स पर चढ़कर हंगामा और नारेबाजी की तो पुलिस ने हिरासत में लिया।**

प्रदर्शन में कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़ गए और नारेबाजी करते हुए अंदर जाने का प्रयास किया। पुलिस ने पहले से ही गेट पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नीचे उतारकर हिरासत में लिया और गाड़ियों में बैठाकर ले गई। कुछ कार्यकर्ता सड़क पर लेटकर विरोध जताते नजर आए।

दरअसल, विश्वविद्यालय के मानविकी पीठ सभागार व संविधान पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े "मातृशक्ति संवाद" एवं महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित था, जिसका एनएसयूआई ने विरोध किया। संगठन का आरोप था कि विश्वविद्यालय परिसर में आर.एस.एस. विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदर्शन में युवा नेता कार्तिकेय भारद्वाज सहित कई छात्र नेता शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए इसे संविधान, महिला अधिकारों और सामाजिक समानता के खिलाफ बताया। वहीं एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष शुभम डंडोरिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें पुलिस के साथ नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने कार्यक्रम रद्द करने की मांग की। करीब आधे घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। दूसरी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कार्यक्रम का समर्थन करते हुए एनएसयूआई पर राजनीतिक लाभ के लिए विरोध करने का आरोप लगाया और कहा कि कार्यक्रम विश्वविद्यालय प्रशासन की अनुमति से आयोजित किया जा रहा है। स्थिति को देखते हुए कैंपस में भारी पुलिस बल तैनात किया गया और आने-जाने वालों की सघन जांच की गई। फिलहाल विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

# मारपीट से तंग आई पत्नी ने हथौड़े से सिर फोड़कर पति की हत्या की

## नाबालिग बेटे संग मिलकर ठिकाने लगाई लाश; आरोपी पत्नी गिरफ्तार, नाबालिग बेटा निरूद्ध

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में स्थित निवारू बाईपास पर मिले एक युवक के अधजले शव (हत्याकांड) का खुलासा करते हुए पुलिस ने महज 12 घंटे में आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि पति की रोज-रोज की शराब और मारपीट से तंग आकर पत्नी ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। साक्ष्य मिटाने में सहयोग करने पर पुलिस ने महिला के विधि से संघर्षरत (नाबालिग) पुत्र को भी निरूद्ध किया है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 को निवारू के पास शिवनगर बाईपास पर एक लावारिस कट्टा पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो बोरे में एक व्यक्ति की लाश थी, जिसका आधा हिस्सा कट्टे से बाहर था। जहां हत्यारों ने पहचान छुपाने की नीयत से मृतक का चेहरा और कमर का हिस्सा पेट्रोल डालकर जला दिया था। जिससे शिनाख्त करना बेहद मुश्किल था। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल डीसीपी राजेश गुप्ता और एसीपी आलोक कुमार के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर टीम को महत्वपूर्ण सुराग मिला। फुटेज में 2 अप्रैल की तडके करीब 3 बजे एक महिला और एक किशोर साइकिल रिक्शा में कट्टा ले जाते और उसे फेंकते हुए नजर आए। पुलिस ने रिक्शा का पीछा करते हुए रिद्धि सिद्धि कॉलोनी, नांगल जैसा बोहरा में मृतक के मकान तक पहुँचने में सफलता हासिल की। इसके बाद मृतक की पहचान 35 वर्षीय शेख साहन के रूप में हुई। जो मूलतः मालदा, पश्चिम बंगाल का निवासी था। वहीं घटना के पश्चात मृतक की पत्नी व बच्चों का जयपुर छोडकर भागने का अंदेशा होने पर बस अड्डों व रेलवे स्टेशन के आसपास घेराबंदी कर सादा

■ **करधनी पुलिस ने निवारू बाईपास पर मिले युवक के अधजले शव (हत्याकांड) का महज 12 घंटे में खुलासा किया**

वर्दी में जवान तैनात किए और आरोपी पत्नी मौसमी को धर दबोचा। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक शेख साहन अक्सर शराब के नशे में पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता था।रोज-रोज की मारपीट से परेशान होकर उसकी पत्नी मौसमी ने 2 अप्रैल की रात को शेख साहन के सिर पर हथौड़े से वार कर रस्सी से उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद अपने नाबालिग बेटे के साथ मिलकर शव को प्लास्टिक के बोरे में डालकर सुनसान जगह पर फेंक दिया और उसकी पहचान छिपाने के लिए पेट्रोल डालकर उसे जला दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है और नाबालिग बेटे को निरुद्ध किया गया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार महिला मौसमी कचरा बीनने का काम करती थी और उसे डंपिंग यार्ड का पूरा आईडिया था। पति को मौके के घाट उतारने के बाद वो शव को प्लास्टिक के बोरे में डालकर साइकिल रिक्शे से डंपिंग यार्ड लेकर पहुंची। उसे पता था यहां कोई आता जाता नहीं और शव जलने के बाद उसकी शिनाख्त नहीं हो पाएगी। लेकिन आग बीच में ही बुझ गई और अधजला शव लोगों की नजर में आ गया। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह, डीएसटी प्रभारी गणेश सैनी, खोराबीसल थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सहित तकनीकी शाखा के राजमहेंद्र, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह और कांस्टेबल बाबूलाल की विशेष भूमिका रही।

# एसीएस यूडीएच ने किया द्रव्यवती नदी का निरीक्षण

**जयपुर।** द्रव्यवती नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के स्पष्ट निर्देशों की अनुपालना में शुक्रवार को नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्रव्यवती नदी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आलोक गुप्ता के साथ जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन तथा नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा, जेडीए सचिव गौरव सैनी, जेडीए के निदेशक अभियांत्रिकी अजय गर्ग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बम्बाला पुलिया से स्वर्ण जयंती पार्क तक द्रव्यवती नदी के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता ने नगर निगम, जेडीए एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 5 दिनों में जयपुर शहर का समग्र अध्ययन कर द्रव्यवती नदी में प्रदूषण को कम करने के लिए ठोस एवं प्रभावी समाधान तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा

■ **आगामी 5 दिनों में द्रव्यवती नदी में प्रदूषण को कम करने के लिए ठोस समाधान तैयार करने के निर्देश दिए**

कि जिन नालों को बंद किया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता से चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने द्रव्यवती नदी के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि टाटा प्रोजेक्ट्स द्वारा किए जा रहे मेंटेनेंस कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। नदी किनारे स्थित शौचालयों एवं वॉक-वे की समुचित सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि द्रव्यवती नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है तथा इस दिशा में सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# निम्स यूनिवर्सिटी में सोकाकॉन 2026 का आग़ाज़

**जयपुर।** निम्स यूनिवर्सिटी राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सोकाकॉन 2026 का शुभारंभ हुआ। चिकित्सा क्लिनिकल एनाटॉमी के क्षेत्र में आयोजित यह कॉन्फ्रेंस वैश्विक स्तर पर ज्ञान के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। सम्मेलन में 1000 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, वहीं 15 देशों- जर्मनी, अमेरिका, मलेशिया, साउथ कोरिया, स्कॉटलैंड सहित अन्य देशों- के विशेषज्ञ सहभागिता दर्ज करवाएंगे। इस अवसर पर डॉ. एन. मुथुकुमारावेल (अध्यक्ष), डॉ. गुलाम मोहम्मद भट्ट तथा डॉ. एम. शिवकुमार सहित कई विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए और क्लिनिकल एनाटॉमी में हो रहे आधुनिक नवाचारों व अनुसंधान की दिशा पर प्रकाश डाला। निम्स यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं चांसलर प्रो. बलवीर एस. तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार ही किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार हैं। इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करते हैं।

# टाइगर की खाल व 282 अवैध कारतूसों के साथ गन स्टोर संचालक गिरफ्तार

## रामगंज में गन स्टोर की आड़ में बिक रहे थे अवैध कारतूस

**जयपुर।** राजधानी की रामगंज थाना पुलिस ने अवैध हथियारों और वन्यजीव अंगों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने शिकार गन स्टोर के संचालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध कारतूस, एक राइफल और टाइगर (बाघ) की पुरानी खाल बरामद की है। आरोपी अपनी लाइसेंसी दुकान की आड़ में लंबे समय से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त में लिप्त था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि एटीएस से एक महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर एसीपी माणक चौक के नेतृत्व में रामगंज बाजार स्थित शिकार गन स्टोर और आरोपी के निवास स्थान पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान मोहल्ला बिसायतियान स्थित मकान नंबर 817 में अवैध हथियारों का जखीरा मिला। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद जहीरुद्दीन (64) निवासी रामगंज बाजार, जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि मौके से एक .22 बोर की अवैध राइफल (बोल्ड एक्शन), विभिन्न बोर के कुल 282 प्रतिबंधित कारतूस और एक टाइगर (बाघ) की पुरानी खाल भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि जहीरुद्दीन की माणक चौक इलाके में शिकार गन स्टोर नाम से लाइसेंसी दुकान है। वह इसी दुकान की आड़ में अवैध रूप से कारतूस और हथियार लोगों को बेचता था। पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि आरोपी ने ये हथियार किन लोगों से खरीदे थे और वह इन्हें किन्हें सप्लाई करने वाला था।



**आरोपी मोहम्मद जहीरुद्दीन**

## सार-समाचार

### पीआरसीआई जयपुर चैप्टर का शुभारंभ

**जयपुर।** पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया के 22वें स्थापना दिवस पर जयपुर चैप्टर का औपचारिक शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। यह समारोह कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के मिनी थिएटर में हुआ। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) डॉ. गोवर्धन लाल शर्मा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह रहा कि सोमेंद्र हर्ष और सनी कुलश्रेष्ठ, जो जयपुर चैप्टर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव हैं, ने पूरी नवनिर्वाचित टीम के साथ कार्यभार ग्रहण किया। नवनिर्वाचित टीम में चेयरमैन-सोमेंद्र हर्ष, सचिव-सन्नी कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष-पंकज वधवानी, उपाध्यक्ष-सुश्री अंशु हर्ष, मार्गदर्शक-डॉ. संजीव भनावत और डॉ. एन.डी. माथुर शामिल हैं। इसके साथ ही, डॉ. राहुल बाबू कोडाली, युक्त सचिव एवं और डॉ. जयती शर्मा, निदेशक-राष्ट्रीय कार्यकारिणी के रूप में शामिल है।

### 111 बच्चों को स्टेशनरी वितरित



**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की ओर से "बचपन संवारो" अभियान के अंतर्गत महात्मा गाँधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय प्रताप नगर सेक्टर 8 में 111 जरूरतमंद बच्चों को शैक्षिणक सामग्री वितरित की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष सेवानिवृत्त आरएएस एन. एल. वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है ताकि वे नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी तथा स्वास्थ कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य व चिकित्सक प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि बच्चों को कॉपीयां, रजिस्टर, ड्राइंग कॉपियां, ज्योमेट्री बॉक्स, पेन, पेंसिल, रबर आदि आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। विद्यालय प्राचार्या कंचन कराडिया ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बचपन संवारो अभियान जैसी पहल से बच्चों को आगे बढ़ने की नई दिशा मिलती है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी, प्रिया छीपा, तन्नु शर्मा, सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### टेनिस लीग में डॉक्टर्स ने दिखाया दम



**जयपुर।** जय क्लब में डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग (डीपीटीएल) सीजन-6 तथा नवनीत इमेजिंग डॉक्टर्स पिकल बाल लीग सीजन-1 में कड़ी टक्कर के बाद टीमें अगले राउंड में पहुंची है। लीग पेट्रन डॉ संदीप निझावन ने बताया कि टीम इवेंट के पहले राउंड में सवाई चैम्प स्टार्स, केडिया हॉट शॉट्स, ईगल्स आई, स्पोर्टी डॉक शूटर्स और माहला वॉरियर्स ने क्रमशः थापर टाइटन्स, प्रिसिजन पैथ लैब पैंथर्स, मालोट वॉरियर्स, रेटिना रैकेटियर्स और द नी राइडर्स को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। सिंगल्स अंडर-40 में टॉप सीड महक्षित ने 5-0 से और दूसरी सीड डॉ. जेफिन ने 6-0 से एकतरफा जीत दर्ज की, जबकि कृष्णामूर्ति टी ने 5वीं सीड जतिन केडिया को 5-3 से हराकर उलटफेर किया। 40-50 वर्ष कैटेगरी में अनसीडेड आशीष जैन ने 5वीं सीड रणजीत सिंह को 5-3 से हराया और अनिल अग्रवाल ने रवि को 5-1 से मात दी। लीग ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ जयंत सेन व ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि ओपन डबल्स में संजय बंसी माथुर / भूपेन्द्र और तीसरी सीड सचिन / दीपक की जोड़ियों ने शानदार जीत हासिल की। डीपीपीएल लीग चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज व डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि डीपीपीएल टीम इवेंट में ग्रुप ए में राव हॉस्पिटल रेडर्स ने हृदयम हार्ट केयर हीरोज़ को 3-1 से हराया। ग्रुप बी में द मेड मेवरिक्स ने मेडिस्पा रॉयल्स को 4-1 से और सोमानी स्पिन मास्टर्स ने भी मेडिस्पा रॉयल्स को 4-1 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ हनुमान खोजा व प्रेम चौधरी ने बताया कि ग्रुप सी में पर्पल हेरॉन पैंथर्स ने डेंटा केयर क्लिनिक चैंपियंस को 3-2 से, अग्रवाल किड्स हॉस्पिटल एवेंजर्स ने डेंटा केयर को 4-1 से और एवेंजर्स ने जेवीआईआर-शुभिका जैगुआर्स को भी 3-2 से हराया।

### नाईन डॉट स्क्वायर एग्जीबिशन 10 से

**जयपुर।** जयपुर में एक क्यूरेटेड डिज़ाइन और डेकोर एग्जीबिशन नाईन डॉट स्क्वायर का चौथा संस्करण 10 से 12 अप्रैल तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। इस एग्जीबिशन का उद्देश्य उभरते व नए डिजाइनरों को बढ़ावा देना और पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़ना है, जो आर्टीजंस, डिज़ाइनर्स और मॉडर्न कंज्यूमर के बीच सार्थक संबंध स्थापित करने का काम करती है। यह जानकारी नाईन डॉट स्क्वायर की फाउंडर व क्यूरेटर, रितु खंडेलवाल और फाउंडर प्रमोटर रमेश अग्रवाल ने दी। इस अवसर पर नाईन डॉट स्क्वायर की फाउंडर प्रमोटर शालिनी अग्रवाल; को-क्यूरेटर, सगुना वाधवा सहित कनिका खंडेलवाल और तन्वी खंडेलवाल साथ भी उपस्थित रहीं।

# शादी का झांसा दे नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में एक नाबालिग युवती से दोस्ती कर शादी का झांसा दे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शातिर युवक पांच से युवती को झांसा देकर उसके आबरु से खेलता रहा और दूसरी युवती से जान पहचान होने के बाद आरोपी ने पीड़िता को शादी करने से इनकार कर दिया। खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़िता ने थाने पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 18 वर्षीय युवती का आरोप है कि पांच साल पहले वो 14 साल की थी। तभी उसकी मुलाकात आरोपी युवक से हुई। आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फंसाया और शादी करने का झांसा देकर पांच साल तक उसकी आबरु से खेलता रहा। इसी दौरान आरोपी युवक ने किसी ओर युवती को भी अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और बालिक होने पर पीड़िता से शादी करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पीड़िता को खुद के साथ हुए धोखे का एहसास हुआ और उसने आरोपी प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी युवक को पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

# पूजा-पाठ के नाम पर जेवरात ठगने वाले 5 गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी की माणक चौक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नागपुर (महाराष्ट्र) की कुख्यात कामटी गैंग के पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग राहगीरों को अपनी बातों में उलझाकर और भगवान का डर दिखाकर उनके कीमती जेवरात व सामान पार कर देती थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त अल्टो कार भी बरामद की है, इन आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सहित मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक व अन्य राज्यों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नागपुर (महाराष्ट्र) की कुख्यात कामटी गैंग के शातिर बदमाश जाबिर अली उर्फ जाबिर पंजाबी (41), जाफर जैदी (59), अली रजा उर्फ गुड्डू (40), अली नकी जैदी (20) व शेख अरबाज उर्फ साहिल (28) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त अल्टो कार बरामद की गई। गिरफ्तारी के दौरान भागने की कोशिश में दो आरोपी घायल हो गए, जिनका उपचार करवाया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ने बताया कि यह गैंग बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देती थी। जहां गैंग के सदस्य खुद को सिद्ध पुरुष या पुजारी बताकर लोगों को रोकते थे। वे पीड़ित को भगवान के नाराज होने या श्राप देने का डर दिखाकर डराते और फिर शुद्धिकरण या पूजा के नाम पर उनके जेवरात उतरवा लेते थे। इसके बाद पीड़ित को आंखें बंद कर कुछ कदम चलने को कहा जाता और इसी बीच आरोपी सामान लेकर रफूचक्कर हो जाते थे।

पुलिस के अनुसार सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में चोरी, लूट और धोखाधडी के दर्जनों मामले दर्ज हैं। जाबिर अली पर 9 और अली रजा पर 5 गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस गैंग के नेटवर्क व अन्य वारदातों की जांच कर रही है।

# जयपुर में हर घर तक पहुंचे पी.एन.जी. सुविधा : कलेक्टर



**कलेक्टर संदेश नायक ने शुक्रवार को पाइप लाइन गैस कनेक्शनों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर जिले में पाइप लाइन से गैस कनेक्शन (पीएनजी) के विस्तार को लेकर कलेक्टर संदेश नायक ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने कमर्शियल, इंडस्ट्रियल एवं डोमेस्टिक उपभोक्ताओं को पीएनजी से जोड़ने की दिशा में रणनीतिक निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर ने गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे पीएनजी कनेक्शन के लाभों-जैसे निरंतर आपूर्ति, उच्च सुरक्षा मानक और लागत में बचत-के बारे में आम उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाएं। जिन उपभोक्ताओं के पास एलपीजी और पीएनजी दोनों प्रकार के कनेक्शन हैं, वे आगामी 3 माह के भीतर एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करें, ताकि संसाधनों का प्रभावी उपयोग हो सके और पीएनजी प्रणाली को मजबूती मिले।

कलेक्टर ने पीएनजी कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया को सहज, सरल और त्वरित बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की अनावश्यक जटिलता का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां प्राथमिकता से कनेक्शन जारी किए जाएं। शहरी आवासीय क्षेत्रों में पीएनजी के विस्तार को गति देने के लिए जिला कलेक्टर ने फ्लैट्स, अपार्टमेंट्स एवं मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग्स की रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे सामूहिक रूप से पीएनजी कनेक्शन लेने की पहल करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (जयपुर शहर दक्षिण) युगांतर शर्मा, उपखंड अधिकारी (जयपुर शहर) राजेश जाखड़, उपखंड अधिकारी (सांगानेर) विकास प्रजापत एवं गैस कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सुशीलपुरा दूषित पेयजल मामले को लेकर दिखाई सख्ती

**जयपुर (कासं)।** सुशीलपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल आपूर्ति मामले की जिला कलक्टर संदेश नायक ने बेहद गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को कलक्टर ने जलदाय विभाग के अफसरों को साफ हिदायत दी है कि दूषित पेयजल की समस्या का तत्काल प्रभाव से समाधान करें। विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र का समग्र निरीक्षण करे और जो भी फॉल्ट है, उसे तत्काल ठीक करे, ताकि दूषित पानी की आपूर्ति को पूरी तरह रोक सके। उन्होंने पेयजल की नियमित सैम्पलिंग लेने और बैक्टीरियोलॉजिकल मापदंडों के अनुरूप जल गुणवत्ता की सतत जांच करने के निर्देश दिए। वर्तमान में क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर भी लगाए जाएं, ताकि आमजन को असुविधा नहीं हो।

# पहली बार 10 देशों में मनाया जायेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह

## पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया में पूजन के लिए जयपुर से रवाना होगी भगवान परशुराम की मूर्ति

**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य सहयोगी ब्राह्मण संगठनों की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह 5 अप्रैल से 26 अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। करीब 21 दिवस तक चलने वाले कार्यक्रम में विभिन्न दिवसों पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।



सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया है कि इस बार ना केवल राजस्थान और देश में वरन विश्व के 10 प्रमुख देशो में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। ऐसा पहली बार होगा की विदेशो की धरती पर भगवान परशुराम की जय-जयकार होगी और विभिन्न आयोजन होंगे।

जिसमें प्रमुख रूप से आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, लंदन, कनाडा, इटली, अमेरिका, बैंकाक, दुबई, कतर, पौलेंड में परशुराम जन्मोत्सव 19 अप्रैल अक्षय तृतीया को धूमधाम से आयोजित किया जायेगा और देश की सभी राजधानियों में शस्त्र पूजन के आयोजन किये जाएंगे। राजस्थान प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों और तहसील, गांव तथा ढाणी स्तर तक भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किये जायेंगे।

आस्ट्रेलिया में जयपुर में निर्मित भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। साथ ही पूरे प्रदेश में अलग-अलग दिवसों में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन, राजनेता एवं संत-महंत उपस्थित रहेंगे। जयपुर से 5 अप्रेल को भगवान परशुराम जी की मूर्ति नहर के गणेश जी मंदिर से प्रातः 9 बजे रवाना होगी। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे।

सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं जयपुर शहर अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ 12 अप्रैल को प्रातः 9 बजे मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में गणेश निमंत्रण के साथ होगा।

इस अवसर पर जयपुर के प्रमुख संत, महंतों की उपस्थिति में एक स्टीकर का विमोचन भी किया जायेगा। इसके साथ ही 26 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन पर जयपुर में "ब्राह्मण रत्न" सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। सम्मान समारोह में समाज सेवी, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार, व्यवसायी, चिकित्सक, शिक्षा शास्त्री सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लब्ध प्रतिष्ठित ब्राह्मण प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा।



## Celebrating National Vitamin C Day

National Vitamin C Day highlights the importance of this essential nutrient in supporting immunity, skin health, and overall well-being. Vitamin C plays a crucial role in collagen production, helping maintain healthy skin and tissue repair. It also strengthens the immune system by fighting free radicals and enhancing the body's natural defence mechanisms. Citrus fruits, bell peppers, amla, and leafy greens are excellent sources of this vitamin. Regular consumption of vitamin C-rich foods can improve energy levels and promote radiant skin. As awareness grows, incorporating nutrient-dense foods into daily diets remains a simple yet powerful step towards better health.

#STUDIES

# The Western Sanskrit Studies



Charles Wilkins, a clerk at the East India Company, first learnt Bengali language, then Persian and then tried to master Sanskrit




This is the most sacred text in Hinduism, but here, where it was printed for the very first time, it was in English, not Sanskrit. This publication founded Sanskrit studies in Europe. It was the first work translated directly from Sanskrit into English and it was done by first Englishman to master the language.

The story goes like this. The impetus for the book came from Charles Wilkins, a clerk at the East India Company. He first learnt Bengali language, then learnt Persian and then turned to trying to master Sanskrit. He wanted to make a translation of the Bhagwad Gita but this wasn't something he could do alone. He relied on the knowledge and expertise of Brahmin pundits, and in his case, we know that he worked directly with a scholar named Kasinatha Bhattacharya. And the resulting book in 1785 was the first ever printed edition of the Bhagwad Gita. It is a pioneering work of both literary translation and book production, being a result of the collaboration between English and Indian scholars.

It marked the first appearance in the West of the most sacred text in Hinduism, and within a few years, this translation had been rendered into Russian and German too. Its publication also led to a tidal wave of other translations of Sanskrit works in Europe. Charles Wilkins returned from India to England in 1786 because of ill health. He fitted a printing press in Bath with Devnagri type and the first book he produced was the first edition of the Hitopadesha.

#QUOTES

# He Said

Napoleon Bonaparte- Quotes





He said these pithy words, quite apt. A must read.

- Never interrupt your enemy when he is making a mistake.
- History is a set of lies agreed upon.
- Ability is nothing without opportunity.
- Victory belongs to the most preserving.



# The Unsung Queen

Map of Tulu Nadu.




Abbakka allied with the Bijapur Sultan and the Calicut Zamorin and continued harassing the Portuguese. Unfortunately, luck ran out for the alliance by early 1570. The Zamorin general was killed in battle and Abbakka was captured and killed. Abbakka lost the war as her husband assisted the Portuguese by revealing to them her strategies of warfare, which he was familiar with. She was arrested and jailed. However, the warrior that she was, she revolted in the prison and died as a soldier, fighting. The Portuguese now had control of virtually the entire west coast trade. This was to last over a century till another western power, the Dutch, dislodged them.





Statue of Ullal Queen Abbakka Devi.

#LOST HISTORY

● Kshema Jatuhkarna

Centuries before the anti-colonial resistance in India, Rani Abbakka Chowta fought valiantly against Portuguese colonisation. As the queen of Ullal, she resisted the Portuguese navy's oppressive tactics, forged alliances, led a guerrilla army, and even eliminated their admiral. The tales of Abbakka's bravery live on in folklore and performing arts. Read on to know more about one of India's first female freedom fighters.

### Legend

According to traditional accounts, she was an immensely popular queen and this is also attested by the fact that she is even today a part of folklore. The queen's story has been retold from generation to generation through folk songs and Yakshagana, a popular folk theatre in Tulu Nadu. In Bhoota Kola, a local ritual dance, the persona in trance recounts the great deeds of Abbakka Mahadevi. Abbakka is portrayed as dark and good looking, always dressed in simple clothes like a commoner. She is portrayed as a caring queen who worked late into the night dispensing justice. Legends also claim that Abbakka was the last known person to have used the Agnivana (fire-arrow) in her fight against the Portuguese. Some accounts also claim that she had two equally valiant daughters who fought alongside her in her wars against the Portuguese. Tradition however treats all three, mother and two daughters as the same person.

Most schoolchildren know the story of Lakshmibai, the queen of Jhansi, who died fighting British colonialism in India in the 1800s. But only a few have heard of Rani Abbakka Chowta who died fighting the Portuguese three centuries earlier! Rani Abbakka lived in a volatile era and data about her life is sketchy and incomplete. Yet, it is a story that needs to be told.

The Portuguese adventurer Vasco da Gama arrived in Kerala in 1498, ostensibly for trade. But by 1505, Kochi had become a satellite state of the Portuguese, and by 1510, Goa was a full-fledged Portuguese colony. It was clear now that the Portuguese wanted to colonise and not just trade in India. Krishna Deva Raya, the Tuluva king of the Vijayanagara empire, was a major deterrent to Portuguese territorial ambitions. Unfortunately, he died in 1529 and the decline of the Vijayanagara Empire began.

The Udupi-Dakshina Kannada-Kasaragod region, known as Tulu Nadu, was a valuable commercial territory because a lot of pepper and spice trade passed through it. It was a collection of principalities governed by different Tuluva kings who ruled as feudatories of the Vijayanagara emperor. The decline of the Vijayanagara Empire meant that they became substantially more autonomous, but the downside was that they also became more vulnerable to Portuguese hegemony. This is where Rani Abbakka Chowta's story begins. Abbakka's ancestors were Jain royals from Gujarat, who probably migrated to Karnataka's Tulu Nadu region around the 12th century. Having settled in Ullal (a port town near Mangalore), they became completely naturalised citizens, adopting the local language and customs as their own. Although, they were Jains, they adopted the Hindu god Somanatheshwara of the nearby Someshwar temple as their family deity. And, like the Tuluva warrior class, they followed a matrilineal system called Aliyasantana. This was similar to the Marumakkathayam matrilineal system followed by the Nairs of neighbouring Kerala. In this system, property passed on from mother to daughter (not father to son).

Under Aliyasantana, the son would get a very limited share but help the daughter in managing the inherited property. This system evolved in martial communities where most of the menfolk were busy in wars, and so women had a more important role in managing the family. This was also applicable when the inheritance in question was the kingdom itself. The prince who inherited the kingdom was not the king's son but his nephew (because the property belonged to the king's sister now!). What if the king had no nephew? The niece could become the queen in her own right. This is what happened in Abbakka's case.

Abbakka's uncle Thirumala Raya ruled Ullal during 1510-1544. He had no nephews, and so, he trained Abbakka in martial arts and statecraft. While it was not common to have a female head of state, it was certainly not unique. Thirumala got her married to Lakshmappa Arasa (aka Lakkarasa), the Banga king of the neighbouring Mangalore kingdom. The marriage was a strategic alliance during difficult times. In 1544, Abbakka succeeded Thirumala Raya as monarch of Ullal. She stayed at Ullal and raised her children. (Historians have different opinions on why she stayed apart. Was she estranged, or did she follow an Aliyasantana custom of bringing up children in her native home?)

At this time, Indian spices, especially pepper, were highly valued in the European markets. The international spice trade was dominated by the Arabs by virtue of their India connection. When the Portuguese entered India, they tried to browbeat and arm-twist Indian kings into signing monopsonic contracts with them and break the business relationship that they had with the Arabs and Persians. The Portuguese navy was a glorified pirate fleet which harassed Indian shipping. Using their considerable sea-power, they bullied kingdoms on the Indian west coast to pay 'kappa' (protection money). One by one, many kings succumbed to the pressure, but a few resisted. The most powerful resistor was the Zamorin, the king of Calicut. Some small kingdoms like Abbakka's Ullal held out too. Abbakka found a natural ally in the Zamorins. Yet, she knew that sooner or later, an armed confrontation would happen.

Abbakka was well prepared when the Portuguese commander Dom Alvaro de Silveira attacked Ullal in 1556. The Portuguese could not break in, but Abbakka could not break them either, and so, a temporary truce was agreed. In 1558, the Portuguese attacked again with a larger army under Louis DeMello. This time, they caused considerable damage to Ullal. But timely help came from some natural allies, the Moplahs of Malabar (settlers of Arab or Persian descent in Kerala) and the Zamorin of Calicut himself. This was too much for the Portuguese force, which retreated.

Throughout the war, Abbakka's husband, the Mangalore king, did not help at all. Anyway, peace returned to Ullal for the next few years and Abbakka boosted the economy by improving irrigation and trade. Ullal was once more a big spice exporter. This obviously did not go well with the Portuguese plans. Around 1568, the Portuguese attacked with a surprisingly large force under General Joao Peixoto and ransacked Ullal. Abbakka escaped and hid in a mosque.

Unfazed, she immediately gathered a guerrilla force of 200, attacked the Portuguese camp and killed Peixoto and forced the Portuguese to retreat. This was followed soon by guerrilla attacks on the Mangalore fort where the Portuguese admiral Mascarenhas was killed.

But the Portuguese managed to recapture the Mangalore Fort. Abbakka allied with the Bijapur Sultan and the Calicut Zamorin and continued harassing the Portuguese. Unfortunately, luck ran out for the alliance by early 1570. The Zamorin general was killed in battle and Abbakka was captured and killed. Abbakka lost the war as her husband assisted the Portuguese by revealing to them her strategies of warfare, which he was familiar with. She was arrested and jailed. However, the warrior that she was, she revolted in the prison and died as a soldier, fighting. The Portuguese now had control of virtually the entire west coast trade. This was to last over a century till another western power, the Dutch, dislodged them.

Even today, performing arts like Yakshagana and Bhoota Kola celebrate Abbakka's heroics. Folklore remembers what academia forgot!

Between the 13th and 17th centuries, five queens had ruled over Mangalore in the Banga dynasty. But the best example of a powerful queen is Rani Chennabhairadevi, queen of Gerusoppa, another Vijayanagara feudatory in Tulu Nadu. Like Abbakka, she too was a Jain. She ruled for 54 years during 1552-1606, making her probably the longest reigning Indian queen. The Portuguese called her Raina-da-Pimenta or 'Pepper Queen' and tried to control Gerusoppa, but she outwitted them.

Why did Lakshmappa not come to Abbakka's aid? The popular explanation for this is that Abbakka and Lakshmappa were already estranged. Alternatively, Lakshmappa was probably helpless because Mangalore had already succumbed to Portuguese pressure. Another credible theory is that Lakshmappa's nephew Kamaraya conspired with the Portuguese to seize the Mangalore throne. Kamaraya came to power by 1556, so, Lakshmappa's role had become irrelevant then. We need further evidence for a definitive answer.

PS. How did Abbakka, a follower of Jainism which advocates extreme non-violence, lead an army? Throughout history, we find examples of Jain kings heading powerful armies, like Mahendra Varma Pallavan, Arikesari Parankusa Maravarma Pandyan, Bindusara Maurya, and so on. The Jains outrightly condemned killing due to greed and hatred. But they were practical enough to accept carrying arms to protect citizens. To this day, there are many Jains in Indian armed and security forces.

rajeshsharma1049@gmail.com



Vasco da Gama before the Samorim of Calicut, by Veloso Salgado, 1898.

> Even today, performing arts like Yakshagana and Bhoota Kola celebrate Abbakka's heroics. Folklore remembers what academia forgot! Between the 13th and 17th centuries, five queens had ruled over Mangalore in the Banga dynasty. But the best example of a powerful queen is Rani Chennabhairadevi, queen of Gerusoppa, another Vijayanagara feudatory in Tulu Nadu. Like Abbakka, she too was a Jain. She ruled for 54 years during 1552-1606, making her probably the longest reigning Indian queen. The Portuguese called her Raina-da-Pimenta or 'Pepper Queen' and tried to control Gerusoppa, but she outwitted them.








Someshwar Beach, Ullal, Karnataka.



An undated painting shows Italian author Pietro Della Valle meeting Rani Abbakka at Manelu near Mangaluru, as per the instructions of Persian ruler Sha' Abbas.



Yakshagana performers in action.

#DEDICATION

# Karl Benz The Obsessive Visionary

In 1885, after years of struggle, Karl Benz built his first prototype, what would later be known as the Benz Patent-Motorwagen

Karl Benz, the inventor of the first gasoline-powered automobile, is often celebrated as a visionary who transformed the world of transportation. His journey, however, was not an easy one. Fueled by an unrelenting obsession with his vision of a practical, self-propelled vehicle, Benz dedicated his life to an idea that many considered impossible at the time.

### Early Life: A Passion for Engineering

Karl Friedrich Benz was born on November 25, 1844, in Mannheim, Germany, to a family of modest means. His father passed away when he was just two years old, leaving his mother to raise him alone. Despite the hardships, Benz showed an early fascination with mechanics and engineering. At 15, he enrolled at the Karlsruhe Polytechnical School, where he demonstrated exceptional aptitude for engineering. Upon graduation, he took up work in various engineering roles, but his mind was always fixed on one idea: building a self-propelled vehicle.

### The Obsession with the Automobile

While working as an engineer, Benz became increasingly fixated on the idea of creating an automobile that could run on gasoline, rather than steam or horses. His obsession with this vision pushed him to experiment tirelessly, even when others dismissed his ideas. At the time, the automobile was a far-fetched dream. The idea of a self-powered vehicle was met with skepticism, and steam-powered carriages were still the norm.

Benz spent countless hours refining his designs, making numerous mistakes along the way. He faced immense technical challenges, financial struggles, and constant rejection from investors and established engineers. But none of this deterred him.

### Creating the First Automobile

In 1885, after years of struggle, Karl Benz built his first prototype, what would later be known as the Benz Patent-Motorwagen. This three-wheeled vehicle was powered by a single-cylinder, four-stroke engine and was capable of a modest 0.75 horsepower. The car was rudimentary by modern standards, but it was revolutionary for its time. It represented the culmination of Benz's obsessive vision: a gasoline-powered vehicle that could operate independently, without the need for horses or steam.

### The Pioneering Drive: Bertha Benz's Historic Journey

Benz's invention still had a long way to go before it would be recognized as a viable mode of transport. The public was skeptical, and potential customers were unsure about embracing this new technology. However, in 1888, Bertha Benz, Karl's wife, played a pivotal role in demonstrating the automobile's potential. She took the Benz Patent-Motorwagen on a long-distance journey from Mannheim to Pforzheim, 106 kilometers (66 miles), without informing her husband. This was not just an adventurous act; it was an important moment in history.

Bertha's drive was a success, and it drew significant attention to the automobile. Along the way, she had to solve practical problems, such as cleaning the fuel line and making the brakes more effective, which led to vital improvements in the car's design.

### The Relentless Pursuit of Perfection

Benz's obsession with perfecting his invention didn't stop with the Motorwagen. Over the years, he continued to refine the design, adding wheels, improving the engine, and expanding the automobile's capabilities. He introduced a four-wheeled version of the automobile in 1893, marking another significant step in making his creation more practical. By 1894, he had established his company, Benz & Cie., and began producing cars for the growing number of people interested in owning a vehicle. Despite fierce competition and skepticism from many quarters, Benz's unwavering belief in his invention began to pay off.

### Legacy: A Vision Realized

Today, the Mercedes-Benz brand is one of the most recognized names in the world of automobiles, a testament to Benz's relentless pursuit of a dream that no one else believed in.

Benz's life is a powerful reminder of the importance of vision, persistence, and obsession in achieving greatness. He was willing to sacrifice everything, time, money, and comfort, to bring his idea to life, and his legacy lives on in every car on the road today. Karl Benz didn't just build a car; he built a future.







## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जोधपुर : कंपनी में इंवेस्टमेंट के नाम पर कई लोगों से छह करोड़ की धोखाधड़ी

## कंपनी में इंवेस्टमेंट के नाम पर बड़ा मुनाफा और एजेंट के तौर पर काम करने का प्रलोभन दिया था

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 18 ई में रहने वाले व्यक्ति से कुछ लोगों ने एक कंपनी में इंवेस्टमेंट के नाम पर बड़ा मुनाफा और एजेंट के तौर पर काम करने का प्रलोभन देकर पांच-छह करोड़ का फ्रॉड कर लिया। पीड़ित ने अदालत की शरण लेकर अब महामंदिर थाने में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। पुलिस ने घटना में अब अग्रिम जांच आरंभ की है। मामले में रमेश पुरी पुत्र भीमपुरी ने रिपोर्ट दी।

- **आरोपियों ने झांसा दिया था कि कम्पनी भारत में करीब 16 राज्यों में हर तरह का व्यवसाय करती है तथा उसका काफी अच्छा मुनाफा देती है**
- **पीड़ित ने अदालत की शरण लेकर महामंदिर थाने में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी, पुलिस ने जांच शुरु की**

रिपोर्ट में समृद्ध जीवन मल्टी स्टेट मल्टी प्रपोज कॉपरेटिव सोसाईटी लिमिटेड एवं समृद्ध जीवन फुड्स इण्डिया लिमिटेड के डायरेक्टर महेश किशन मोतेवार और अन्य पर आरोप लगाया गया है। वैशाली मोतेवार, राजेश पंडूरंग, विनोद डांगी, राजस्थान यूनिट हैड, निवासी गांव बीबीसर जिला झुन्झुनूं, राजेश मात्रे निवासी पुणे, प्रभाद पारसबार घनश्याम, जसभाई, सोमनाथ, अरूण भालेराव पारसवार, लीला महेश मोतेवार, अभिषेक मोतेवार एवं राजेश को भी नामजद किया गया है।

पीड़ित ने बताया कि विनोद डांगी नाम के व्यक्ति ने मेरे व मेरे अन्य साथियों से सम्पर्क कर बताया कि वह समृद्ध जीवन फुड्स इण्डिया लिमिटेड व समृद्ध जीवन मल्टी प्रपोज कॉ-ऑपरेटिव सोसाईटी लिमिटेड़ जिसका ऑफिस मैन पावटा सनसिटी अस्पताल के पास रखा तथा इसका मुख्यालय पुणे में है। कम्पनी भारत में करीब 16 राज्यों में हर तरह का व्यवसाय करती है तथा उसका काफी अच्छा मुनाफा देती है। आप भी हमसे जुड़ों और अपना निवेश करों व एजेंट के रूप में अन्य लोगों का निवेश कराओं, जिस पर मैं व मेरे अलावा कुशालाराम सोलंकी, हनुमानाराम, सुनन्दा बोराणा, कैलाश राव, प्रेमाराम, रूपाराम, बाबूलाल जांगिड़, अब्दुल मुजीब, अनिता बोराणा, जेठमल, पूजा बोराणा व रमेश पूरी हम सब उनसे मिलने उनके पावटा ऑफिस गए। तब विनोद डांगी ने बताया कि कम्पनी का एक पेपर चलता है, टीवी चेनल व होटल, इंजीनियरिंग कॉलेज, अस्पताल, बकरी व भैंस पालन, कृषि कार्य आदि का कार्य करती है। जिस पर विनोद डांगी पर विश्वास करके उनके डायरेक्टर व सह डायरेक्टर व कम्पनी के अन्य अधिकारियों से बात की। इसके बाद अधिकारियों ने हमें पुणे बुलाया तथा हम सब के साथ उन्होंने मिटिंग की, जिसमें कम्पनी के डायरेक्टर महेश किशन गोतेवार, वैशाली महेश किशन गोलेवार, राजेश पाण्डुरंग भण्डारे, घनश्याम, राजेश, जस भाई, राजेश मात्रे, सोमनाथ, अरूण भालेराव, प्रसाद पाररावार, लीला महेश किशन मोतेवार, अभिषक मोतेवार पुत्र महेश किशन मोत्तेराव आदि ने हम लोगों से काफी बातचीत की व अपने व्यवसाय के बारे में बताया व हमें अपनी कम्पनी में इन्वेस्ट करने व एजेंट के रूप में कार्य करने को कहा, इस पर हमने उनकी झूठी बातों पर विश्वास करते हुए एजेंट के रूप में कार्य करना आरम्भ किया।

पीड़ित ने बताया कि जोधपुर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से व स्वयं के रूपए एकत्रित करके किश्तों व एक मुश्त करीब 5 से 6 करोड़ रूपए विनोद डांगी व कम्पनी के कार्यालय में जमा करवाए तथा उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि हमारी योजना की अवधि पूर्ण होने पर कम्पनी द्वारा आप लोगों के जमा राशि मुनाफा सहित आपके बैंक खातों में जमा हो जाएगी तथा एक बार महेश किशन मोतेवार जोधपुर आया तथा हमसे मुलाकात की। बाद में हमें अजमेर के पास कैकड़ी में 700-800 बीघा जमीन पर बकरी पालन, भैंस पालन व अन्य कृषि कार्यों के बारे में बताया तथा हमें वहां ले जाकर विजिट भी करवाई और उन्होंने कहा कि जोधपुर के आसपास गांवों में बड़ी जमीन देख लो, जिसमें ये ही कार्य करेंगे, जिसकी देखरेख आप लोग करोगे। इनकी लालच भरी बातों व झूठे प्रलोभन में आ गए और कराड़ों रूपये इनके पास जमा करवा दिए। जब समयावधि पूर्ण हो गयी तो किसी के खाते में पैसे नहीं आया, तब हमने विनोद डांगी व अन्य कम्पनी के अधिकारियों से इस संबंध में बात की तो वे लोग टालम टोलकर व झांसे देते रहे। बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। इस तरह उन लोगों ने पांच छह करोड़ का फ्राड किया।

# लालसोट के गोल गांव से मादा लैपर्ड को पकड़ा



**वन विभाग की टीम ने सतर्कता से लैपर्ड को पिंजरे में काबू कर लिया।**

**लालसोट, (निसं)।** आंतरी क्षेत्र में गोल गांव आबादी क्षेत्र में बीच लैपर्ड की दस्तक ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। कई दिनों तक ग्रामीणों की नींद उड़ी रही, लेकिन वन विभाग की सतर्कता से आखिरकार इस लैपर्ड को काबू कर लिया गया।

- **कई दिनों तक आबादी क्षेत्र के बीच लैपर्ड ने दहशत फैला रखी थी**

रेंजर रामकिशन मीणा के अनुसार 27 मार्च को ग्रामीणों ने लैपर्ड की मूवमेंट की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाकर लैपर्ड की मौजूदगी की पुष्टि की। इसके बाद गांव के पास स्थित पीएचसी के नजदीक पहाड़ी की तलहटी में पिंजरा लगाया गया और लगातार निगरानी शुरू कर दी गई। कई दिनों की घेराबंदी के बाद गुरुवार रात ऑपरेशन सफल हुआ और लैपर्ड पिंजरे में कैद हो गया। जैसे ही खबर फैली, मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति को बिगड़ता देख वन विभाग की टीम ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए भीड़ को हटाया और पूरे क्षेत्र को सुरक्षित किया। पिंजरे में कैद लेपर्ड को सुरक्षित वन विभाग की गाड़ी में रखकर लालसोट वन कार्यालय लाया गया। जांच में यह करीब डेढ़ साल की स्वस्थ मादा लैपर्ड पाई गई। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग ने बिना देर किए इस लैपर्ड को सरिस्का के घने जंगलों में छोड़ दिया। समय रहते हुए इस ऑपरेशन से बड़ा हादसा टल गया और गोल गांव सहित आसपास के इलाकों के लोगों ने राहत की सांस ली।

## रामगंजमंडी में अंधड़ से बिजली आपूर्ति ठप, जलापूर्ति बाधित

**रामगंजमंडी, (निसं)।** रामगंजमंडी पेयजल परियोजना के अंतर्गत राणाप्रताप सागर बांध स्थित आम्बाकुई इंटेक वेल पर बीती रात आए तेज अंधड़ एवं बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जानकारी के अनुसार 33केवी लाइन का तार टूटने से शुक्रवार प्रात: लगभग 6.40 बजे से पावर सप्लाई बंद है, जो देर शाम तक चालू नहीं हो सकी है।

- **पावर लाइन के सुधार एवं मेंटेनेंस का कार्य जारी**

विद्युत विभाग द्वारा उक्त पावर लाइन के सुधार एवं मेंटेनेंस का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण वीटी पम्प भी बंद हैं, जिससे जल उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है। इस स्थिति के चलते चार अप्रैल शनिवार को रामगंजमंडी शहर सहित सातलखेड़ी, खैराबाद, चेचट, मोड़क स्टेशन, मोड़क गांव एवं परियोजना से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में प्रात:कालीन जलापूर्ति बाधित रहेगी।

# श्रीगंगानगर में लड़की की शादी को बाल विवाह मानकर रुकवाया

## लड़की की उम्र 18 वर्ष से 5 माह कम थी, बारात भी बीकानेर से दरवाजे तक आ चुकी थी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पदमपुर कस्बे के वार्ड नंबर 16 में 2 अप्रैल को एक लड़की की शादी को बाल विवाह मानकर रुकवा दिया गया है। लड़की की उम्र 18 वर्ष से 5 माह कम थी। उसकी बारात भी बीकानेर से दरवाजे तक आ चुकी थी। बाल कल्याण समिति और पदमपुर पुलिस ने यह शादी लड़की के 18 वर्ष की हो जाने के बाद करने के लिए परिवार वालों को पाबंद किया है। हालांकि दूल्हे ने तर्क दिया कि वे तो सगाई करने आए हैं। शादी तो नवंबर माह में करेंगे, लेकिन अधिकारियों ने युवक के दूल्हे के वस्त्र पहनकर और बारात के वाहनों पर लगे स्टीकर, शादी के कार्ड आदि दिखाए तो दूल्हा भी सकपका गया।

- **बाल कल्याण समिति और पदमपुर पुलिस ने यह शादी लड़की के 18 वर्ष की हो जाने के बाद करने के लिए परिवार वालों को पाबंद किया**

चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक त्रिलोक वर्मा ने बताया कि इस संबंध में चाइल्ड हेल्प लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर कॉल आई थी। मिली सूचना की प्रारंभिक तस्दीक करवाने के बाद 2 अप्रैल को शादी होने का पता चला। गुरुवार को समिति अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक, सदस्य आनंद मारवाल, वंदना गौड़, राजस्व पटवारी ओकेश खुड़िया, पदमपुर एसएचओ सुमन जयपाल, ड्यूटी ऑफिसर बाल कल्याण अधिकारी एएसआई हरजिंद्र सिंह मय जाब्ता विवाह स्थल पर पहुंचे। टीम के पहुंचने से पहले बीकानेर से बारात दूल्हन के घर तक पहुंच चुकी थी।

बारात के स्वागत के बाद मेहमान भोजन ग्रहण कर रहे थे। इधर फेरों की तैयारी थी। टीम ने दुल्हन के जन्म प्रमाण पत्र संबंधी दस्तावेज मांगे। माता-पिता की ओर से जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड प्रस्तुत किए। इसमें दुल्हन की जन्म तिथि 25 अगस्त 2008 थी। इस पर लड़की की उम्र 18 वर्ष से 5 माह और 23 दिन कम थी। प्रशासन ने परिवार को यह शादी लड़की के 18 वर्ष की होने तक नहीं करने को पाबंद किया। परिजन लड़की की शादी जगह या समय बदल कर नहीं कर दें, इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई है। एसएचओ सुमन जयपाल ने दूल्हे सहित उसके परिवार के सदस्यों को थाने ले जाकर कानून के बारे में जानकारी दी। इधर शादी करवाने आए पंडित पुलिस और बाल कल्याण समिति की टीम को देखकर मौके से फरार हो गया। वहीं हलवाई और टेंट के प्रबंधक को पुलिस ने कानून के बारे में बताया और आगे से बुकिंग से पहले लड़का-लड़की के बालिग होने के प्रमाण देखकर ही शादी के कार्यक्रम की बुकिंग के लिए पाबंद किया।

## कार से 100 ग्राम एमडी बरामद, दो जनों को पकड़ा

**बीकानेर, (निसं)।** एंटी नॉरकोटिक्स टॉस्क फोर्स ने गजनेर हाइवे पर एमजीएसयू के पास कार में सवार दो लोगों को 100 ग्राम एमडी के साथ हिरासत में लिया। आरोपियों में एक नाबालिग है।

एएनटीएफ बीकानेर चौकी टीम को सूचना मिली थी कि गजनेर हाइवे पर महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के पास एक कार खड़ी है, जिसमें दो-तीन व्यक्ति हैं, जो यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को नशे की सप्लाई करते हैं। सूचना मिलने के बाद एएनटीएफ टीम ने एमपी नगर थाना पुलिस के साथ मौके पर दबिश देकर एक कार को घेराबंदी में लेकर उसमें सवार बच्छासर निवासी रामेश्वर भादू और एक नाबालिग को दबोचकर उनके कब्जे से 100 ग्राम एमडी बरामद की। कार को कब्जे में लिया। एमपी नगर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। वहीं एएनटीएफ की फलौदी चौकी टीम ने चांखू थाना इलाके में कार्यवाही कर भारतमाला हाइवे पर बुगंडी की तरफ रेस्ट एरिया के एक ढाबे में दबिश देकर मौके पर 539 ग्राम अफीम और करीब सवा तीन किलो डोडा-पोस्त बरामद किया है। बीकानेर बांद्रा बास निवासी पूनम सिंह राजपुरोहित को हिरासत में लिया है।

## छबड़ा के मजदूर की बाड़मेर में संदिग्ध मौत

**छबड़ा, (निसं)।** छबड़ा के सेमला निवासी एक मजदूर की बाड़मेर जिले के ग्राम हड़वा तहसील शिव में संदिग्ध परिस्थितियों में आकस्मिक मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है, जिससे परिजनों एवं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोडू लाल (45) पुत्र मथुरा लाल की आजीविका की तलाश में कुछ समय पूर्व बाड़मेर गए थे, जहां वे एक कंपनी में ठेकेदार के अधीन मजदूरी कार्य कर रहे थे। मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे उनके छोटे भाई विनोद लोधा को फोन के माध्यम से उनके निधन की सूचना मिली, किंतु मृत्यु के कारणों के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई। अचानक हुई इस दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि रोडू लाल परिवार के एकमात्र मुख्य कमाने वाले सदस्य था, ऐसे में उनके असामयिक निधन से परिवार के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

# राज. राजस्व मंडल के सदस्य किशोर कुमार का निधन

**अजमेर/जयपुर।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं राजस्थान राजस्व मंडल के सदस्य किशोर कुमार का जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।



**किशोर कुमार ( फाईल फोटो )।**

बताया जा रहा है कि किशोर कुमार की तबीयत खैरथल जिला कलैक्टर के पद पर कार्यरत रहने के दौरान अचानक खराब हो गई थी। स्वास्थ्य कारणों के चलते उनका तबादला बाद में अजमेर स्थित राजस्व मंडल में सदस्य के पद पर कर दिया गया था, जहां वे हाल ही में अपनी सेवाएं दे रहे थे। किशोर कुमार मूल रूप से जयपुर के दुर्गापुरा क्षेत्र के निवासी थे, लेकिन उनका अजमेर से गहरा जुड़ाव रहा। उन्होंने अपने प्रशासनिक करियर में अजमेर में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे डीएसओ, एडीएम सिटी, अजमेर विकास प्राधिकरण में सचिव सहित कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुके थे। उनके कार्यकाल को उनकी कार्यकुशलता और ईमानदारी के लिए याद किया जाता है। उनके निधन से न केवल प्रशासनिक सेवा को अपूरणीय क्षित हुई है, बल्कि उन्हें जानने वाले सभी लोगों में गहरा दुख है। किशोर कुमार अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं, जो वर्तमान में अध्यनरत है।

# डूंगरपुर में विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बलवाड़ा गांव में शुक्रवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका की पहचान सीमा के रूप में हुई है। सीमा का करीब तीन साल पूर्व बलवाड़ा निवासी नरेश अहारी के साथ प्रेम विवाह हुआ था। उनकी डेढ़ साल की एक बेटी रितिका भी है।

सीमा के पिता कांतिलाल कटारा, निवासी रेलडा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि सीमा 29 मार्च को अपने पीहर रेलडा आई थी। दो दिन रुकने के बाद 31 मार्च को उसके माता-पिता उसे ससुराल बलवाड़ा छोड़कर आए थे। सीमा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस और पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक ने सुसाईड किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना क्षेत्र के वासुवा गांव में एक युवक ने मवेशी घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान सुखदेव मनात के रूप में हुई है, जो दो दिन पहले ही अहमदाबाद से अपने घर आया था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। वासुआ निवासी प्रताप मनात की दर्ज रिपोर्ट के अनुसार उनका बेटा सुखदेव मनात अहमदाबाद में मजदूरी करता था। सुखदेव सुबह घर पर ही था और महुएं बीनने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान जब उसकी मां रसोई में खाना बना रही थी, सुखदेव ने मवेशी घर में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

# एमपी पुलिस ने छबड़ा निवासी तस्कर को डोडा-चूरा सहित पकड़ा

**छबड़ा, (निसं)।** एमपी की धरनावदा पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान छबड़ा निवासी अंतर्राज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.96 किलोग्राम डोडा-चूरा सहित तस्करी में इस्तेमाल बाइक जब्त की है।

- **आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया**

धरनावदा पुलिस ने बताया कि झागर चौकी पुलिस द्वारा धरनावदा-छबड़ा रोड स्थित पार्वती नदी पुलिया के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी की। चैकिंग के दौरान छबड़ा की ओर से एक काले रंग की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी, जिसके पीछे एक बोरा बंधा हुआ था। पुलिस द्वारा वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक द्वारा वाहन न रोकते हुए भागने का प्रयास किया गया। पुलिस बल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम देवकिशन मीना (31) पुत्र बाबूलाल निवासी युसुफपुरा गांव थाना पाली का होना बताया। आरोपी के कब्जे में मोटरसाइकिल पर बंधे बोरे की तलाशी लेने पर उसमें से 10.960 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा आरोपी से बरामद डोडा-चूरा और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## पत्थर ले जाते वाहन जब्त

**कोटा, (निसं)।** नान्ता पुलिस टीम व खनिज विभाग टीम ने संयुक्त रुप से इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध रुप से पत्थर परिवहन करते दो डंपर व 15 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि नान्ता थाने के थानाधिकारी महेश कुमार गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम व खनिज विभाग के खनी कार्यदेशक प्रथम गोविन्द प्रसाद शर्मा की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए नान्ता क्षेत्र में मैसेनरी स्टोन (पत्थर) से भरे हुए बिना रवन्ना पाये जाने पर दो डंपर व 15 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

# छबड़ा में भूमाफिया ने वर्षों पुराने तालाब पर कब्जा किया

**छबड़ा, (निसं)।** पूर्व विधायक करणसिंह राठौड़ ने धींगराड़ी में वर्षों पुराने तालाब को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त करने के लिए जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा।

राठौड़ ने बताया कि खसरा नंबर 234/1 में स्थित तालाब का निर्माण मनरेगा योजना एवं भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल में काम के बदले अनाज योजना के लाखों रुपए खर्च कर के निर्माण किया गया था। यह तालाब पिछले लगभग 30 वर्षों से गांव के सार्वजनिक उपयोग में रहा है। उन्होंने कहा कि आज तक इस तालाब पर किसी भी व्यक्ति द्वारा न तो काश्त की गई है और न ही किसी प्रकार का कब्जा किया गया है, यह पूरी तरह से सार्वजनिक उपयोग में रहा है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा तालाब तहसील में मिलीभगत कर कब्जा कर लिया गया है। जिस खसरा नंबर 234/1 पर आज तक किसी ने काश्त नहीं की, उसको भूमाफियाओं ने किसी बाहरी व्यक्ति की जमीन का एलॉटमेन करवा कर सड़क के किनारे स्थित तालाब पर खाते में दर्ज कर लिया, जो बेशकीमती है। राठौड़ ने कहा कि तालाब को पूरा गांव वर्षों से पशु पेयजल के लिए काम में लेता आया है। भूमाफियाओं को प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त होने पर सार्वजनिक संपत्ति को भी नहीं छोड़ रहे हैं। राठौड़ ने एसडीएम और जिला कलैक्टर से उक्त सम्पूर्ण प्रकरण पर शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है और अतिक्रमण से मुक्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों के साथ इसको मुक्त करने का आंदोलन किया जाएगा।

- **पूर्व विधायक ने तालाब को भूमाफिया के कब्जे से मुक्त करने के लिए कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा**



**छबड़ा के धींगराड़ी में वर्षों पुराने तालाब पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया।**

# डूंगरपुर में एक दर्जन से अधिक सायबर ठग गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला पुलिस द्वारा सायबर ठगों के खिलाफ पुलिस थाना टीमों की संयुक्त कार्रवाई में एक बाल अपचारी को डिटेन कर, 13 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिनकी निशानदेही पर कई वाहन, मोबाइल, सिम कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी आमजन को ठगने के लिए खंडहर, जंगलों, खेतों के मचान, डेम के पास टापू का उपयोग करते थे।

- **आरोपियों की निशानदेही पर वाहन, मोबाइल, सिम कार्ड बरामद**



**पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सिम कार्ड व मोबाइल जब्त किए।**

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिलेभर में सायबर ठगों की कार्यवाही से कई नागरिक शिकार हो रहे थे। आरोपियों की इस बढ़ती गतिविधियों को लेकर दोवड़ा, आसपुर, साबला तथा जिला विशेष टीम के कोई तीन दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों को उनकी धरपकड़ के लिए लगाया गया, जो एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर आमजन से करोड़ों रुपए ठगी कर रहे थे। इसी सूचना के आधार पर जिला सायबर सेल के कांनि. हेमेंद्र सिंह को सूचना मिली कि आसपुर क्षेत्र के सोम कमला आंबा डेम के किनारे पर बने टापू कुछ लड़के बैठकर सायबर ठगी कर रहे हैं। मिली सूचना के आधार पर उनकी धरपकड़ के लिए पुलिस थाना आसपुर, दोवडा, साबला तथा सायबर सेल की विशेष टीमों द्वारा फतेहपुरा अमृतिया होते हुए सोम कमला आंबा गांव के कमलेश्वर महादेव मंदिर के पीछे से जा रहे रास्ते पर डेम के टापू के पास करीब 10-12 लड़के पेड़ों के पीछे तथा उनके द्वारा मोबाइल का लगातार उपयोग किया जा रहा था जिसपर सभी टीमों ने घेरा डालकर इनकी बातों का सत्यापन किया। पुलिस ने जब इनकी पूछताछ करने पर संतोषपद जवाब नहीं दे पाए, जिस पर पुलिस ने उनके मोबाइलों की डिटेल चेक की। साथ ही उनके बैंक खातों की भी जांच की गई, जिस पर यह पुष्टि हो गई कि फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी कर रहे हैं। यही नहीं वे ग्राहकों को अश्लील फोटो दिखाकर ठगी कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में नरेश पुत्र मेघजी पाटीदार, गणेश पुत्र भूरालाल पाटीदार, मेहुल पुत्र देवीलाल सुथार, गणेश पुत्र लालजी पाटीदार, प्रकाश पुत्र मनजी पाटीदार, विजय पुत्र पेमजी पाटीदार, हितेश पुत्र देवेग पाटीदार, तेजपाल पुत्र लालजी पटेल, दिनेश पुत्र अमरजी पाटीदार, नरेश पुत्र अमरजी पाटीदार, भावेश पुत्र हीरालाल पाटीदार, मनीष पुत्र मोगजी पाटीदार, एक विधि से संघर्षरत बालक को डिटेन कर उनके कब्जे से थार जीप, मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड तथा रुपए बरामद किए।

## संक्षिप्त

### ट्रेलर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के मारी टक्कर

**निवाई।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राधारानी होटल के सामने एक अनियंत्रित ट्रेलर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बरोनी थानाधिकारी सुश्री कुसुम ने बताया कि गांव गोविन्दपुरा तहसील श्री माधोपुर जिला सीकर निवासी महिपाल (30) पुत्र बजरंगलाल जाट सीकर से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर टोंक में खाखला (भूसा) लेने जा रहा था। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राधारानी होटल के सामने एक अनियंत्रित ट्रेलर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चालक महिपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन की सहायता ट्रैक्टर-ट्रॉली को सडक के किनारे करवाकर यातायात को सुचारू किया। ट्रेलर चालक ट्रेलर को छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त करके पुलिस थाने में खडा करवा दिया है। पुलिस ने मृतक के शव का निवाई उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### अपहरण के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** निवाई बाईपास पर बरथल तिराहे से कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति का फिल्मी स्टाइल में अपहरण करने के प्रकरण का खुलासा करते हुए डीएसटी टीम व बरोनी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसटी टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहरण के मामले में घाटी वाला मौहल्ला निवाई निवासी चन्दू उर्फ राकेश पुत्र राजू नामा, निवाई निवासी मोहित पुत्र गिर्राज परीडवाल, नया गांव निवासी मनराज पुत्र सोहनलाल गुर्जर व राधेश्याम उर्फ राधे पुत्र मेवाराम को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में हैड कानि शरीफ मोहम्मद, कानि प्रधान, कानि. शिवपाल, कानि रुकमकेश, कानि राधामोहन, कानि राधाकिशन, कानि राजेश कुमार व बरोनी थाना पुलिस का योगदान रहा। बरोनी थाना प्रभारी कुसुम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

### हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा की बैठक आज

**निवाई।** अलियाबाद मोड पर स्थित अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के छात्रावास में शनिवार को सुबह 11 बजे अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचन्द कोठोत्या बम्बाला व राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम सरसिनिया अलियाबाद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया व छात्रावास समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा ने बताया कि बैठक में अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 1 मई को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा ने बताया कि बैठक में सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी एवं कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी।

# प्रागपुरा थाने में कार्यभार संभालते ही एसपी सतवीर सिंह एक्शन मोड पर

**पावटा।** जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसपी द्वारा थाना प्रागपुरा में परिवादियों की शिकायतों की जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान यहां अधिकारियों और स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश निठारवाल व विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल व प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम सहित जनप्रतिनिधियों, सुरक्षा सखियों व गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से कोटपुतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह द्वारा पुलिस थाना प्रागपुरा में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में वृत्त विराटनगर सहित पूरे वृत्त क्षेत्र के विभिन्न थानों से आए परिवादियों ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण, रास्ता



पावटा में नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने जनसुनवाई की।

अवरोध, मारपीट, पावटा कस्बे में जाम की व्यवस्था, बजरी खनन, नशे के कारोबार मामलों को लेकर एवं अन्य सामाजिक-प्रशासनिक मुद्दों से जुडे मामलों की सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने प्रत्येक परिवाद को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करना पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवादियों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और हर मामले में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखी जाए। इस अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने भी आमजन को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान तय समय सीमा में किया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम से तुरंत संपर्क करें। वही एसपी सतवीर सिंह ने प्रागपुरा थाने का निरीक्षण करते हुए थाने में रिकॉर्ड संधारण की स्थिति को बारीकी से जांचा तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर न्याय मिल सके। इसके साथ ही सतवीर सिंह ने मालखाना व्यवस्था, जब्त सामान के रख-रखाव और रजिस्टरों के संधारण को भी परखा। उन्होंने मालखाने की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा रिकॉर्ड को अपडेट रखने के निर्देश दिए। थाने परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को लेकर भी उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बेहतर वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। एसपी ने अधिकारियों और कार्मिकों से कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता बढ़ाई जाए और सक्रिय पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आमजन के साथ संवेदनशील और मित्रवत व्यवहार रखने की बात कही, ताकि पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- आमजन को दिया त्वरित न्याय का भरोसा
- एसपी ने किया प्रागपुरा थाने का निरीक्षण

## उप निरीक्षक प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन 5 व 6 को

**टोंक।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर जिला मुख्यालय के 24 परीक्षा केन्द्रों पर 5 व 6 अप्रैल को प्रात: 11 से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक उप निरीक्षक व प्लाटून कमाण्डर प्रतियोगी परीक्षा 2025 का आयोजन होगा।

एडीएम रामरतन सौकरियां ने बताया कि परीक्षा में 19 हजार 248 अभ्यर्थी शामिल होगें। परीक्षा के सफल संचालन के लिए 4 सर्तकता दलों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की गहन सुरक्षा जांच की जायेगी। परीक्षार्थी लाख/कांच की पतली चूडियों के अलावा अन्य कोई जेवरात पहनकर नही आएं। साथ ही घडी, धूप का चश्मा, बेल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, गण्डा/ताबीज, कैप/हेड, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नही होंगे। एडीएम रामरतन सौकरियां ने बताया कि पुरुष अभ्यर्थी आधी आस्तीन के शर्ट, टी-शर्ट, कुर्ता एवं पेंट, पायजामा और हवाई चप्पल, स्लीपर पहनकर आऐंगे एवं महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साडी, आधी आस्तीन का कुर्ता, ब्लाउज, हवाई चप्पल, स्लीपर पहनकर एवं बालों में साधारण रबर बैण्ड लगाकर आयेगी।

**नंदलाल लांगडी दिल्ली में सम्मानित :** निवाई में दिल्ली के फरीदाबाद में आयोजित अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग बैंसला व संस्थापक नरेंद्र डेढा ने प्रदेश उपाध्यक्ष नंदलाल लांगडी आदि।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्रीमती उपासना गुप्ता पत्नी श्री पवन खण्डेवाल व श्री पवन खण्डेवाल व श्री पवन खण्डेवाल पुत्र श्री मुरारी लाल निवासीयान प्लाट नम्बर 21 फ्लेट नम्बर एफ-01 जगत विहार, जगतपुरा, जयपुर राजस्थान द्वारा बिग्रेडियर अतुल मिश्रा पुत्र स्व. श्री एस.एन. मिश्रा निवासी जे-1105 सीसपाल विहार सेक्टर 49 साउथ सिटी सैकिण्ड, गुडगांव हरियाणा से उनके स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति फ्लैट नम्बर ए-502, 5वीं ब्लॉक -ए सिटी ऑफ गोल्डन डोम्स, स्काउट कैम्पस, ब्रज विहार रेल्वे ओवरब्रीज के पास, जगतपुरा जयपयुर राजस्थान में स्थित है जिसका बिल्टअप एरिया 1284 वर्गफीट एवं कॉमन फैसिलिटिज एरिया 321 वर्गफीट है को खरीद करने हेतु एचडीएफसी बैंक लि. से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को बंधक रखना चाहते है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद/बंधक से किसी भी प्रकार का कोई एतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड) एडवोकेट
दिनांक -02.04.2026 मो.नं. 9829256466
डूंगरवाल हाउस नानाजी । बाग, मोती डूंगरी रोड, फतेह टीबा मार्ग, जयपुर-302004

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल सुशीला मीणा पत्नी स्व. श्री विष्णु कुमार मानुताल, जाति मीणा, निवासी ई-13, सैकेंड लेन, प्रताप नगर, अमानीशाह दरगाह के पास, शास्त्री नगर, जयपुर 302016 (राज.) स्वयं के पति श्री विष्णु कुमार मानुताल पुत्र श्री सुरजन सिंह मीणा के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति आवासीय फ्लेट/यूनिट नंबर 902, 9वीं फ्लोर, ब्लॉक ई, मंगलम गार्डन सिटी, फेज-सैकिण्ड स्थित खसरा नं. 1774/1, 1775/1, 2042, 2045, से 2049 एवं अन्य खसरा ग्राम मुहाना, तहसील, सांगानेर जयपुर (राज.) में स्थित है जिसका कुल सुपर बिल्ट अप एरिया 2493 वर्गफीट है। जिसे मेरी मुवक्किल के पति विष्णु कुमार मानुताल ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण खाता संख्या 702415425 है, मेरी मुवक्किल के पति श्री विष्णु कुमार मानुताल का स्वर्गवास 21.12.2025 को हो चुका है, उक्त श्री विष्णु कुमार मानुताल पुत्र श्री सुरजन सिंह मीणा के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में मेरी मुवक्किल सुशीला मीणा पत्नी स्व. श्री विष्णु कुमार, मानुताल, श्रीमती शांति पत्नी श्री सुरजन सिंह मीणा तथा (1) गौरव मानुताल (2) प्रशांत मानुताल पुत्रान स्व. श्री विष्णु कुमार मानुताल है इनके अलावा स्वर्गीय श्री विष्णु कुमार मानुताल पुत्र श्री सुरजन सिंह मीणा का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नहीं है, चूंकि श्री विष्णु कुमार मानुताल पुत्र श्री सुरजन सिंह मीणा के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एचडीएफसी लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरी मुवक्किल स्वयं के पति श्री विष्णु कुमार मानुताल पुत्र श्री सुरजन सिंह मीणा के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एचडीएफसी लिमिटेड) सी-25, भगवान दास रोड, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहती है इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।
(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
6/48, मालवीय नगर, जयपुर, मोबाईल 9829218044

## कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने मरीजों से संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने शुक्रवार को यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से संवाद कर दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सालय के मेडिकल इमरजेंसी, ट्रौमा सैंटर, ब्लड बैंक, आईसीयू, डायलेसिस, एसएनसीयू, एमसीएच, सोनोठाफी, आईपीएचएल लैब, रामाश्रय, दवा वितरण केन्द्र व अन्य वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने रोगियों एवं तीमारदारों को आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित कर सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिये।

अस्पताल के इमरजेंसी एवं पीएनसी सहित अन्य वार्डों में भ्रमण कर रोगियों से चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर उनसे कुशलक्षेम जाना तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में आने वाले रोगियों को नि:शुल्क दवा एवं नि:शुल्क जांच आदि सुविधाओं की जानकारी लेकर चिकित्सकीय जांच हेतु अस्पताल में उपलब्ध सभी उपकरणों के रखरखाव की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्डों एवं चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष जताते हुये वार्डों में रोगियों के बैडों की चादरों को नियमित रूप से बदलने एवं नियमित सफाई करने तथा चिकित्सालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल आदि व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि आगंतुकों को माँ योजना सहित अन्य राजकीय योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में देते हुये उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करें। उन्होंने दवाईयों का पर्याप्त भण्डारण रखने, ड्रग हाउस से समन्वय बनाये रखते हुये समय पर आपूर्ति करने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्डों में भर्ती रोगियों से रूबरू होकर दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होने की कामना की।

- देखी सफाई व्यवस्था, मरीजों से किया संवाद, उपलब्ध चिकित्सक उपकरणों और दवाओं की ली जानकारी, चिकित्सकों को दिये निर्देश

## हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**फुलेरा।** कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम देखने को मिल रही है। हलवाई बाजार स्थित कूकू बाबा की बगीची में 21वें भव्य हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव का आयोजन श्री जय बजरंग मानस मंडल के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के तहत सुबह 9:15 बजे हनुमान जी महाराज का अभिषेक, भव्य श्रंगार एवं पूजा-अर्चना की गई, इसके बाद दोपहर 3:15 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसका समापन महाआरती के साथ किया गया। रात्रि 8 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। न्यू गार्ड कॉलोनी स्थित श्री रामेश्वर मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया , जिसके अन्तर्गत बुधवार को सुबह 7 बजे विशाल कलश यात्रा एवं झांकी निकाली गई, शाम 7 बजे सुंदरकांड पाठ किया गया। गुरुवार को शाम 5 बजे से सत्यानारायण भगवान की कथा एवं शाम 7 बजे भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। वहीं कस्बे के मिश्र कॉलोनी के पास स्थित लोको वाले बालाजी का तृतीय 108 संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ गुरुवार को सुबह 8 बजे ध्वज यात्रा के साथ आयोजित किया गया। संयोजक गणपत लाल कुमावत ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 7 बजे लोको वाले बालाजी से मिश्रेशवर महादेव मंदिर तक ध्वज यात्रा निकाली गई।

## कलेक्टर मयंक मनीष ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई देखी

**डीग भरतपुर** (निस)। जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का सघन जायजा लिया तथा स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कस्वां और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने ओपीडी में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों के पंजीकरण की जानकारी ली। उन्हें अवगत कराया गया कि सुबह से 321 मरीजों का पंजीकरण किया जा चुका है। जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञों, विशेषकर डेंटिस्ट और सर्जन की उपलब्धता के विषय में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अस्पताल के विभिन्न वार्डोंकृजिसमें पुरुष एवं महिला वार्ड शामिल हैंकृका निरीक्षण करते हुए उन्होंने मरीजों को मिल रही सुविधाओं को बारीकी से परखा। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में जांच सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि आज कुल 472 टेस्ट किए गए हैं। उन्होंने मशीनों की क्रियाशीलता और मरीजों को जांच रिपोर्ट दिए जाने की प्रक्रिया के बारे में पूछताछ की। मरीजों की सुविधा और समय की बचत के दृष्टिगत, जिला कलेक्टर ने दो शिफ्टों में जांच करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को जल्द से जल्द रिपोर्ट प्राप्त हो सके। साथ ही, अस्पताल परिसर में पड़े पुराने सामान व कबाड़ की नियमानुसार नीलामी करने के निर्देश भी दिए। मीडिया से मुखातिब होते हुए जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने बताया कि सीएचसी, डीग को हाल ही में जिला अस्पताल के रूप में क्रमोन्नत किया गया है, जिसके फलस्वरूप स्वास्थ्य सेवाओं की मांग में वृद्धि हुई है।

उन्होंने सी-सेक्शन डिलीवरी को जल्द से जल्द शुरू करने पर विशेष जोर दिया और इसके लिए आवश्यक उपकरणों एवं मशीनों की मांग को राज्य स्तर पर त्वरित रूप से फॉलो-अप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि मरीजों को सी-सेक्शन डिलीवरी और अन्य गंभीर चिकित्सा सेवाओं के लिए भरतपुर या अन्य शहरों में न जाना पड़े, बल्कि उन्हें डीग में ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने डायलिसिस यूनिट की संख्या बढ़ाने और मरीजों तथा उनके परिजनों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बताया कि क्रमोन्नत जिला अस्पताल के लिए नए भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस निर्माण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करेंगे ताकि यह जल्द से जल्द पूर्ण हो और अस्पताल को नए भवन में स्थानांतरित किया जा सके, जिससे मरीजों को अधिक विस्तृत और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

इसके अलावा, अस्पताल में सर्जनों और अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए राज्य सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण लगातार किए जाएंगे। आगामी ग्रीष्म ऋतु की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, जिला कलेक्टर ने अस्पताल प्रशासन को हीट स्ट्रोक और मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए पूर्ण और पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों का सुचारू रूप से कार्य करना सुनिश्चित किया जाए।

**कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर नगर जोन) नगर निगम जयपुर**
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक-एफ.55()वि.जोन/न.नि.ज./2026/14
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-02.04.2026
भूखण्ड सं. 243 चाँद बिहारी नगर, झोटवाडा, जयपुर (शंकर भवन गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती संतोष कंवर पत्नी श्री नरपत सिंह के पक्ष में क्षेत्रफल 190.00 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। श्रीमती संतोष कंवर पत्नी श्री नरपत सिंह ने जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.05.2019 को उक्त भूखण्ड में से दक्षिणी भाग क्षेत्रफल 95 वर्गगज श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी को विक्रय कर दिया। नगर निगम जयपुर द्वारा जरिए पत्र क्रमांक 1138 दिनांक 16.07.2020 को भूखण्ड संख्या 243 (दक्षिणी भाग) चाँद बिहारी नगर झोटवाडा, जयपुर क्षेत्रफल 95.00 वर्गगज का उप विभाजन पत्र श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी के नाम जारी किया गया। तत्पश्चात नगर निगम जयपुर द्वारा जरिए पत्र क्रमांक 784 दिनांक 14.12.2020 को भूखण्ड संख्या 243 (दक्षिणी भाग) चाँद बिहारी नगर, झोटवाडा, जयपुर क्षेत्रफल 95.00 वर्गगज का नाम हस्तांतरण पत्र श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी के नाम जारी किया गया। श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी के पक्ष में वसीयत कर दी। दिनांक 02.02.2026 को श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी की मृत्यु हो गई। उक्त दस्तावेजों के आधार पर श्री मुकेश सोनी पुत्र श्री पूनम चन्द सोनी द्वार भूखण्ड संख्या 243 (दक्षिणी भाग) चाँद बिहारी नगर झोटवाडा जयपुर (शंकर भवन गृह निर्माण सहकारी समिति) क्षेत्र 95.00 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को मुकदमा
**मुकदमा नम्बर: DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1991**
चूंकि प्रार्थी श्री **RAM SHARAN GUPTA, 947, SHREE RAM JHAROKHA, SMS HIGHWAY CHAURA RASTA JAIPUR-302003** ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास **Shri Bachhulal Khandelwal Charitable Trust, JAIPUR** के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 27-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 08/06/2026 रतन लाल योगी,
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

## राज ट्रॉमा सेंटर के बाहर शव रखकर प्रदर्शन

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना क्षेत्र के काली की बगीची चौराहे स्थित राज ट्रॉमा सेंटर के बाहर शव को रखकर लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने दोनों तरफ के रोड जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस की समझाइश के बाद करीब 30 मिनट बाद जाम को खुलवाया गया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण अजय की मौत हुई है। मनोज शर्मा निवासी जगरिया जिला धौलपुर ने बताया कि मेरे भतीजे अजय (18) का एक्सीडेंट धौलपुर में हुआ था। अजय को धौलपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद अजय को भरतपुर के राज ट्रॉमा अस्पताल में भर्ती करवाया दिया गया। भर्ती करवाने के बाद डॉक्टरों से बात हुई लेकिन, हम डॉक्टर से बात करके संतुष्ट नहीं हो पाए। अजय के परिजन उसे लेकर जयपुर जा रहे थे। तब डॉक्टर अंकित बंसल ने हमसे कहा कि जल्दी से अजय का ऑपरेशन करवा लीजिए नहीं तो, इसकी मौत हो सकती है। जिसके बाद अजय के सिर का ऑपरेशन राज ट्रॉमा सेंटर पर करवा दिया गया। डॉक्टर ने ऑपरेशन के अजय के परिजनों से डेढ़ लाख रुपये मांगे। मनोज ने बताया कि डॉक्टर ने हमें डराकर अजय का ऑपरेशन कर दिया। डॉक्टर ने 4 दिन का पैकेज हमसे डेढ़ लाख रुपये में फिक्स करवा लिया था। कल ऑपरेशन के बाद अजय बेड पर अपने हाथ-पैर फेंकने लगा। इसके बारे में डॉक्टर को बताया तो, डॉक्टर ने कहा कि सिर के ऑपरेशन के बाद ऐसा होता है। इसलिये इसके हाथ पैर बांधकर रखिये। अस्पताल के स्टाफ अजय के हाथ पैर रस्सियों से बांध दिए। साथ ही कहा कि अजय को 3-4 दिन तक ऐसे ही रखना पड़ेगा। आज सुबह 11 बजे डॉक्टर आया और यह बताया कि अजय की हालत ठीक है इसे घर ले जाओ। अजय के परिजन अस्पताल से नीचे आ गए। इतने में अजय की मौत हो गई। अजय को 3 दिन पहले राज ट्रॉमा अस्पताल में भर्ती करवाया था। अजय प्राइवेट नौकरी करता था। 3 दिन पहले अजय अपने दो साथियों के साथ मंदिर पर झंडा फहराने जा रहा था।

- अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप, 30 मिनट तक रोड किया जाम

## प्रागपुरा मंडल में नियुक्तियां, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**पावटा।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार 6 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर प्रागपुरा मंडल में संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मंडल प्रागपुरा का संयोजक मुखराम धनखड़ को बनाया गया है, वहीं सह-संयोजक के रूप में विनोद सिंह कारोली, उमेश कुमावत एवं विरेन्द्र मीणा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने इसके लिए यशस्वी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनखड़, जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल एवं मंडल अध्यक्ष विकास सिंह कैरोडी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मंत्री ने बेढम ने सिरथली गांव में आमजन से किया सीधा संवाद

**डीग भरतपुर** (निस)। शासन को बंद कमरों से निकालकर सीधे जनता के द्वार तक ले जाना ही हमारी कार्यप्रणाली का मूल सिद्धांत है। जनसंवाद केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं, सुझावों और जमीनी सच्चाई को समझने का सबसे सशक्त माध्यम है। इससे सरकार और आमजन के बीच विश्वास की डोर और अधिक मजबूत होती है,यह बात राजस्थान सरकार में गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़ म ने शुक्रवार को डीग जिले के बृजनगर क्षेत्र के गांव सिरथली में आयोजित वृहद जनसंवाद कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल नीतियां बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित और स्थायी समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। जनसंवाद के दौरान मंत्री बेढ़ म ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और पेयजल, सड़क, कृषि तथा पशुपालन से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के समग्र विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों, युवाओं और महिलाओं ने अपनी समस्याएं व सुझाव रखे, जिनका मंत्री बेढ म ने सकारात्मक रूप से संज्ञान लेते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

- जनसंवाद से मजबूत हो रहा भरोसा, हर समस्या का होगा त्वरित समाधान

**इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिग्री के**
(ओ. 21 रुल 22 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत राजस्थान राज्य सहकारी अधिकरण- MACT कोर्ट मुकाम जयपुर महानगर
मोहन बाई व अन्य
बनाम
शांति लाल गर्ग व अन्य
डिग्री बाबत वसूली
मुकदमा नंबर 524/1992
इजराय संख्या 11/2025
मुसम्मी 1. श्री शांति लाल गर्ग पुत्र श्री भौरी लाल जाति महाजन
2. नोलाराम रेगर पुत्र श्री नामालुम निवासी एफ-100, सी-स्कीम, जयपुर चूकि प्रार्थी ने डिग्री अदालत मा. उच्च न्यायालय मवर्खे 22.08.2025 व मुकदमे नं. 524/1992 SBCMANO- 3804/2018 को इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में तारीख 06 माह 04 सन् 2026 हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजाजत किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करो।
आज व तारीख 01 माह 04 सन् 2026 व शब्द मेरे दस्तख्त मुहर अदालत के जारी किया गया।
आज्ञा से
मोहर सहायक रजिस्ट्रार
मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण
जयपुर

**नाम परिवर्तन**
विवाहोपरांत मैंने अपना नाम अनुराधा विजय माटोलिया से बदलकर अनुराधा शर्मा कर लिया है। अनुराधा शर्मा पत्नी विनीत शर्मा पता-प्लॉट नंबर 11, बंधु नगर, सीकर रोड, मुरलीपुरा, जयपुर-302039

**खोया पाया**
मैं विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम नि. बांसा ब्रजनाथपुरा (चाकसू) सालासर रेजीडेंसी प्रथम स्थित कुमारियावास में मेरा प्लॉट नंबर 19 जो 66 गज का है जिसकी मूल डाक्यूमेंट्स कहीं खो गये जिस भाई को भी मिले कृपया सूचित करें- 8114462968

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

## सेवर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**भरतपुर** (निस)। नगर निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी श्रृंखला में सड़क चौडीकरण एवं नाला निर्माण को लेकर सेवर कस्बे में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. हालांकि मौके पर काफी भीड़ भी जमा हो गई और विरोध प्रदर्शन किया लेकिन नगर निगम आयुक्त की समझाइश के चलते लोगों ने शांति बनाई रखी। नगर निगम प्रशासन ने शांतिपूर्वक कार्रवाई को अंजाम दिया. जिन लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण कर रखा है उन्हें नोटिस देकर 7 दिन में हटवाया जाएगा. इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार बिश्नोई ने बताया की सेवर स्थित फोर्ट से लेकर सेवर बाजार तक 80 फिट और बाजार से सेवर तिराहे तक 60 फीट सड़क चौडीकरण एवं नाला निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई कुछ लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण कर रखे हैं जिन्हें नोटिस देखकर 7 दिन में हटवाया जाएगा. नहीं तो नगर निगम उनके अतिक्रमण को हटाएगा. इसे सेव कस्बा वासियों को राहत मिलेगी पानी निकासी की जो समस्या आती है नाला निर्माण होने से यह समस्या दूर होगी और सड़क चौडी कारण से मार्ग है सम बनेगा जिससे लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। हालांकि अतिक्रमण के दौरान काफी संख्या में कस्बा वासी एकत्रित हो गए।

- सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण के लिए कार्रवाई

## जागरण में बालाजी के भजन गूंजे

**शाहपुरा ।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हनुमान डूंगरी फूटकाबास चंदवाजी स्थित श्री जीवन नाथ जी महाराज की धूणी पर विशाल सत्संग एवं भजन जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से संत-महात्मा एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर चिडावा से पधारी चंद्रनाथ जी महाराज की शिष्या ओमानाथ जी महाराज का विशेष स्वागत किया गया।

उन्हें घोड़ी पर विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालते हुए धूणी स्थल तक लाया गया, जहां संतों एवं भक्तों ने उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम में नवरंग म्यूजिक एण्ड फिल्म्स से जुडे लेखक व गायक लालचंद नवरंग ने अपने भजनों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। उन्होंने बजरंग बली महाराज की जन्म कथा सहित गरीब नाथ जी महाराज और चंद्रनाथ जी महाराज की महिमा का गुणगान किया, जिससे उपस्थित श्रोता भावविभोर हो उठे और तालियों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।



शाहपुरा में हनुमान जयंती पर सत्संग एवं भजन जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

धूणी के महंत श्री जीवन नाथ जी महाराज एवं भक्तगणों ने लालचंद नवरंग का साफा, माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया तथा आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में पधारे सभी संतों का भी दक्षिणा देकर आदर-सम्मान किया गया। इस दौरान साथी कलाकारों में ज्ञानचंद, श्याम नवरंग, लक्की नवरंग, जीतू शर्मा, मुकेश एवं ढोलक वादक रोशनलाल ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के सफल संचालन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

- गायक लालचंद नवरंग ने अपने भजनों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। उन्होंने बजरंग बली महाराज की जन्म कथा सहित गरीब नाथ जी महाराज का गुणगान किया

**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीयात**
(ऑर्डर नियम 1 व 5 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत श्रीमान सहायक कलेक्टर महोदय-जालोर इजलास...
मुद्दई-गेमाराम वगैरह बनाम कालुराम वगैरा
दावा बाबत विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा
मुकदमा संख्या-राजस्व वाद संख्या-79/2023
बनाम- मुसम्मी 2. रणछोडाराम पुत्र प्रागाजी के यम मुकाम वारिसान 2/1. मोरकीदेवी पत्नी स्वर्गीय रणछोडाराम 2/2. धनाराम पुत्र स्वर्गीय रणछोडाराम 2/3 विक्रमकुमार पुत्र रणछोडाराम 2/4 बादामी देवी पुत्री रणछोडाराम निवासीगण एफ.सी.आई. कॉलोनी जालोर 4. कमलादेवी पुत्री सवारामजी 5. खेताराम पुत्र पतियाजी 6. गीता कुमारी पुत्री लकमारामजी 9. चम्पालाल पुत्र सवारामजी 12. नाथीदेवी पत्नी स्व. लकमारामजी 14. पुखराज पुत्र हिमताजी 15. पुजाकुमारी पुत्री लकमारामजी 17. पवनी पुत्री सवारामजी 18. पाबुदेवी पत्नी स्व. पतियाजी 19. भरत कुमार लकमारामजी 22. रमेश कुमार पुत्र सवारामजी 23. लक्ष्मीकुमारी पुत्री लकमारामजी 24. वागाराम पुत्र भगारामजी 26. सुरेश कुमार पुत्र लकमारामजी तमाम जातियान माली निवासीगण-जालोर हरगाह कि वादी गण ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत विभाजन एवं स्थायी निषेधाज्ञा का दायर किया है लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे की जवाब देही के लिये तारीख 28 माह 04 सन् 2026 को दिन के 11.00 एम बजे अदालत हाजा में असालतन या मारफत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमे के वाकिफ किया गया हो व कुल अभूर अदम मुताबिक जवाब दे सके, या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सकें हाजिर रहने के लिये तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमला दस्तावजात जिस पर आप अपनी जवाबदेही का साईदमें इस्तेमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करो।
आगाह रहो कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व अदालत के आज तारीख 27 माह 03 सन् 2026 को जारी किया गया।
मोहर अदालत आज्ञा से-सहायक कलेक्टर (एम.डी.ओ.) जालोर

## संक्षिप्त

### गणेश मंदिर से चांदी का छत्र चोरी

**पावटा।** कस्बे के गणेश मार्केट स्थित श्री गणेश जी मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर में स्थापित भगवान गणेश की मूर्ति पर लगा चांदी का छत्र चोरी कर लिया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह उस समय हुई जब पुजारी पूजा-अर्चना के दौरान भगवान को माला पहनाने पहुंचे। मंदिर परिसर में काफी तलाश करने के बावजूद चांदी का छत्र नहीं मिला, जिसके बाद घटना की सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी गई। मामले को लेकर मंदिर के पुजारी रामचन्द्र शर्मा ने पुलिस थाना प्रागपुरा में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। प्रार्थी रामचन्द्र शर्मा ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर चांदी का छत्र बरामद किया जाए। घटना के बाद स्थानीय श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

### प्रागपुरा मंडल में नियुक्तियां

**पावटा।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार 6 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर प्रागपुरा मंडल में संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मंडल प्रागपुरा का संयोजक मुखराम धनखड़ को बनाया गया है, वहीं सह-संयोजक के रूप में विनोद सिंह कारोली, उमेश कुमावत एवं विरेन्द्र मीणा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने इसके लिए यशस्वी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनखड़, जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल एवं मंडल अध्यक्ष विकास सिंह कैरोडी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वे पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगे।

### जमीन विवाद में दो व्यक्ति घायल

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम गोरधनपुरा की ढ़ाणी गंगादासवाली में एक जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में आपस में झगड़ा हो गया। जिससे दो व्यक्ति गंभीर घायल हो गये। यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ट्रोमा सैंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने जानकारी देते हुये बताया कि शुक्रवार को आपसी जमीनी विवाद में गंभीर घायल अनिल (40) पुत्र पप्पुराम स्वामी व कमलेश (50) पुत्र खींवाराम स्वामी दोनों निवासी ढ़ाणी गंगादासवाली गोरधनपुरा को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया।

### शिक्षा पर चिंतन

**बौंली- बामनवास।** निजी स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा बौंली उपखंड मुख्यालय पर जिला स्तरीय शिक्षा चिंतन एवं संवाद अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कैबिनेट कृषिमंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता निजी स्कूल शिक्षा परिवार के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर अनिल शर्मा ने की। कार्यक्रम में निजी स्कूलों के संचालन मेंआ रही समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया।

# भिवाड़ी की जल समस्या से निजात के लिए निर्माणाधीन एसटीपी परियोजना का निरीक्षण



कलेक्टर अतुल प्रकाश ने शुक्रवार को भिवड़ी अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया

- नगर परिषद भिवाड़ी का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिले को दो दिन पहले मिलें नए आईएएस अधिकारी जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने शुक्रवार को भिवड़ी अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया और भिवाड़ी में निर्माणाधीन 34 एमएलडी एसटीपी का निरीक्षण कर अधिकारियों को परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश है। इससे एक दिन पहले उन्होंने खैरथल में स्कूल का निरीक्षण कर विद्यालय के शैक्षिणक स्तर की जांच कर विधालय में बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए विधालय स्टाफ को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने पदभार संभालने के बाद जिले में आमजन को बेहतर से बेहतर चिकित्सा, शिक्षा, पानी व बिजली सफाई की सुविधा मिले इसके लिए भिवाड़ी जिला अस्पताल का निरीक्षण किया अस्पताल में उपस्थित मरीजों से बात कर अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया। जनरल वार्ड, टीबी वार्ड एंव रामाश्रय वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में काम कर रहे कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी ली। अस्पताल में साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल प्रभारी व स्टाफ को कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं से मरीजों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन को हीट स्ट्रोक से बचाव व त्वरित उपचार हेतु आवश्यक इंतजाम करने निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर ने अस्पताल पीएमओ सागर अरोडा को निर्देश दिए की लू प्रभावित मरीजों के लिए कूलिंग वार्ड अस्पताल में सुनिश्चित किया जाए तथा अस्पताल परिसर में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जाए। अस्पताल में ओआरएस, ग्लूकोज एवं आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। आमजन को लू से बचाव हेतु नियमित प्रचार-प्रसार, पोस्टर, बैनर और सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से जागरूक किया जाए तथा इमरजेंसी वार्ड को पूर्ण रूप से सतर्क एवं स्टाफ को प्रशिक्षित रखने के लिए कहा। इसके अलावा जिला कलेक्टर ने एसटीपी परियोजना स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की कार्यदायी संस्था को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सट्टेबाजी में 8 आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा द्वारा सोप थाना क्षेत्र में दो जगह पर छापेमार कार्यवाही करते हुए सट्टा लगाते हुए मौके से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

जिनके कब्जे से करीबन 61 हजार नगद सट्टा राशि एवं 8 मोबाइल व सट्टे की हिसाब डायरियों में कुल 11 लाख का हिसाब बरामद हुआ। कार्यवाही में आरोपी जुगराज पुत्र प्रभुलाल मीणा उम्र 44 वर्ष, अमरलाल पुत्र किशन गोपी खटीक उम्र 57 साल, राजेन्द्र पुत्र रामप्रसाद रेगर उम्र 37 वर्ष, राजमल पुत्र सुरज मल बैरवा उम्र 37 वर्ष, प्रहलाद पुत्र चन्द्रा बैरवा उम्र 58 साल, कमलेश पुत्र रामकरण माली, दिनेश पुत्र रामदयाल, पप्पू पुत्र ग्यारसी जाति बैरवा के विरुद्ध सोप थाने में पृथक-पृथक मुकदमें दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है।

## 2 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

- ग्रीष्मावकाश के दौरान बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दो साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाओं के संचालन का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के संचालन से फुलेरा सहित कई प्रमुख स्टेशनों के यात्रियों को सीधी और सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी

**फुलेरा।** ग्रीष्मावकाश के दौरान बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दो साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाओं के संचालन का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के संचालन से फुलेरा सहित कई प्रमुख स्टेशनों के यात्रियों को सीधी और सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार, पहली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 04813/04814 भगत की कोठी (जोधपुर)-दानापुर-भगत की कोठी के बीच चलाई जाएगी। यह ट्रेन 8 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक कुल 15 ट्रिप संचालित होगी। भगत की कोठी से प्रत्येक बुधवार शाम 5:20 बजे रवाना होकर गुरुवार शाम 5:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में दानापुर से गुरुवार रात 7:00 बजे चलकर शनिवार तड़के 1:00 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। यह ट्रेन जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावां सिटी, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर व आरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 21 डिब्बे होंगे, जिनमें एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी शामिल हैं। दूसरी स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09709/09710 खातीपुरा (जयपुर)-हावड़ा-खातीपुरा के बीच संचालित की जाएगी। यह ट्रेन 7 अप्रैल से 30 जून 2026 तक (13 ट्रिप) खातीपुरा से प्रत्येक मंगलवार सुबह 9:30 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 3:40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वापसी में हावड़ा से बुधवार रात 11:55 बजे चलकर शुक्रवार सुबह 9:00 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह, टूण्डला, गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भबुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान व बैण्डेल स्टेशनों पर होगा। इस ट्रेन में कुल 22 डिब्बे लगाए जाएंगे, जिनमें एसी, थर्ड एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी शामिल हैं। रेलवे के इस निर्णय से ग्रीष्मावकाश में यात्रियों को भीड़भाड़ से राहत मिलेगी और लंबी दूरी की यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी।

## सजाई 56 भोग की झांकी

**निवाई।** जमात में पेट्रोल पंप वाले बालाजी के मंदिर में बालाजी भक्त मंडल के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव को लेकर अखंड रामचरित मानस पाठ, हवन, सुंदरकांड पाठ का आयोजन करके 56 भोग की झांकी, 21 किलो का केक व आकर्षक श्रृंगार करके बालाजी की झांकी सजाई गई। बालाजी भक्त मंडल अध्यक्ष विशाल सैनी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हनुमान जी पूजा-अर्चना करके अखंड संगीतमय रामचरित मानस के पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। शाम को संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन हुआ। बालाजी की छप्पन भोग की झांकी सजाई गई व भगवान शिव के महाकाल स्वरूप श्रृंगार किया गया। मंडल सदस्य लक्ष्य शर्मा ने बताया कि 108 दीपकों से महाआरती करके मंदिर के पुजारी के सानिध्य में भव्य आतिशबाजी के साथ बालाजी का 21 किलो का केक काटकर प्रसादी वितरित की।

## टीना डाबी ने संभाला कलेक्टर का पदभार

**टोंक।** जिला कलेक्टर टीना डाबी ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट में एक गरिमामय वातावरण में पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

पदभार संभालने के बाद टीना डाबी ने कहा कि राजस्थान संपर्क पर दर्ज परिवादों का त्वरित एवं क्वालिटी डिस्पोजल उनकी प्राथमिकता रहेगी। राज्य सरकार द्वारा चल रहे "मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/शहरी वार्ड अभियान" के तहत जिले के योजनाबद्ध विकास का एक्शन प्लान तैयार किया जायेगा, ताकि जिले के नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर हो सकें। गुड गवर्नेंस के लिए राज्य सरकार की 25 फ्लैगशिप स्कीम से आमजन को राहत पहुंचाकर और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जायेगा।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में जनगणना कार्य को प्रशासन की समर्पित टीम के सहयोग से बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने का प्रयास होगा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरियां, सीईओ परशुराम धानका, एसडीएम टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, एसडीएम निवाई प्रीति मीना मौजूद रहें।

## कानिस्टेबल भर्ती 2025, शारीरिक दक्षता व मापतौल परीक्षा का परिणाम जारी

- चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न दस्तावेजों के साथ 07 व 08 अप्रैल को रिजर्व पुलिस लाईन में उपस्थिति देना आवश्यक

**कोटपूतली।** प्रदेश के पुलिस मुख्यालय द्वारा कानिस्टेबल भर्ती 2025 में जिला कोटपूतली-बहरोड में कानिस्टेबल सामान्य (नॉन टी.एस.पी.) के वर्गवार-256 (03 खेल कोटा व 02 गर्भवती महिला सहित) व कानिस्टेबल चालक (नॉन टी.एस.पी.) के वर्गवार-17 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 13 व 14 दिसम्बर को शारीरिक दक्षता एवं मापतौल परीक्षा राजस्थान पुलिस अकादमी, स्टेडियम नेहरू नगर, जयपुर एवं चालक पद की दक्षता परीक्षा पुलिस लाईन, दूरसंचार घाटगेट, जयपुर में आयोजित की गई। चयन सूची पर लिये गये अभ्यर्थियों में से नियुक्ति के अनिच्छुक, अन्यत्र नियोजित, स्वास्थ्य परीक्षण में स्थाई रूप से अयोग्य अभ्यर्थियों के कारण रिक्त रहे पदों पर पुलिस मुख्यालय के द्वारा गठित बोर्ड द्वारा रिव्यू की कार्यवाही कर इनके स्थान पर रिव्यू में संलग्न सूची में अंकित अभ्यर्थियों को कानिस्टेबल सामान्य/चालक पद की ड्यूटी हेतु नवचयनित किये जाने पर नवचयन सूची का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, (भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड) राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक 1616 दिनांक 30 मार्च 2026 द्वारा अनुमोदन किया गया है। चयन बोर्ड द्वारा तैयार की गई रिव्यू चयन सूची का सक्षम स्तर से अनुमोदन होने के उपरान्त राजस्थान पुलिस वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है तथा चयनित अभ्यर्थियों की सूची को कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कोटपूतली-बहरोड एवं रिजर्व पुलिस लाईन, जिला कोटपूतली-बहरोड के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया है। परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कोटपूतली-बहरोड की सूचना को ही अधिकृत माना जावें। रिव्यू प्रक्रिया के दौरान समस्त चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे भर्ती की आगामी प्रक्रिया यथा स्वास्थ्य परीक्षण, चरित्र सत्यापन, शैक्षिणक योग्यता, जाति प्रमाण पत्रों सहित मय अन्य समस्त दस्तावेजों के सत्यापन हेतु अपने समस्त मूल दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित 02-02 छाया प्रतियां साथ में लेकर 07 व 08 अप्रैल को प्रात: 08 बजे रिजर्व पुलिस लाईन, जिला कोटपूतली-बहरोड़ में अपनी उपस्थिति दिया जाना सुनिश्चित करेंगे। चयनित अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में यह मानते हुये कि आप उक्त पद पर नियुक्ति के इच्छुक नहीं होने के कारण संबंधित अभ्यर्थी के नाम को नियमानुसार चयन सूची (संबंधित वर्ग) से पृथक करने की कार्यवाही की जावेगी।

**यह दस्तावेजों की होगी आवश्यकता :** समान पात्रता परीक्षा-2024 (सीनियर सैकण्डरी लेवल) में उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र, कानि. भर्ती-2025 के ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्र की प्रति, शारीरिक मापतौल एवं दक्षता परीक्षा का प्रवेश पत्र, समस्त शैक्षिणक योग्यता के मूल प्रमाण, आयु प्रमाण पत्र (यदि शैक्षिणक योग्यता प्रमाण पत्र में आयु अंकित नहीं है तो), अभ्यर्थी यदि अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित है, तो प्रथम श्रेणी दण्डनायक या समकक्ष अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र, आवेदक यदि राजकीय कर्मचारी है तो राजकीय कर्मचारी होने का प्रमाण पत्र एवं नियोक्ता/विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, कार्मिक विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-7 (1) कार्मिक/क-2/2019 दिनांक 20 अक्टुबर 2019 के क्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदक, आवेदन वर्ष से पूर्व के वित्तीय वर्ष (अर्थात् 2024-25) की आय के आधार पर वर्ष 2025-26 में ऑनलाईन जारी आर्थिक पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र, आवेदक यदि कर्तव्य का पालन करते हुये मारे गये मृतक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी का आश्रित है तो उसकी संतान होने का प्रमाण पत्र, अंतिम शैक्षिणक योग्यता प्राप्त करने वाली संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा जारी किया हुआ चरित्र प्रमाण पत्र एवं दो स्थानीय प्रतिष्ठित व्यक्तियों (रिश्तेदारों के अतिरिक्त) द्वारा जारी किये गये चरित्र प्रमाण पत्र जो 06 माह से अधिक पुराने नहीं होने चाहिये, आवेदक से संबंधित सूचना के लिये विभाग द्वारा चयन उपरान्त निर्धारित आवेदन पत्र भरवाया जावेगा जिसमें चिपकाने के लिये स्वयं के 02 रंगीन फोटो, विच्छिन विवाह के मामले में उसे विवाह विच्छेद का दस्तावेजी सबूत (डिक्री आदेश) प्रस्तुत करना होगा।

## सार-समाचार

### धानका समाज संगठन मजबूती पर जोर



**फुलेरा।** धानका आदिवासी समाज विकास समिति फुलेरा की एक आवश्यक बैठक का आयोजन अध्यक्ष जगदीश प्रसाद कायथ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से समाज का सोसाइटी रजिस्ट्रेशन करवाने, आय-व्यय के पारदर्शी संचालन हेतु बैंक में खाता खुलवाने तथा अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़कर सामाजिक उत्थान एवं जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष जगदीश प्रसाद कायथ, नाथूलाल मावर, कपिल कुमार, गिरधर गोपाल, भगवती प्रसाद, अमरचंद देराण, सुरेश कुमार, छीतरमल, मूलचंद, हनुमान प्रसाद, मोर मुकुट सहित अन्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षा में चमके विद्यार्थी

**कोटपूतली।** कोटपूतली क्षेत्र के कल्याणपुरा कलां स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रच दिया। शानदार परीक्षा परिणाम के बाद विद्यालय परिसर में टॉपर्स विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पूरे गांव का उत्साह देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान टॉपर्स विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के बाद गांव में डीजे के साथ टॉपर्स का जुलूस भी निकाला गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। वरिष्ठ अध्यापक राजवीर यादव ने बताया कि यह सफलता शिक्षकों की सुनियोजित रणनीति, अनुशासित अध्ययन और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। प्रधानाचार्य दौलत वर्मा ने कहा कि विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा किया, जिसके चलते यह उत्कृष्ट परिणाम सामने आया। उप प्रधानाचार्य गिरिराज आर्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिणामों की बात करें तो कक्षा 12 में नेहा कंवर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मोनिका शर्मा 89 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 10 में अशोक गुर्जर ने 89 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तमन्ना आर्य, वंशिका और पायल ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय की सात बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार प्राप्त होना इस उपलब्धि को और भी गौरवपूर्ण बनाता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस शानदार उपलब्धि ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी अपनी मेहनत और मार्गदर्शन के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

### अभय सैनी का सम्मान

**शाहपुरा।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा घोषित 12 वीं साइंस वर्ग में होनहार प्रतिभाशाली अभय सैनी ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाहपुरा का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को शाहपुरा के वार्ड नंबर 6 में स्थित मालियों की ढाणी में अभय सैनी के घर सिंगर व लेखक लाल चन्द नवरंग ने पहुंचकर सैनी को माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नवरंग ने कहा कि सम्मान करने से प्रतिमा का हौंसला बढ़ता है और अन्य छात्र-छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा मिलती है। छात्र अभय सैनी जनता बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, न्यू कॉलोनी शाहपुरा का छात्र है। इस मौके पर शिक्षक व सिंगर बी आर वर्मा उदावाला, एडवोकेट महेश कुमार सैनी नायन, सिंगर लक्की नवरंग, लोकेश नवरंग, श्याम नवरंग, विजयपाल सैनी सहित कई लोग मौजूद थे।

### गोपीनाथ मंदिर का पाटोत्सव 6 से

**निवाई।** झिलाय रोड स्थित अर्थ सिटी होम्स में श्री गोपीनाथ मंदिर का दो दिवसीय प्रथम पाटोत्सव 6 व 7 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राजकुमार कुमावत ने बताया कि पाटोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ 6 अप्रैल को अखंड रामायण पाठ के साथ होगा। 7 अप्रैल को रामायण पाठ की पूर्णाहुति एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। दोपहर बाद विशाल भंडारा का आयोजन होगा। पाटोत्सव के समापन पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भगवान का नयनाभिराम श्रृंगार, इत्र-पुष्प वर्षा व अखंड ज्योत का आयोजन किया जाएगा।

### हरिनाम संकीर्तन यात्रा कल

**निवाई।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में 5 अप्रैल को भव्य हरिनाम संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आशाराम गौशाला समिति के मोतीराम ने बताया कि रविवार को सायं 4 बजे श्री दामोदर गौशाला से हरिनाम संकीर्तन यात्रा श्रद्धापूर्वक रवाना होगी, जो शहर के मुख्य बाजार से होते हुए सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी धर्मशाला पहुँचेगी। जहां हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। जिसके पश्चात सिंधी धर्मशाला में महाआरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। श्री योग वेदांत सेवा समिति ने लोगों से संकीर्तन यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान पुलिस टीम ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर ट्रैक्टर चालक व मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## रक्तदान शिविर 11 को

**निवाई।** श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में 11 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे से श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि शिविर में जयपुर एसएमएस अस्पताल के रोबोटिक जोड प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. मुकेश असवाल, जयपुर अपैक्स हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.एम. गोयल, पेट एवं पाचन रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद रेहान, फेफडा रोग विशेषज्ञ डॉ. मेहुल अठावाल व राजकीय जयपुरिया हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज नोगिया परामर्श देंगे। शुभम केयर हॉस्पिटल की डॉ. शैलेश जैन, डॉ. सपना जैन, डॉ. सिमरन कक्कड व डाइटिशियन डॉ. निशा शर्मा द्वारा स्त्री रोग व पोषण परामर्श दिया जाएगा। ब्यूटी आई केयर टीम द्वारा नेत्र जांच व चश्मा वितरण किया जाएगा। प्रतिष्ठा ब्लड सेंटर टोंक द्वारा रक्तदान संठाहण किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी, रवि अठावाल, वंश प्रदीप पारीक एवं अविनाश पारीक ने लोगों को शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो।

## हनुमान जन्मोत्सव की शोभा यात्रा धूमधाम से निकली



सांभरझील में हनुमान जन्मोत्सव की शोभा यात्रा में बालिकाएं ध्वज पताकाएं लिए चल रही थी।

- शोभायात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया

**सांभरझील।** यहां हनुमान जन्मोत्सव की शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा में बालाजी की जीवंत झांकी के अलावा सांवरिया सेठ की प्रतिमा को भी लोगों दर्शनार्थ रथ पर रखा गया। हाथ में ध्वज पताका लिए घोड़े पर सवार बालिकाओं शोभा यात्रा मैं देवी शक्ति की महिमा का खास संदेश दिया। शोभा यात्रा सिंघानिया मोहल्ला से होती हुई तेली दरवाजा रोड नेहरू पार्क के सामने पहुंची जहां पर गोपाल गौशाला के पूर्व अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा की तरफ से उनके बेटे सुनील शर्मा नेक इस कार्य में उनके सहयोग के लिए उनकी टीम ने भी योगदान दिया। सिंघानिया मोहल्ले की अधिकांश महिलाओं व बच्चों ने शोभायात्रा में खास योगदान दिया। इस मौके पर खेड़ापति बालाजी मंडल के राकेश स्वामी, पवन दास महाराज, बाबू स्वामी हलवाई, बनवारी सिंघानिया, बालकिशन सिंघानिया, विजय प्रजापति, नितेंद्र वैष्णव, नवल किशोर जांगिड़, विश्वानंद पाराशर व सैकड़ो भक्तों ने शोभायात्रा में भाग लिया।

## आचार्य व मुनि दीक्षा दिवस कल

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज ससंघ के आशीर्वाद से चंद्रप्रभु जैन मंदिर में पालना महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें चन्द्रप्रभु महिला मंडल द्वारा बपूंई वालों की धर्मशाला में भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर बधाई उत्सव मनाया गया। जिसमें सोधर्म इंद्र का दरबार सजाया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि जन्मोत्सव को लेकर महिला मंडल द्वारा माता त्रिशला की गोद भराई का आयोजन किया गया एवं अष्टकुमारियों द्वारा 16 स्वप्न दिखाए गए। भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर खुशियां मनाई गई। बालक महावीर को सोधर्म इंद्र द्वारा भगवान महावीर को 1008 नेत्रों से निहारा गया। इसके बाद सभी महिलाओं ने बालक महावीर का संगीत के साथ पालना झुलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सपना लुहारा, पदमा मित्तल, नेहा ललवाडी, पिंकी सेदरिया, नीलम जैन, रानी पहाडी, प्रीति कासलीवाल, अनीता कठमाणा, शिखरचन्द काला व पदमचन्द लुहारा ने भगवान् महावीर स्वामी का चित्र अनावरण करके दीप प्रजवलन किया।

## सड़कों पर घूम रहा निराश्रित गौवंश : प्रशासन मौन

- निराश्रित गोवंश को गौशालाओं व नंदी शालाओं में स्थानांतरित करने के स्पष्ट निर्देश के बाद भी कार्रवाई नही

**पावटा।** जिले में निराश्रित गौवंश की समस्या पर जिला प्रशासन के सख्त निर्देश भी बेअसर साबित हो रहे हैं। हालात यह हैं कि कस्बे की मुख्य सड़कों से लेकर तंग गलियों तक बेसहारा पशु खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, पूर्व में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में 29 अगस्त 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को गौशालाओं व नंदी शालाओं में स्थानांतरित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। वहीं 26 अगस्त 2025 को पूर्व में जिला पुलिस अधीक्षक ने भी संबंधित विभागों को हाईवे पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उनके सींगों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने और उन्हें सड़क क्षेत्र से दूर रखने के निर्देश दिए थे। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इन सख्त आदेशों के बावजूद पावटा क्षेत्र में स्थिति जस की तस बनी हुई है। बाजारों, बस स्टैंड, मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों में गौवंश का जमावड़ा आम दृश्य बन चुका है। कई बार ये पशु आपस में भिड जाते हैं, जिससे आसपास खड़े वाहनों को नुकसान पहुंच रहा है और लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। हाल ही में पावटा की राठी कॉलोनी में दो सांडों की लड़ाई के चलते कई वाहनों को नुकसान पहुंचा, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते ठोस कदम उठाता, तो ऐसी घटनाएं टाली जा सकती थीं।वठामीणों व व्यापारियों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे। प्रशासनिक उदासीनता के चलते न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। यह समस्या अब केवल असुविधा तक सीमित नहीं रही, बल्कि आमजन की जान के लिए खतरा बन चुकी है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक हर समय दुर्घटना की आशंका में सफर करने को मजबूर हैं। जब जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के आदेशों का ही पालन नहीं हो रहा, तो निचले स्तर के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आखिर जिम्मेदार विभाग निष्क्रिय क्यों हैं? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागता है।

# खेल जगत



एमएस धोनी का क्रेज है ना वो संजू के आने के बाद वैसी ही रहने वाला है। यानी अगर धोनी नहीं होंगे तो उनकी कमी नहीं खलने वाली है। वो धोनी के ब्रांड के भी आगे बढाने वाले हैं।

- मनोज तिवारी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर , संजू सैमसन की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए।

**आज का खिलाड़ी** ▶ **बोधना शिवानंदन**



**शतरंज** में भारतीय खिलाड़ियों का बोल बाला देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में 11 साल की भारतवंशी बच्ची बोधना शिवानंदन ने इतिहास रच दिया है। बोधना शिवानंद ने पापा के पुराने शतरंज बोर्ड से खेल की शुरुआत की, यूट्यूब से शतरंज की बारिकियां सीखीं और अब 2366 की बेहतरीन रेटिंग के साथ इंग्लैंड की नंबर-1 महिला शतरंज खिलाड़ी बन गई हैं।बोधना ने बेहद कम उम्र में कई बड़े रिकॉर्ड अपने ना किए हैं। उनके जुनून, परिवार का साथ और आत्मविश्वास ने उन्हें शिखर तक पहुंचाया। बोधना शिवानंदन की जड़ें भारत से हैं।

क्या आप जानते हैं ?... सचिन तेंदुलकर 90 और 99 के स्कोर के बीच नौ बार आउट हुए हैं।

## पंजाब किंग्स की लगातार दूसरी जीत, चेन्नई को 5 विकेट से हराया

### कप्तान श्रेयस की फिफ्टी



चैन्नई, 3 अप्रैल। पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया। एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। इसके जवाब में प्रियांश ने टीम को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद कूपर कॉलोनी, प्रभसिमरन और कप्तान श्रेयस अय्यर की दमदार पारियों की बदौलत किंग्स ने 8 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। पंजाब ने 18.4 ओवर में 5 विकेट खोकर 210 रन बनाए।

210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने दमदार शुरुआत की। प्रियांश आर्या 11 गेंद में 39 रन की तूफानी पारी खेलकर आउट हुए। प्रभसिमरन ने 34 गेंद में 43 और कूपर कॉनोली ने 22 गेंद में 36 रन का योगदान दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 29 गेंद में 50 रन की पारी खेली। नेहल 10 रन ही बना सके।

चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स के खिलाफ 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 203 रन बनाए। चेन्नई की ओर से आयुष म्हात्रे ने सर्वाधिक 73 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ओवर में जेवियर बार्टलेट ने संजू सैमसन (सात) को आउट कर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आयुष म्हात्रे ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। 12वें ओवर में यजुवेंद्र चहल ने ऋतुराज गायकवाड़ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ऋतुराज गायकवाड़ ने 22 गेंदों में दो चौके लगाते हुए 28 रन बनाये। अगले ही ओवर में विजयकुमार वैशक ने आयुष म्हात्रे का भी शिकार कर लिया। आयुष म्हात्रे ने 43 गेंदों में पांच छक्के और छह चौके लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली।

कार्तिक शर्मा एक रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुये। सरफराज खान ने 12 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। उन्हें विजयकुमार वैशक ने आउट किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 209 रनों का विशाल स्कोर बनाया। शिवम दुबे 27 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 45 रनों की पारी खेली। प्रशांत वीर छह रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स के लिए विजयकुमार वैशक ने दो विकेट लिये। जेवियर बार्टलेट, मार्को यानसन और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना



नई दिल्ली, 3 अप्रैल। सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा पर आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुरुवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में उन्होंने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किया, जिसके चलते उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ दिया गया है।

अभिषेक ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। आईपीएल द्वारा जारी बयान के अनुसार, उन्होंने लेवल-1 के अपराध के तहत मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को मंजूर कर लिया है। अभिषेक शर्मा को आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। यह आर्टिकल आमतौर पर मैच के दौरान अनुचित व्यवहार या खेल भावना के विपरीत कमेंट्स या इशारों से संबंधित होता है।

## चेपॉक में गरजा आयुष का बल्ला, इस मैदान पर अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने म्हात्रे



चैन्नई, 3 अप्रैल। आईपीएल 2026 के सातवें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की भिड़ंत शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के साथ हुई।

सीएसके के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। आयुष एमए चिदंबरम के मैदान पर अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। आयुष ने चेन्नई सुपर किंग्स के घरेलू मैदान एमए चिदंबरम में 18 साल 261 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया। आयुष ने 19 साल की उम्र से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा 50 से अधिक रनों की पारी खेलने के मामले में पृथ्वी शॉ की बराबरी भी कर ली है।

आयुष ने दूसरी बार आईपीएल में पचास रनों का आंकड़ा पार किया है। वहीं, पृथ्वी शॉ ने भी 19 साल की उम्र से पहले 2 बार आईपीएल में 50 से अधिक रनों की पारी खेली है। इस लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी (3 पचास प्लस स्कोर) पहले स्थान पर हैं।

## आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने संजीव गोयनका पर साधा निशाना



नई दिल्ली, 3 अप्रैल। आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी एक बार फिर चर्चा में हैं। ललित मोदी ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से टीम पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ये पहली बार नहीं है जब ललित मोदी ने गोयनका पर निशाना साधा है। इससे पहले भी वह लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक पर अपनी भड़ास निकाल चुके हैं। मालूम हो कि ललित मोदी को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है और वह लंबे समय से देश से बाहर है।

ललित मोदी ने एक्स पर लिखा, मैंने आपसे कहा था कि लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका आईपीएल में टीम के मालिक बनने के लायक नहीं हैं। मैं उनके बर्ताव से सच में शर्मिंदा हूं। मैंने आईपीएल को फैंस और खिलाड़ियों दोनों के लिए बनाया था, न कि हर बार, हर साल ऐसा होने के लिए। अगर मैं अभी भी चेयरमैन और कमिश्नर होता तो मैं उसे तुरंत बैन कर देता और टीम का मालिकाना हक हमेशा के लिए छीन लेता। गोयनका घमंडी हैं। इसी मुद्दे के लिए फ्रेंचाइजी अनुबंध में एक क्लॉज है। बीसीसीआई इसे लागू करे, ईमानदारी सबसे ऊपर रहे। फैंस और खिलाड़ी दोनों इसे याद रखेंगे।

## 2027 से बढ़ जाएगी आईपीएल मैचों की संख्या? द्विपक्षीय सीरीज में आएगी कमी : अरुण धूमल



नई दिल्ली, 3 अप्रैल। आईपीएल का 19वां सीजन खेला जा रहा है जिसके अभी तक 6 मुकाबले खेले जा चुके हैं। वहीं आज, 3 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच भिड़ंत होगी।

31 मई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। लेकिन अगले साल यानी 2027 में आईपीएल मैचों की संख्या बढ़ सकती है। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा है कि आईपीएल विंडो बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है।

आईपीएल में जब 8 टीमें खेलती थी तो हर टीम उस समय 2-2 मैच खेलती थी। लेकिन 2022 में दो नई टीमें लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के शामिल होने से कुल टीमों की संख्या 10 हो गई और अब लीग स्टेज में हर टीम सभी टीमों के साथ 2-2 मैच नहीं खेल पाती।

जिस पर धूमल का मानना है कि व्यस्त कैलेंडर के कारण जगह इतनी नहीं है कि मैचों की संख्या 74 से बढ़ाकर 94 की जाए। डबल हेडर की संख्या बढ़ाना उन्हें व्यावहारिक नहीं लगता। हालांकि, उन्होंने माना कि भविष्य में आईपीएल विंडो को बढ़ाया जा सकता है। इसके पीछे का कारण उन्होंने लोगों की कुछ सीरीज में कम रुचि बताया।

दरअसल, धूमल ने कहा कि, पिछले कुछ समय से देखने को मिल रहा है कि द्विपक्षीय सीरीज में लोगों की रुचि खत्म हो रही है। जिस कारण से इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका जैसे बड़े देश अपनी खुद की टी20 लीग लेकर आए। उनके अनुसारं, अगर ऐसा ही रहा तो हर देश सिर्फ उन्हीं द्विपक्षीय सीरीज पर ध्यान देगा जो आर्थिक रूप से उन्हें फायदा पहुंचाए। इस स्थिति में ही आईपीएल विंडो को बढ़ाया जा सकता है।

## मास्टर्स राजस्थान राज्य टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का शुभारंभ आज से

जयपुर, 3 अप्रैल। राजस्थान वेटरन टेबल टेनिस समिति के तत्वावधान में आयोजित मास्टर्स राजस्थान राज्य टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2025 का शुभारंभ कल, दिनांक 04 अप्रैल 2026 से जयपुर में होगा।

यह प्रतियोगिता जयपुर जिला टेबल टेनिस संघ के सहयोग से राजस्थान टेबल टेनिस संघ के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 04 एवं 05 अप्रैल 2026 को वोंकार एकेडमी, वैशाली नगर में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी भाग लेंगे।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की विभिन्न आयु वर्ग श्रेणियों (40 वर्ष से 80 वर्ष तक), महिला वर्ग, पुरुष एवं महिला युगल तथा मिश्रित युगल मुकाबले खेले जाएंगे। साथ ही टीम चैम्पियनशिप भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस प्रतियोगिता में कई राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं, जिनमें कृष्ण माहेश्वरी, मुकुंद अग्रवाल, सचित गुप्ता, राजेश आनंद एव राजेश शर्मा शामिल हैं। इन खिलाड़ियों की भागीदारी से प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊंचा होने की संभावना है।

अजय ओझा (अध्यक्ष) एवं दीपांक दास (संयोजक) के अनुसार, यह चैम्पियनशिप प्रदेश के वेटरन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है तथा इससे टेबल टेनिस खेल को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें एवं इस खेल महोत्सव का आनंद लें।

## पाकिस्तान सुपर लीग में मोइन अली और डेविड वॉर्नर की हुई झड़प?

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। पाकिस्तान सुपर लीग का ये सीजन शुरुआत से ही विवादों से घिरा रहा है। कभी खिलाड़ी मैदान पर बॉल टैंपरिंग करते पकड़े जाते हैं तो कभी होटल में सुरक्षा को तार-तार किया जाता है। वहीं अब ताजा मामला ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और इंग्लैंड के मोइन अली से जुड़ा है। जहां हाल ही में इन दोनों खिलाड़ियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। अब इस वीडियो की सच्चाई खुद वॉर्नर ने बताई है।पाकिस्तान सुपर लीग में डेविड वॉर्नर कराची किंग्स के कप्तान हैं। वहीं मोइन अली उन्हीं की टीम का हिस्सा हैं। ये घटना कराची वर्सेस रावलपिंडी मैच की है। हैदर अजहर कराची किंग्स के स्ट्रेटेजी हेड और टीम डायरेक्टर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस वीडियो को रिशेयर करते हुए वॉर्नर ने लिखा कि, मैंने हैदर अजहर से कहा कि पहले जाओ और हाथ मिलाओ।

## राजस्थान यूथ ने यूनियन क्रिकेट क्लब को हराया, मनस्वी कट्टा ने 4 विकेट लिए

जयपुर, 3 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में आज खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने यूनियन क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराया।

के एल सैनी स्टेडियम पर खेले मैच में यूनियन क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अनुष्का शर्मा के 14 रन, बिट्टू राजभर के 16 रन, तानिया के 12 रन, निधि सैनी के 21 रन व सीमा शर्मा के 11 रनो से 35.4 ओवर में 102 रन बनाकर आउट हो गई। राजस्थान यूथ के लिए मनस्वी कट्टा ने 9 पर 4, फ़ौरा गुर्जर ने 29 पर 4, प्रियांशी चौधरी ने 3 पर 2 व अंजलि ने 13 पर एक विकेट लिया। जवाबी पारी में राजस्थान यूथ ने नीतू शर्मा के 22 रन, कृतिका गुलाब के 12 रन, प्रियांशी चौधरी के 15 रन, स्नेहा उबना के 19 रन, माहिरा खान के 14 रन नाबाद ब अंजलि के 10 रन नाबाद से 21 ओवर में 6 विकेट पर 106 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए निधि सैनी ने 15 पर 2, वेदी ने 32 पर 2, भूमि व सीमा शर्मा ने एक - एक विकेट लिया।

## राजस्थान के रजत, जतिन, प्रखर, अभिषेक, हनी, नावेद बीसीसीआई अंडर 19 हाई परफॉरमेंस कैंप (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स ) में चयनित







जयपुर, 3 अप्रैल। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के युवा प्रतिभावान खिलाडी प्रखर शर्मा , रजत बघेल , जतिन सैनी , नावेद खान , अभिषेक , हनी प्रताप सिंह को बीसीसीआई की आल इंडिया जूनियर चयन कमेटी ने बीसीसीआई द्वारा राजकोट , नाडियाड , पॉन्डिचेरी में आयोजित होने वाले अंडर हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण शिविर ( सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स ) हेतु चयनित किया गया है।

प्रखर शर्मा , रजत बघेल व अभिषेक, राजकोट, जतिन सैनी , हनी प्रताप सिंह, नाडियाड, नावेद खान, पॉन्डिचेरी स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में आगामी दिनांक 11 मई से दिनांक 6 जून तक आयोजित होने वाले अंडर 19 हाई परफॉरमेंस कैम्प में भाग लेंगे।

## कैंडलविक एकेडमी की जीत में फलक भुक्काल का शतक



जयपुर, 3 अप्रैल। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर -17 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैच में कैंडलविक एकेडमी ने के एल सैनी एकेडमी को 108 रनो से हराया। आर जे 14 ग्राउंड पर कैंडलविक एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फलक भुक्काल के 149 रन (107 गेंद, 22 चौके व 5 छक्के), हर्षित कुमावत के 24 रन व देवांग दंगायच के 81 रनो से 46.3 ओवर में 314 रन बनाए।

के एल सैनी एकेडमी के लिए रमन चौधरी ने 71 पर 3, रोहित जांगिड़ ने 38 पर 3, गौरांश, यश भाला व लक्ष्यराज ने एक - एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में के एल सैनी एकेडमी ने यशवर्धन प्रताप सिंह के 107 रन (99 गेंद, 12 चौके व 4 छक्के), रमन चौधरी के 47 रन, रुद्रांश सोनी के 14 रन से 37.1 ओवर में 206 रन बनाकर आउट हो गई। कैंडलविक एकेडमी के लिए हिमांक झालानी ने 46 पर 4, फलक भुक्काल ने 31 पर 2, आयन कुमावत ने 32 पर 2 शिवांग दंगायच ने एक - एक विकेट लिया।

## जय भारती, भदौरिया एकेडमी की जीत में बृजेश यादव, अनमोल शर्मा के अर्धशतक, तेजस जोशी का छक्का



जयपुर 3 अप्रैल। चंबल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित अंडर 16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग में दिन का पहला मुकाबला नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर जय भारती क्रिकेट अकादमी व रॉयल क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें जय भारती क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.3 ओवर में 212 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें बृजेश यादव ने 72 रन व योजित सैनी ने 43 रन और रियान ने 29 रनो की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल क्रिकेट अकादमी 27.5 ओवर में 143 रन पर ऑल आउट हो गई। जय भारती क्रिकेट अकादमी ने 69 रन से मुकाबला जीता।

दिन का एक अन्य मैच नारायणा क्रिकेट ग्राउंड पर भदोरिया क्रिकेट अकादमी व नारायणा क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें नारायणा क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.1 औवर में 173 रन पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोरिया क्रिकेट एकेडमी 23 ओवर में 176/4 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## अल्फा एकेडमी क्वार्टर फाईनल में

जयपुर, 3 अप्रैल 2026 यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये हुकुम सिंह क्रिकेट ग्राउण्ड पर खेले गये प्री क्वार्टर फाईनल में रामनिवास गोलाड़ा 92 रन व राजकुमार सैनी 80 रन की पारियों की मदद से अल्फा क्रिकेट एकेडमी ने केण्डलविक क्रिकेट एकेडमी को 125 रन से हराकर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में सव्य गजराज 29 रन व 27 रन पर 2 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन तथा राहुल चौधरी 53 रन के अद्धर्शतक की मदद से जी.आर. क्रिकेट एकेडमी ने सोनी क्रिकेट एकेडमी को 56 रन से हराकर क्वार्टर में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर अल्फा क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये रामनिवास गोलाडा 92 रन (42 गेंद, 8 चौके, 6 छक्के), राजकुमार सैनी 80 रन (57 गेंद 10 चौके 1 छक्का) की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 204 रन बनाये।

## आपसी समन्वय से आयोजन को सफल बनायेंगे : नीतू बारूपाल

### जेएस स्पोर्ट्स ने आईपीएल की तैयारियों का जायजा लिया



जयपुर, 3 अप्रैल। संयुक्त शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने शुक्रवार कि शाम सवाई मान सिंह स्टेडियम, जयपुर में आगामी दिनों में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए चल रही विभिन्न तैयारियों का जायज़ा लिया। इस दौरान उनके साथ पीडब्ल्यूडी एवं क्रीड़ा परिषद के साथ राजस्थान रॉयल्स के अधिकारी/प्रतिनिधि भी मौजूद थे। जयपुर में आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां फ़रवरी माह से ही शुरू हो गई हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की टीम स्टेडियम में सभी तरह के नवीनीकरण एवं अपग्रेडेशन के कार्यों को समय पर पूरा कर स्टेडियम को मैचों के आयोजन के लिए तैयार कर देगी। आईपीएल मैचों के आयोजन से पहले फ्लड लाइट्स, वीआईपी साउथ स्टेंड्स के साथ नॉर्थ और अन्य स्टेंड्स का सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कार्य पूरे किए जा रहे हैं। इस अवसर पर बारूपाल ने कहा कि सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय से इस आयोजन को सफल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल मैचों के दौरान दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सभी आपसी समन्वय से इस आयोजन को सफल बनायेंगे।

## यति क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 3 अप्रैल। अंडर-12 पिंकसिटी कप में यति क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 34 ओवर में 140 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कविश अग्रवाल ने 22 और यशवर्धन ने 21 रनों का योगदान दिया। एसआर पेस क्रिकेट अकादमी की ओर से ईशान सैनी ने 3, केशव और तनिष्क ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआर पेसक्रिकेट अकादमी 33 ओवर में 73 रन पर ऑल आउट हो गई।यति क्रिकेट अकादमी की ओर से योगेश कुमावत, आदित्य यादव, कविश अग्रवाल और मयंक ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच को कविश अग्रवाल को चुना गया।


**जल में 100 प्रतिशत घुलनशील उर्वरकों के लिए विक्रय और विपणन सूचना**

भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के द्वारा जारी आदेश संख्या एस.ओ. 2900 (ई) दिनांकित 24 अक्टुबर 2015 और इसके संशोधन दिनांकित 30 दिसम्बर 2017 के अनुसार। मैसर्स श्रीराम एगस्मार्ट लिमिटेड (डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की सहायक कम्पनी) जिसका पंजीकृत कार्यालय दूसरी मंजिल, (पश्चिमी विंग), वर्ल्ड मार्क-1, एयरोसिटी, नई दिल्ली - 110037, भारत में स्थित है, एतद द्वारा सूचित करती है कि यह नीचे निर्दिष्ट अनुसार जल में 100 प्रतिशत घुलनशील उर्वरक ग्रेडों के मिश्रण बेचना चाहती है।

| Sl No. | Grades | 'NPK 12-58-0 | 'NPK 6-0-49 | 'NPKSB 00: 14:14:11 | 'NPKS 15 -26-16-2 | 'NPK 13 -10-27 | 'NPK 13 -35-11 | 'NPKB: 08: 35:15:0.2 | 'NPKS13: 05:35 | 'NPK 11 -42-11 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Moisture per cent by weight, Maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 2 | Total Nitrogen per cent by weight, Minimum | 12.0 | 6.0 | 0 | 15 | 13 | 13 | 8 | 13 | 12 |
| 3 | Water Soluble Phosphates (as P2O5) per cent by weight, Minimum | 58.0 | 0.0 | 14 | 12 | 10 | 35 | 35 | 5 | 42 |
| 4 | Water Soluble Potash (as K2O) per cent by weight, Minimum | 0.0 | 49.0 | 14 | 16 | 27 | 11 | 15 | 35 | 13 |
| 5 | Water Soluble Sulphur as Sulphate per cent by weight, Minimum | | | 11 | 2 | | | | | |
| 6 | Boron (as B) per cent by weight, Minimum | | | | | | | 0.2 | | |
| 7 | Total Chloride per cent by Weight, Maximum | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 8 | Matter Insoluble in water per cent by weight, Maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 9 | Sodium (as NaCl) per cent by weight, Maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 10 | Lead (as Pb) per cent by weight, Maximum | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 |
| 11 | Cadmium (as Cd) per cent by weight, Maximum | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 |
| 12 | Arsenic (as As) per cent by weight, Maximum | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |

खुराक, प्रयोग के तरीके और लाभों के बारें मे अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दिए गए कार्यालय से सम्पर्क करें।
विपणन कार्यालय का पता और सम्पर्क विवरण: श्री राम एगस्मार्ट लिमिटेड, प्लॉट संख्या 82, इंस्टिट्यूशनल एरिया, सेक्टर 32, गुरुग्राम - 122003, हरियाणा (भारत), सीआईएन नम्बर U24232DL2022PLC401518,, उपभोक्ता सेवा नम्बर: 0120-4040188,
ईमेल: info@shriramagsmart.com वेबसाइट: www.dcmshriram.com

# उद्योगों को माल परिवहन व निर्यात के लिए जलमार्ग उपलब्ध करायेंगे- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जवाई-लूनी-रण ऑफ कच्छ राष्ट्रीय जलमार्ग-48 की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए

जयपुर, 3 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों को माल परिवहन एवं निर्यात के लिए जलमार्ग उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में उन्होंने जवाई-लूनी-रण

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण एवं आईआईटी मद्रास को प्रोजैक्ट के तकनीकी व वित्तीय आंकलन तथा जहाजों के अनुमानित ट्रैफिक की तुलनात्मक व अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राष्ट्रीय जलमार्ग-48 को लेकर अहम बैठक की।*

ऑफ कच्छ राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू)-48 को मूर्तरूप देने के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राष्ट्रीय जलमार्ग-48 को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) एवं आईआईटी मद्रास को इस प्रोजेक्ट के तकनीकी एवं वित्तीय पहलुओं का आकलन करने एवं जहाजों के अनुमानित ट्रैफिक की तुलनात्मक एवं अध्ययन रिपोर्ट भी तैयार करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में 27 अक्टूबर 2025 को एनडब्ल्यू-48 के संबंध में राज्य सरकार ने आईडब्ल्यूएआई के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया, जिसके सम्बंध में आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर के. मुरली ने इस परियोजना के संबंध में डीपीआर की तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यह राष्ट्रीय जलमार्ग अस्तित्व में आएगा तो इससे प्रदेश के साथ ही नज़दीकी राज्यों के उद्योगों और व्यापारियों को भी सुगम माल ढुलाई का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय जलमार्ग प्रदेश के समग्र विकास का मजबूत आधार बन सकता है। साथ ही, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और माल ढुलाई की लागत में कमी लाने में उपयोगी साबित हो सकता है। प्रदेश में एनडब्ल्यू-48 के अस्तित्व में आने से रण ऑफ कच्छ के रास्ते अरब सागर तक माल की निर्बाध आवाजाही संभव हो पाएगी। राजस्थान और गुजरात से होकर गुज़रने वाला यह राष्ट्रीय जलमार्ग पेट्रोकेमिकल्स, खनिजों, सीमेंट, केमिकल, औद्योगिक वस्तुओं सहित विभिन्न, निर्यात उत्पादों के परिवहन को सुगम बनाएगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील पालीवाल, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित, संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# रामगढ़ में जंगली हाथियों ने तीन को कुचल कर मारा

रामगढ़ , 03 अप्रैल। झारखंड के रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को जंगली हाथियों के झुंड ने भारी तबाही मचाते हुए तीन ग्रामीणों को कुचलकर मार डाला, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) नीतीश कुमार के अनुसार, हाथियों का झुंड सबसे पहले बंदा गांव स्थित एक ईंट भट्टे पर पहुंचा, जहां काम

- हाथियों के हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। वन विभाग ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी है साथ ही विभाग घायलों का इलाज भी करवा रहा है।

कर रहे मजदूरों पर हमला कर दिया। दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद हाथियों का झुंड मुरपा गांव की ओर बढ़ गया, जहां महुआ चुन रहे 74 वर्षीय श्यामदेव साहू को भी हाथियों ने कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, सूतरी धोड़धोड़िया बस्ती में महुआ चुन रही एक महिला पर भी हाथी ने हमला कर दिया।

# जोधपुर में मकान की छत पर चल रही एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी

## एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स ने 3 करोड़ रूपए के एमडी ड्रग्स कैमिकल जब्त किए

जोधपुर, 3 अप्रेल (कासं)। जोधपुर में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक मकान की छत पर चल रही एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी है। एजीटीएफ ने मौके से 3.055 किलोग्राम एमडी ड्रग्स और 55 किलो 725 ग्राम घातक रसायन बरामद किए हैं। जब्त की गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन करोड़ रुपए आंकी गई है, साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एजीटीएफ ने मंडली बालोतरा, हाल निवासी शंकर नगर, बनाड़ निवासी गणपतराम बेनीवाल को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एडीजी दिनेश एमएन के निर्देशन में की गई।

जानकारी के अनुसार, आरोपी ने 12 लाख का कर्ज चुकाने के लिए सांचौर के तस्कर आसुराम उर्फ लक्की और भानु के साथ सौदा किया था। इसके लिए उसने अपने ही घर बेनीवाल सदन, को ड्रग बनाने की लैब में तब्दील कर लिया था। जानकारी के अनुसार, मौके से बरामद खतरनाक रसायनों से 60 किलो एमडी ड्रग्स तैयार करने की योजना थी।

- आरोपी गणपत राय बेनीवाल ने सांचोर के दो तस्करों के साथ सौदा करके अपने घर को लैब में परिवर्तित कर लिया था। उसकी 60 किलो एमडी ड्रग्स बनाने की योजना थी।

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि राजस्थान एजीटीएफ को लगातर सूचना मिल रही थी कि जोधपुर शहर में माफियाओं द्वारा भारी मात्रा में ड्रग्स पैडलरों को एमडी ड्रग्स सप्लाई की जा रही है। इसी क्रम में एजीटीएफ के एएसआई राकेश जाखड़ को मिली गोपनीय सूचना पर एसपी ज्ञानचंद यादव और एएसपी नरोत्तम लाल वर्मा के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई। एजीटीएफ, एटीएस, डीएसटी और बनाड़ थाना पुलिस ने रात के अंधेरे में सुनसान इलाके में बने मकान की घेराबंदी की। जब टीम मकान की छत पर पहुंची तो वहां का नज़ारा देख हैरान रह गई। बिजली के बल्ब की रोशनी में गद्दे पर एमडी ड्रग्स सुखाई जा रही थी। वहां रसायनों के ड्रम व इलेक्ट्रॉनिक चूल्हे बिखरे पड़े थे। मौके से 3.055 किलोग्राम निर्मित एमडी ड्रग्स, डाइक्लोरोमीथेन, मैक्स फाइन केम, डी-आयोनाइज़्ड वॉटर और ज्योति हाईड्रोटेक जैसे घातक कैमिकल और इलेक्ट्रॉनिक चूल्हा, 9 बाल्टियां, स्टील के बर्तन और ड्रग्स सुखाने के उपकरण जब्त किए हैं।

इस ऑपरेशन में एएसआई राकेश जाखड़ और कांस्टेबल सुमेर सिंह की विशेष भूमिका रही। तकनीकी सहयोग एएसआई रमेश कुमार यादव ने दिया। वहीं बनाड थानाधिकारी लेखराज और डीएसटी प्रभारी खेत सिंह की टीम ने मौके पर प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया। मामले की तफ्तीश अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमृत लाल जीनगर को सौंपी गई है। पुलिस अब मुख्य सरगना आसुराम उर्फ लक्की और भानु की तलाश में दबिश दे रही है।

# बिहार में जहरीली शराब कांड में 5 की मौत, 15 गंभीर

## मोतिहारी में हुए इस हादसे में कई लोगों की आंखों की रौशनी चली गई है

मोतिहारी, 03 अप्रैल। बिहार के मोतिहारी में जहरीली शराब कांड ने भयावह रूप ले लिया है। अब तक इस घटना में पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। कई पीड़ितों की हालत चिंताजनक बनी हुई है और कुछ ने आंखों की रोशनी तक खो दी है।

इस मामले में बड़ा खुलासा यह है कि शुरुआत में पुलिस प्रशासन इस घटना को शराब कांड मानने से इनकार कर रहा था। हालांकि लगातार बढ़ ते मामलों और मौतों के बाद अब दबी जुबान में जहरीली शराब से मौत की बात स्वीकार की गई है। पहले जहां छह लोगों के बीमार होने की बात कही गई थी, वहीं अब आंकड़ा 15 के पार पहुंच चुका है।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी नागा राय को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा,

- मार्च महीने में छपरा जिले में भी जहरीली शराब से बड़ा हादसा हुआ था फिर भी प्रशासन नहीं चेता।

एक अन्य आरोपी जम्मू बैठा को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस का दावा है कि इस अवैध शराब नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है और पूरे गिरोह की पहचान की जा रही है।

इस कांड में लापरवाही सामने आने के बाद परसौना के चौकीदार भरत राय को निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं तुरकौलिया थाना के एसएचओ उमाकांत माझी को भी लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन पर सवाल उठने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरकौलिया और रघुनाथपुर थानों में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक प्रमोद यादव और हीरालाल भगत के परिजनों के आवेदन पर केस दर्ज किया गया। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है।

पुलिस का कहना है कि जहरीली शराब बनाने में इस्तेमाल कच्चे माल की खरीदारी के स्रोतों का भी पता लगाया जा रहा है। छापेमारी लगातार जारी है और कई संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है। पुलिस का दावा है कि इस अवैध कारोबार के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले मार्च महीने में छपरा के मशरक और पानापुर में भी जहरीली शराब से चार लोगों की मौत हुई थी। बावजूद इसके, अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई है।

# अमेरिका का एक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इनाम की घोषणा की गई है। यह विमान ईरान के मध्य हवाई क्षेत्र में गिराया गया, जिसे अमेरिका-इज़रायल पूरी तरह अपने नियंत्रण में बताते रहे हैं। युद्ध को और बढ़ाते हुए, ईरान ने क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की योजना की घोषणा की है। कुवैत, सऊदी अरब और बहरीन के महत्वपूर्ण सड़क पुलों को संभावित लक्ष्यों की सूची में शामिल किया गया है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है, क्योंकि बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान होना इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को पंगु बना सकता है। इससे तेल और गैस की आवाजाही प्रभावित होगी और निर्यात पर असर पड़ेगा। हालांकि, इसका सबसे बड़ा भार खाड़ी देशों की आम जनता को उठाना पड़ेगा। शत्रुता कम होने के बजाय, ऐसा लगता है कि ईरान, अमेरिका की अवहेलना करते हुए अपने हमलों को और तेज कर रहा है। ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी वार्ता से इनकार किया है और अमेरिकी जमीनी कार्रवाई की स्थिति में कड़े जवाब की चेतावनी दी है, जैसा कि डॉनल्ड ट्रंप बार-बार कहते रहे हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने एशिया के अन्य क्षेत्रों से 10,000 अतिरिक्त सैनिकों को मध्य पूर्व में तैनात किया है। इसके अलावा, शक्तिशाली नौसैनिक बेड़े को भी इस क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया गया है, जिससे रणनीतिक रूप से पुनःतैनाती की जा रही है। अमेरिकी सैनिक पूर्व एशिया से पश्चिम एशिया की ओर तेजी से स्थानांतरित हो रहे हैं।

# 'आम आदमी के मुद्दे उठाए तो आम आदमी पार्टी का क्या गया'

चंडीगढ़ , 03 अप्रैल। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा में उप नेता के पद से हटाए जाने से आहत सांसद राघव चड्ढा ने पार्टी हाईकमान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सवाल दागे हैं।

राघव चड्ढा ने आज सुबह एक वीडियो जारी किया। इसमें वह कहते नजर आ रहे हैं, खामोश करवाया गया हूं, हारा नहीं हूं। मुझे जब-जब बोलने का मौका मिलता है तो मैं आम आदमी के मुद्दे उठाता हूं। संसद में ऐसे मुद्दों पर बोलता हूं जिन्हें आमतौर पर सदन में उठाया नहीं जाता।

उन्होंने सवाल किया कि क्या जनता के मुद्दे उठाना, जनता के मुद्दों पर बात करना अपराध है। क्या मैंने कोई गुनाह

- आप नेता राघव चड्ढा ने राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए जाने पर चुप्पी तोड़ी और कहा मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना।

कर दिया, कोई गलती कर दी? उन्होंने कहा मैं जब बात करता हूं तो देश के आम आदमी की बात करता हूं। संसद में एयरपोर्ट पर मिल रहे महंगे खाने की बात रखी, टोल व बैंक लूट का मुद्दा उठाया।

# मालदा कांड का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एडीजी नॉर्थ बंगाल के जयरामन ने कहा कि हम निश्चित रूप से इसकी जांच करेंगे कि यह पहले से प्लान किया गया था या नहीं। इस घटना के बाद हमने न्यायिक अधिकारियों को सीएपीएफ सुरक्षा दी है।

इस घटना के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे 12 को ब्लॉक किया, पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और सुरक्षा बलों के साथ झड़प की। हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता मोफक्करुल इस्लाम का जुड़ाव एआईएमआईएम से बताया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने मालदा हिंसा को इसे एक सोची-समझी साजिश बताया और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया।

# ट्रंप ईरान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के बाद होर्मुज़ स्ट्रेट को बारूदी सुरंगों से मुक्त कराने में उनकी नौसैनिक क्षमताओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है। इस सप्ताह की शुरुआत में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी ऐसे संकेत दिए थे।

अमेरिकी सहयोगी देशों में इस बात पर सहमति है कि इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को बलपूर्वक खोलना व्यावहारिक विकल्प नहीं है, क्योंकि उनका मानना है कि यह संकट ईरान के साथ समझौते के बिना हल नहीं हो सकता। गुरुवार की बैठक में जापान ने फारस की खाड़ी में फंसे सभी जहाजों और उनके चालक दल के लिए सुरक्षित समुद्री मार्ग उपलब्ध कराने हेतु सहयोग का आ ान किया। जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने, एक आधिकारिक बयान के अनुसार, स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक देश द्वारा अधिकतम प्रयास करने के महत्व पर जोर दिया।

बैठक में यह चिंता भी व्यक्त की गई कि ईरान होर्मुज़ में टोल व्यवस्था लागू करने की कोशिश कर रहा है। वाणिज्यिक जहाजों पर ईरान के हमलों ने जलमार्गों में लगभग पूरी आवाजाही रोक दी है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण मार्ग बंद हो गया है और पेट्रोलियम की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं।

# भारत आ रहा ईरानी तेल टैंकर गुजरात के पास आकर चीन की तरफ मुड़ गया

## बताया जा रहा है कि तेल के पेमेंट को लेकर कुछ समस्या आ गई है

नई दिल्ली, 03 अप्रैल। भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था।

शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन गुजरात के पास पहुंचने से ठीक पहले उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा

- पिंग शुन नामक यह टैंकर अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है।

रहा है। बाजार सूत्रों के हवाले से उन्होंने कहा कि जहाज के रास्ता बदलने का मुख्य कारण ईरानी कच्चे तेल की खरीद में पेमेंट शर्तों में बदलाव है। पहले विक्रेता 30 से 60 दिनों की क्रेडिट अवधि देते थे, लेकिन अब वे एडवांस पेमेंट की मांग कर रहे हैं। पेमेंट मिलने के बाद ही तेल की खेप रवाना करने की बात हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि ईरानी तेल के व्यापार में बीच रास्ते में गंतव्य बदलना पूरी तरह नया नहीं है, लेकिन यह घटना इस बात को रेखांकित करती है कि अंतरराष्ट्रीय तेल व्यापार में वित्तीय शर्तें और काउंटरपार्टी रिस्क बेहद संवेदनशील हो गए हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कार्गो को किस भारतीय रिफाइनरी ने खरीदा था। गुजरात के वाडिनार बंदरगाह के जरिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन नायरा एनर्जी और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी कई बड़ी रिफाइनरियां कच्चा तेल आयात करती हैं।

# कुख्यात माओवादी प्रशांत बोस की जेल में मौत

रांची, 03 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की साजिश रचने और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं की हत्या में अहम भूमिका निभाने वाले भाकपा (माओवादी) का शीर्ष सदस्य एवं 1 करोड़ के इनामी रहे प्रशांत बोस की लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारागार में मौत हो गई। जेल महानिरीक्षक (आईजी) सुदर्शन मंडल ने प्रशांत बोस उर्फ किशन दा के मौत की पुष्टि की है। प्रशांत बोस की भूमिका पुणे के भीमा कोरेगांव हिंसा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की साजिश रचने में थी। एनआईए की चार्जशीट में भी बोस का नाम सामने आया था। वहीं, छतीसगढ़ में साल 2013 में बस्तर संभाग के झीरम घाटी में सलवा जुड़ूम के खिलाफ विद्याचरण शुक्ल, नंदकिशोर पटेल, दिनेश पटेल, महेन्द्र करमा सहित, 30 कांग्रेस नेताओं की हत्या की वारदात को अंजाम देने की मंजूरी प्रशांत बोस ने ही दी थी।

# अमेरिका ने अपने आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को हटाया

## अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हैगसेथ ने इस बारे में जानकारी दी

वाशिंगटन, 03 अप्रैल। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने ईरान से छिड़े युद्ध के बीच देश के सेना प्रमुख (आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ) जनरल रैंडी जॉर्ज से पद छोड़ने और तुरंत रिटायरमेंट लेने को कहा है। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने कहा, " जॉर्ज आर्मी के 41वें चीफ ऑफ स्टाफ के पद से तुरंत प्रभाव से रिटायर हो रहे हैं। युद्ध विभाग जनरल जॉर्ज की दशकों की सेवा के लिए उनका आभारी है। हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।"

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सेना प्रमुख के साथ आर्मी के दो अन्य अधिकारियों, जनरल डेविड होडने और मेजर जनरल विलियम ग्रीन को भी उनके पदों से हटा दिया गया है। होडने आर्मी के ट्रांसफॉर्मेशन और ट्रेनिंग

- सीबीएस न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार इसी के साथ जनरल डेविड होडने और मेजर जनरल विलियम्स को भी हटा दिया गया।

कमांड का नेतृत्व कर रहे थे। ग्रीन, आर्मी के चैपलेन कोर के प्रमुख थे। आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जॉर्ज ने इससे पहले 2021 से 2022 तक (बाइडेन प्रशासन के दौरान) रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के वरिष्ठ सैन्य सहायक के रूप में कार्य किया था। पेशेवर इन्फ़ेंट्री अधिकारी और वेस्ट पॉइंट से स्नातक जॉर्ज ने सबसे पहले पहले खाड़ी युद्ध में और उसके बाद हाल ही में हुए इराक और अफगानिस्तान के संघर्ष में सेवा दी।

हेगसेथ ने और भी कई अधिकारियों को हटाया है। इनमें जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल सीक्यू ब्राउन, नेवल ऑपरेशंस के चीफ एडमिरल लिसा फ्रांचेटी, एयर फ़ोर्स के वाइस चीफ ऑफ स्टाफ़ जनरल जेम्स स्लाइफ और डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेफ़री क्रूस शामिल हैं।

आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ का कार्यकाल आमतौर पर चार साल का होता है। जॉर्ज को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस पद के लिए नामित किया था और 2023 में सीनेट ने उनकी नियुक्ति की पुष्टि की थी। इसका मतलब है कि सामान्य परिस्थितियों में वे 2027 तक इस पद पर बने रहते।

# 'संसद का तीन दिन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जनगणना के आंकड़े 2027 तक उपलब्ध हो सकते हैं।

रमेश ने कहा कि रिजिजू ने अपने पत्रों में केवल महिलाओं के आरक्षण का मुद्दा उठाया, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, विशेष सत्र में देशभर में संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन पर भी चर्चा हो सकती है।

उन्होंने कहा कि हालांकि सरकार की ओर से परिसीमन का कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं है, लेकिन पार्टी ने अनौपचारिक रूप से यह सुना है कि संविधान के अनुच्छेद 81 और 82 में संशोधन का प्रस्ताव है। कहा जा रहा है कि सरकार संसदीय और विधानसभा सीटों को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव रख सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि दक्षिणी राज्य, जैसे तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और उत्तर-पश्चिमी राज्य पंजाब को सीटों की संख्या के मामले में गंभीर नुकसान होगा।

जयराम रमेश ने कहा कि हालांकि सरकार का प्रस्ताव 50 प्रतिशत सीट बढ़ाने का है पर वास्तव में सीटों में काफी वृद्धि होगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यूपी में संसदीय सीटें 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी, जबकि केरल में सीटे 20 से बढ़कर 30 हो जाएगी। पहले 60 सीटों का अंतर था, अब 90 हो जाएगा। उन्होंने कहा, "अगर परिसीमन भी प्रस्तावित है, तो जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए और इसे बलपूर्वक नहीं करना चाहिए।"

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी के सांसदों और फिर विपक्षी दलों के साथ बैठक करेंगे, ताकि संयुक्त रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया, पूरा विपक्ष एकजुट है और भाजपा का 'फूट डालो और राज करो' का प्रयास सफल नहीं होगा।

रमेश ने दोहराया कि विशेष सत्र का एकमात्र उद्देश्य पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित कर लाभ उठाना है। उन्होंने कहा, "यह एक चुनावी सत्र है।"

# सुप्रीम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में करीब 7.7 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं साल 2021 की भर्ती प्रक्रिया के कई अभ्यर्थियों ने वर्तमान परीक्षा के लिए आवेदन ही नहीं किया है। ऐसे में इन्हें अनुमति देने से पूरी प्रक्रिया बाधित हो जाएगी।

वहीं हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता रहे 713 अभ्यर्थियों को पहले की परीक्षा में शामिल कर उनके प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। यह परीक्षा 41 शहरों के 1173 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है।

ऐसे में इतने बड़े स्तर अंतिम समय में इतने अतिरिक्त अभ्यर्थियों को समायोजित करना गंभीर चुनौती पैदा करेगा।

गौरतलब है कि एक दिन पहले हाईकोर्ट ने ओवरएज हो चुके याचिकाकर्ता और उस जैसे अन्य अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा में शामिल होने के आदेश देते हुए परीक्षा स्थगित करने से इनकार कर दिया था।

# प.बंगाल में भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर्यटकों का स्वागत करता है। हमारे व्यंजनों को मिस न करें।"

राजनीतिक विश्लेषक मैदुल इस्लाम ने कहा कि टीएमसी पश्चिम बंगाल को "मूल रूप से एक बंगाली परियोजना" के रूप में देखती है।

उन्होंने कहा, "उस बंगाली परियोजना में, मछली खाना एक महत्वपूर्ण तत्व है। जब अन्य जगहों पर मछली बाजारों पर हमला होता है, या हिंदी भाषी नेता मछली पर नाक-भौं सिकोड़ते हैं, तो यह चुनावी मुद्दा बन जाता है। टीएमसी कह रही है कि वह बंगालियों की ऑर्गेनिक पार्टी है और इसलिए बंगाली भोजन की आदतों से ऑर्गेनिक रूप से जुड़ी है।"

यह तर्क इसलिए प्रभावकारी हुआ, क्योंकि पश्चिम बंगाल का मछली के साथ रिश्ता केवल भोजन तक सीमित नहीं है। पश्चिम बंगाल में, मछली जीवन के हर महत्वपूर्ण क्षण का हिस्सा है, नवजात के चावल खाने की सबसे पहली रस्म से लेकर शादी से पहले वर के घर भेजे जाने वाले उपहार, और 'श्राद्ध' के बाद शोक समाप्त करने के भोजन, जैसी रस्मों में मछली एक अनिवार्य तत्व है।

वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सालाना 8.36 लाख टन मछली खाई जाती है, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुना अधिक है, जबकि मछली और मीट मिलकर राज्य में घरेलू खाद्य खर्च का लगभग पांचवां हिस्सा बनाते हैं।

भाजपा का कहना है कि टीएमसी जानबूझकर डर पैदा कर रही है। उसके नेता बताते हैं कि पश्चिम बंगाल में मछली या मीट पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव ही नहीं है और चुनाव को मेनू कार्ड तक सीमित करने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी की आलोचना कर रहे हैं।

फिर भी, महत्वपूर्ण बात यह है कि भाजपा अब सार्वजनिक रूप से यह साबित करने के लिए मजबूर हो गई है कि वह मछली-विरोधी नहीं है।

# तारागिरी युद्धपोत नौसेना में शामिल

नई दिल्ली, 03 अप्रैल। भारतीय नौसेना में शुक्रवार को एक नवीनतम स्टील्थ युद्धपोत, 'तारागिरि' शामिल किया गया है। इस युद्धपोत को विशाखापत्तनम में 3 अप्रैल की दोपहर नौसेना में कमीशन किया गया। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद थे। 'तारागिरि' नामक यह युद्धपोत सुपरसोनिक मिसाइलों से लैस है।

ये मिसाइल सतह से सतह पर मार कर सकती हैं। इसमें मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और एक विशेष पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली भी है। अत्याधुनिक युद्ध प्रबंधन प्रणाली व घातक हथियारों से लैस यह युद्धपोत दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'तारागिरि' को एक स्टेट ऑफ द आर्ट वॉरशिप करार दिया। उन्होंने कहा कि तारागिरी की कमीशनिंग, भारत की बढ़ ती हुई सामुद्रिक शक्ति का प्रतीक है।

# 'नेशनल और स्टेट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्दी करे, इसके लिए जल्द से जल्द नोटिस जारी किए जाएं। हालांकि प्रभावितों को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा।

सुनवाई के दौरान, जेडीए की ओर से अधिवक्ता अमित कुड़ी ने सिरसी रोड पर खातीपुरा तिराहे से झाड़खंड मोड़ तक अतिक्रमण हटाने को लेकर 6 सप्ताह का समय मांगा है। इस पर अदालत ने जेडीए को समय देते हुए सिरसी रोड के अतिरिक्त, जयपुर शहर को जोड़ने वाले मुख्य मार्गो व हाईवे से भी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

इस मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने खातीपुरा मोड़ से लेकर झाड़खंड मोड़ तक यथास्थिति बनाए रखने के आदेश गत 5 मार्च को दिए थे, क्योंकि उस समय जेडीए प्रशासन ने मौका स्थिति की रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा था। कोर्ट के समक्ष शपथ पत्र पेश करते हुए जेडीए की ओर से कहा गया है कि सिरसी रोड पर सी ज़ोन बायपास से पांच्यावाला तक 160 फीट रोड है, लेकिन करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी में 95 से ज्यादा दुकान-मकान सड़क सीमा में है। इसके साथ ही, मीनावाला से सिरसी मोड़ तक भी 96 मकान, दुकान और अन्य स्ट्रक्चर सड़क सीमा में बनाए हुए हैं। यह तथ्य जेडीए पी.आर.एन. ज़ोन और जोन-7 के द्वारा करवाए गए पी.टी. सर्वे में सामने आया है। इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए प्रवर्तन शाखा नोटिस जारी करेगी।

# माल्दा में जजों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए, बुधवार की घटना की जाँच का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनआईए की टीम शुक्रवार को मालदा पहुँचेगी और जाँच शुरु करेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908